



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026


## गीदम, कुनकुरी, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर, कबीरधाम कालेज में 50-50 सीटों को एनएमसी की मंजूरी

# छग में अब 15 सरकारी मेडिकल कालेज, यहां 2600 विद्यार्थियों को मिलेगा एमबीबीएस करने का मौका

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस बार 15 शासकीय मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की 2600 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश का मौका मिलेगा। एनएमसी ने गीदम, कुनकुरी, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर, कबीरधाम के शासकीय मेडिकल कालेज की 50-50 सीटों को मंजूर दे दी है। इन नए कालेजों को प्रारंभ करना राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना थी। नए कालेजों में पढ़ाई की शुरुआत से ज्यादा लोगों को डाक्टर बनने का मौका मिलेगा। एनएमसी ने पहले पुराने दस शासकीय कालेजों की सीटों का रिनीवल किया था। इसके बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की 20 नई सीटों को स्वीकृति देकर कुल संख्या 250 की गई है। इसके बाद रविवार को पांच नए मेडिकल कालेज गीदम (दंतेवाड़ा), कुनकुरी (जशपुर), मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी, जांजगीर-चांपा और कबीरधाम मेडिकल कालेज में 50-50 यानी कुल 250 सीटों को (एलओपी) अनुमति दी गई। इन कालेज को हरी झंडी मिलने के बाद प्रदेश में कुल 2600 सीटों की क्षमता वाले 15 शासकीय मेडिकल कालेज हो गए हैं। शुरुआती दौर में इन कालेजों ▶▶|शेष पेज 7 पर



### चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास का ऐतिहासिक पड़ावः साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास का ऐतिहासिक पड़ाव बताया है। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में स्वास्थ्य और शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य ऐसा सुदृढ़, समावेशी और आधुनिक स्वास्थ्य तंत्र विकसित करना है, जहां प्रदेश का कोई भी युवा डॉक्टर बनने के अपने सपने से वंचित न रहे और किसी भी नागरिक को बेहतर उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी नक्सल हिंसा से प्रभावित रहे गीदम (दंतेवाड़ा) से लेकर उत्तर ▶▶| शेष पेज 7 पर



### कुल कालेज और सीट शासकीय

| | | | |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 250 | महासमुंद | 125 |
| बिलासपुर | 150 | दुर्ग | 200 |
| नांदगांव | 125 | गीदम | 50 |
| जगदलपुर | 125 | कुनकरी | 50 |
| अंबिकापुर | 125 | मनेन्द्रगढ़ | 50 |
| रायगढ़ | 100 | जांजगीर | 50 |
| कांकेर | 125 | कबीरधाम | 50 |
| कोरबा | 125 | | |

### प्राइवेट मेडिकल कालेज (वर्तमान स्थिति)

| | |
|---|---|
| श्री बालाजी | 250 |
| श्री शंकराचार्य | 250 |
| श्री रावतपुरा | 100 |
| रिम्स | 150 |
| स्व. अभिषेक मिश्रा स्मृति | 150 |

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए 7754 श्रद्धालु रवाना



**जम्मू।** कश्मीर घाटी में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को 7,700 से अधिक श्रद्धालुओं का 12वां जत्था जम्मू में दो आधार शिविरों से रवाना हुआ। अब तक, 2,52,000 से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में भगवान शिव के 'हिमलिंगम' के दर्शन कर चुके हैं।

### शोभायात्रा में ट्रक घुसा तीन महिलाओं की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में वारकरी समुदाय की 'वारी' शोभायात्रा के साथ चल रहे एक ट्रक ने वारकरियों (भगवान विट्ठल के भक्तों) को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। लोहा से रंगनाथ महाराज की 'डिंडी के एक ट्रक ने जेजुरी की ओर बेल्सर टोल नाके से 500 मीटर दूर सांगली जिले के कसबेदिगराज की 'डिंडी' के वारकरियों के एक समूह को टक्कर मार दी।

### तमिल गीतकार वैरामुथु को ज्ञानपीठ पुरस्कार



**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित तमिल गीतकार और वरिष्ठ लेखक आर. वैरामुथु को सोमवार को यहां 60वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाज़ा गया। वैरामुथु को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने कार्यक्रम में 2025 के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। वह यह पुरस्कार पाने वाले तीसरे तमिल लेखक और पहले तमिल कवि बन गए हैं। संयोग से आज उनका 73वाँ जन्मदिन है।

### ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, दो बच्चों समेत तीन की मौत

**कानपुर।** कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र में रूमा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के खड़े ट्रक से टकराने से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार हरियाणा के सिरसा से बिहार जा रहा था। हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। स्कॉर्पियो चालक दूसरे वाहन से आगे निकलने की कोशिश में नियंत्रण खो बैठा और वाहन खड़े ट्रक से जा टकराया।

### अभिनेता सैम नील का 78 वर्ष की उम्र में निधन



**वेलिंगटन।** 'जुरासिक पार्क' में डायनॉसोर से बचने की कोशिश करते नजर आए और 'द पियानो' में हॉली हंटर के पति की भूमिका निभाने वाले बहुमुखी अभिनेता सैम नील का 78 वर्ष की उम्र निधन हो गया है। नील का निधन सोमवार को सिडनी में हुआ। नील ने 2023 में बताया था कि उन्हें एंजियोइम्यूनोब्लास्टिक टी-सेल लिम्फोमा की समस्या हो गई है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- यह मामला छत्तीसगढ़ से संबंधित नहीं

# छग विस में राम-राम, चढ़ावा चोरी पर स्थगन का नोटिस रद्द, जमकर हंगामा

**छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन सदन में कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर में दान की राशि और मूल्यवान सामाग्री की चोरी की घटना को लेकर स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से चर्चा की मांग की। इसे लेकर सदन में हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर में दान की राशि और मूल्यवान सामग्री की चोरी और लूट की घटना को लेकर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। चरणदास महंत ने दावा किया कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा, लोगों ने राममंदिर के लिए अपनी मेहनत की कमाई दान की थी, लेकिन उनकी आस्था और भरोसे के साथ धोखा हुआ है। स्थगन प्रस्ताव पर बीजेपी के सीनियर विधायक अजय चंद्राकर ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, हालांकि यह आस्था का मामला है, लेकिन यह ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में चर्चा की जाए। कांग्रेस सदस्यों ने जवाब दिया कि छत्तीसगढ़ के लोगों ने भी राम मंदिर के निर्माण ▶▶|शेष पेज 7 पर

### भूपेश बघेल ने लगाया आरोप




पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के लिए दिए गए चढ़ावे की लूट हुई है। उन्होंने कहा, जब शिलापूजन के लिए राज्य से पैसा गया, छत्तीसगढ़ के लोगों ने वहां जाकर चंदा दिया, जिसकी डकैती डल गई। उस पर चर्चा पर आपत्ति क्यों? हमारे पैसे की डकैती हुई है, तो इस पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती। अयोध्या में निर्माण कार्य में 40 फ्रीसदी तक कमीशन लिया गया। अजय चंद्राकर ने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मामला छत्तीसगढ़ का नहीं है

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा, उन्हें कांग्रेस सदस्यों से इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस मिले थे, लेकिन उन्होंने इसे खारिज कर दिया, क्योंकि यह मामला छत्तीसगढ़ से संबंधित नहीं है। अध्यक्ष के फैसले के बाद कांग्रेस विधायक चर्चा की मांग पर अड़े रहे, जिससे अध्यक्ष को कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।



### धरमलाल और राघवेंद्र उकृष्ठ विधायक, कल होगा सम्मान



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वर्ष 2025 के लिए उत्कृष्ठ विधायक सत्ता पक्ष से धरमलाल कौशिक और विपक्ष से राघवेंद्र कुमार सिंह को घोषित किया है। वहीं उत्कृष्ठ संसदीय पत्रकार के रूप में संतराम साहू और इलेक्ट्रानिक मीडिया से सौरभ सिंह परिहार तथा डॉ. राजेश राज के नाम की घोषणा की है। डॉ. रमन बताया कि नए विधानसभा में नए प्रेक्षागृह का लोकार्पण और उत्कृष्ठता अलंकरण कार्यक्रम का आयोजन 15 जुलाई को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका होंगे।

*महंत ने कहा- करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा*

### सदन की कार्यवाही स्थगित

जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तब विपक्ष ने फिर से यह मुद्दा उठाया और राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का आरोप लगाने वाले पोस्टर दिखाए। अजय चंद्राकर ने कहा, अध्यक्ष अपना फैसला सुना चुके हैं और बार-बार यह मुद्दा उठाना उनका अपमान है। लगातार हंगामे के बीच अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

## केंद्र, यूपी सरकार और ट्रस्ट को नोटिस, एसआईटी से मांगी स्टेटस रिपोर्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इसमें अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के लिए मिले दान में कथित गड़बड़ी की स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाओं पर जवाब मांगा है। शीर्ष कोर्ट ने एसआईटी से जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगा है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित रखने के लिए भी कहा है। सुप्रीम कोर्ट में अब मामले की सुनवाई अगले सोमवार को होगी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी नोटिस जारी किया।

### ट्रस्ट के सीईओ के लिए आवेदन आमंत्रित

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में राम मंदिर के पहले सीईओ के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए, अंतिम तिथि 18 जुलाई है। योग्य उम्मीदवार श्री राम जन्मभूमि मंदिर के सीईओ पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री, 50 से 70 वर्ष की आयु तथा किसी बड़े सार्वजनिक संगठन, संस्थान, सरकारी विभाग या कंपनी में कम से कम 20 वर्ष के प्रबंधकीय अनुभव को अनिवार्य योग्यता निर्धारित किया है।

## हाथ-पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसा

# बाल संप्रेक्षण गृह में चौकीदार की हत्या कर भागे 4 नाबालिग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शहर के नूतन चौक स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में रखे गए 4 नाबालिगों ने बीती रात चौकीदार से मारपीट की, फिर उसके हाथपैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, दम घुटने से चौकीदार की मौत हो गई। वारदात के बाद चारों अपचारी बालक फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस के अलावा कलेक्टर, एसएसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शाम तक आरोपी पकड़े नहीं गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में नरेंद्र कुमार खाण्डे 42 वर्ष, पिता फेंकूलाल खाण्डे, सहायक सह रात्रि चौकीदार के रूप में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी कर रहा था। रविवार की रात 11 बजे संप्रेक्षण गृह में बंदी के तौर पर रखे गए 4 नाबालिगों ने पहले टायलेट जाने का बहाना बनाया, नरेंद्र ने जैसे ही दरवाजे का ताला खोला, चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मृतक के परिजनों ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पुलिस कर रही मामले की जांच



### आरोपी घटना के बाद से हुए फरार

वारदात को 4 नाबालिग बंदियों द्वारा अंजाम दिया गया है। आरोपियों में 3 रायगढ़ और 1 कोरबा जिले का रहने वाला है। ये सभी गंभीर अपराधों में बाल संप्रेक्षण गृह में बंद थे, वारदात को अंजाम देने के बाद चारों बालक बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है।

### मामले की जांच की जा रही

पुलिस मामले की जांच कर रही है, आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे की भी बारिकी से जांच की जा रही है। अब तक आरोपी पकड़े नहीं गए हैं। -निमितेश सिंह, सीएसपी

## तस्करों से 440 से ज्यादा लुप्तप्राय जीव जब्त






### *वन्य जीव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 33 गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खुफिया जानकारी के आधार पर गैर-कानूनी वन्यजीव तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियानों के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय ने देशभर में समन्वित अभियानों के दौरान 440 लुप्तप्राय/ संरक्षित वन्यजीवों और लगभग 15 किलोग्राम हाथी दांत की वस्तुओं और हाथीदांत को जब्त किया है। वन्यजीव तस्करी में शामिल 33 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## दो साल के विकास और प्रगति पर होगी चर्चा

# हरिभूमि-आईएनएच का संवाद कार्यक्रम 19 को



डॉ. हिमांशु द्विवेदी | डॉ. रमन सिंह | संतोष पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

प्रदेश की भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर हरिभूमि-आईएनएच जिला स्तर पर जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस आयोजन में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी द्वारा विगत दो वर्ष के दौरान राजनांदगांव जिले में किए गए विकास कार्यों एवं आने वाले समय में प्रगति की संभावनाओं के साथ ही जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। खास बात यह है कि कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे सहित जिले के सभी विधायकों और भाजपा और कांग्रेस से जुडे नेताओं के साथ साथ प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रहेगी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

## खाद्य वस्तुओं के दाम अधिक होने से खुदरा महंगाई बढ़कर अब हो गई 4.38 फीसदी

# फिर फूटा महंगाई बम, जून में लगा तगड़ा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से देश में खुदरा मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जो भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। मई में यह 3.93 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 5.32 प्रतिशत हो गई, जबकि मई में यह 4.78 प्रतिशत थी। नए आधार वर्ष 2024 वाली श्रृंखला के तहत खुदरा मुद्रास्फीति पहली बार चार प्रतिशत के स्तर के पार गई है।




### कच्चे तेल से और बढ़ सकती है टेंशन

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आगे का रास्ता भी आसान नहीं है। 'अल नीनो' के चलते अगर इस साल मानसून कमजोर रहता है, तो फसलों की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। भारत में खेती काफी हद तक दक्षिण-पश्चिम मानसून पर निर्भर है, दूसरी तरफ, दुनिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव की वजह से कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं।

### पेट्रोल-डीजल ने बिगाड़ा खेल

सिर्फ खाना ही नहीं, बल्कि अब सफर करना और सामान की दुलाई भी महंगी हो गई है। जून में ट्रांसपोर्ट महंगाई दर 4.31 फीसदी हो गई। इसकी बड़ी वजह यह रही कि सरकारी तेल कंपनियों ने मई के दौरान पेट्रोल-डीजल की कीमतों में चार बार बढ़ोतरी की थी। इसका सीधा असर माल दुलाई (गुड्स ट्रांसपोर्ट सर्विस) पर पड़ा है, जिसकी महंगाई दर उछलकर 7.70 फीसदी पर पहुंच गई है।

### खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा बजट

महंगाई के इस आंकड़े में सबसे ज्यादा असर खाने-पीने के सामान पर दिखा है। जून में खाद्य महंगाई दर 5.32 फीसदी पर पहुंच गई, जो मई में 4.78 फीसदी थी। अगर इसे और बारीकी से देखें, तो ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई 5.45 फीसदी और शहरों में 5.09 फीसदी रही। हालांकि, कुछ सब्जियों ने थोड़ी राहत जरूर दी है। आलू की कीमतों में जून में 20.34 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई (मई में यह 23.71 फीसदी गिरी थी)। वहीं, टमाटर जो पिछले साल मई में 48 फीसदी से ज्यादा महंगा हो गया था।

# नागरिकता का फैसला 'निष्पक्ष प्रक्रिया' से ही, सुप्रीम कोर्ट ने खींची लकीर


## असम में विदेशी घोषित 27 लोगों को राहत, गुवाहाटी हाईकोर्ट का आदेश रद्द

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के 27 लोगों को विदेशी घोषित करने से जुड़े मामलों में गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले रद्द कर दिए। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति की नागरिकता या विदेशी होने का फैसला निष्पक्ष, कानूनी और उचित प्रक्रिया के तहत ही होना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि नागरिकता और विदेशी होने का सवाल संविधान और कानून से जुड़ा बेहद महत्वपूर्ण विषय है।

सभी मामले दोबारा सुनवाई के लिए फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल को भेज दिए गए है। इन लोगों को फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने विदेशी घोषित किया था। उन्होंने इस फैसले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में चुनौती दी, लेकिन हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद सभी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

- इस मामले में की जाएगी नए सिरे से सुनवाई ट्रिब्यूनल करेगा अंतिम फैसला
- यह भी कहा- लागू रहेगी विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9



### हाईकोर्ट में 23 साल बाद चुनौती

27 लोगों को फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने विदेशी घोषित किया था। उन्होंने इस फैसले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में चुनौती दी, लेकिन हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने कहा था कि ट्रिब्यूनल का फैसला करीब 23 साल बाद चुनौती दी गई। नोटिस मिलने के बावजूद कोई भी याचिकाकर्ता ट्रिब्यूनल के सामने पेश नहीं हुआ और न ही अपनी नागरिकता के समर्थन में कोई दस्तावेज या सबूत दिया। ऐसे में ट्रिब्यूनल के पास उन्हें विदेशी घोषित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

### क्या है विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9?

अगर किसी व्यक्ति पर सवाल उठता है कि वह भारतीय नागरिक है या विदेशी, तो अपनी नागरिकता साबित करने की जिम्मेदारी उसी व्यक्ति की होती है। सरकार को यह साबित नहीं करना पड़ता कि वह विदेशी है। आमतौर पर किसी मामले में आरोप लगाने वाले पक्ष को आरोप साबित करना होता है। लेकिन विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9 में नियम अलग है। अगर किसी व्यक्ति को विदेशी होने के संदेह में फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के सामने पेश किया जाता है, तो उसे खुद दस्तावेज और सबूत देकर साबित करना होता है कि वह भारतीय नागरिक है।

### यह भी साफ किया सुको ने

कोर्ट ने यह नहीं तय किया है कि अपीलकर्ता भारतीय नागरिक हैं या नहीं। उनके दावों, डॉक्यूमेंट्स और सबूतों की सत्यता या पर्याप्तता पर भी कोर्ट ने कोई टिप्पणी नहीं की है। इन सभी की जांच अब फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल करेगा। उसी के आधार पर फैसला सुनाया जाएगा। केस को दोबारा ट्रिब्यूनल भेजने का मतलब यह नहीं है कि अपीलकर्ताओं को नागरिकता मिल गई है। इसका मकसद सिर्फ यह निश्चित करना है कि किसी को विदेशी घोषित करने जैसा गंभीर फैसला पूरी तरह निष्पक्ष और कानूनी प्रक्रिया के बाद ही लिया जाए। फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल सभी मामलों की नए सिरे से सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान वह अपने पहले के आदेश या गुवाहाटी हाईकोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र रूप से फैसला देगा। विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा-9 लागू रहेगी। यानी अपनी भारतीय नागरिकता साबित करने की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की ही होगी।


### पासपोर्ट विवाद के बाद बढ़ी बहस

देखा जाए तो हाल ही में पासपोर्ट और नागरिकता से जुड़े विवादों को लेकर जिस तरह से तमाम बहसों की शुरुआत हुई थी, उनका हल भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बरास्ते मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी भविष्य में फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल और प्रशासनिक एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती है। ऐसे में उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि इससे नागरिक अधिकारों की न्यायिक सुरक्षा और मजबूत होगी। साथ ही शीर्ष अदालत के इस फैसले से भविष्य के नागरिकता विवादों में न्यायिक मानकों को और अधिक मजबूत बनाने की ठोस दिशा मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### पटना कोचिंग विवाद खान सर को जमानत

**पटना।** पटना की एक सिविल कोर्ट ने सोमवार को फैसल खान उर्फ खान सर और उनके दो बॉडीगार्ड्स को अग्रिम जमानत दे दी है। बता दें कि यह मामला शहर के मुसल्लहपुर इलाके में कोचिंग संस्थानों के बीच हुई झड़प से जुड़ा है। इससे पहले, जज की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई 10 जुलाई से 13 जुलाई तक के लिए टाल दी गई थी। यह मामला 2 जून को पटना में 'खान ग्लोबल स्टडीज' (केजीएस) पर हुए हमले से जुड़ा है, जब 15-20 लोगों के एक समूह ने संस्थान में तोड़-फोड़ की थी और खान सर द्वारा चलाए जा रहे संस्थान पर पत्थर फेंके थे। फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार जब्त करके फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिए गए हैं।




### एलईडी ब्लास्ट में एक जवान की मौत, 4 घायल

**नई दिल्ली।** नागालैंड के सुखोवी के पास सोमवार को असम राइफल्स के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए संदिग्ध आईईडी विस्फोट में असम राइफल्स के एक जवान की मौत हो गई है और चार अन्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। मौके पर सुरक्षाबलों की और टुकड़ियों को भेजा गया है। यह घटना पूर्वोत्तर में एक हफ्ते से भी कम समय में असम राइफल्स के जवानों पर हुआ दूसरा हमला है। 6 जुलाई को मणिपुर के उखरुल जिले में संदिग्ध आतंकियों की ओर से एक काफिल पर घात लगाकर हमला करने के बाद असम राइफल्स की 40वीं बटालियन के दो जवान मारे गए।

### हॉल को मिला तेजस का सातवां इंजन

**नईदिल्ली।** भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाला एलसीए तेजस एमके 1ए कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस से सातवां एफ404-आईएन20 इंजन मिल गया है। साथ ही, छठे इंजन में आई समस्या को जीई ने ठीक कर दिया है। यह खबर तेजस एमके1A प्रोजेक्ट के लिए पॉजिटिव है, हालांकि पूरा प्रोजेक्ट अभी भी दो साल से ज्यादा की देरी का सामना कर रहा है। एफ404-आईएन20 इंजन तेजस फाइटर जेट का दिल है। यह हल्का, शक्तिशाली और आधुनिक इंजन है।



### इंडोनेशिया : हादसे में 13 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में शादी समारोह से लौट रहे लोगों को ले जा रहा एक पिकअप ट्रक राजमार्ग पर दो ट्रकों के बीच दब गया, जिससे 13 लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्थानीय यातायात पुलिस प्रमुख उंडांग स्यारिफ हिदायत ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर इंद्रामायु रीजेंसी के कियाजारन कुलोन गांव के पास उत्तरी तटीय राजमार्ग पर हुई। सभी लोग पड़ोसी परेआन गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि सभी लोग एक खुले पिकअप ट्रक में सवार थे। राजमार्ग पर यू-टर्न लेने के लिए डिवाइडर के पास वाहन की रफ्तार धीमी हुई और वह रुक गया।

-अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किया ऐलान

# 'होर्मुज को देंगे सुरक्षा, हर कार्गो को देना होगा 20 फीसदी टोल टैक्स'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और तेल आपूर्ति को लेकर बड़ा बयान दिया है। फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगा और इसके बदले उसे पेमेंट दिया जाना चाहिए। सभी समुद्री कार्गो पर 20 प्रतिशत शुल्क के रूप में भुगतान किया जाना चाहिए। यह राशि सुरक्षा व्यवस्था पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से इस अहम समुद्री मार्ग की सुरक्षा में भूमिका निभाता रहा है, इसलिए उसकी इस जिम्मेदारी की भरपाई भी होनी चाहिए।

ट्रंप ने ईरान पर निशाना साधते हुए कहा, 'वे बहुत बुरे लोग हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौता हुआ था, लेकिन ईरान ने उसे तोड़ दिया। ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका इस महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा करता है, तो इसके लिए उसे उचित भुगतान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस रणनीतिक समुद्री मार्ग का 'गार्जियन' (संरक्षक) बनेगा, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार और तेल आपूर्ति में कोई बाधा न आए। ट्रंप के अनुसार, दुनिया के लिए इस जलमार्ग की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है और इसकी जिम्मेदारी उठाने वाले देशों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। वेस्ट एशिया में यह एक बड़ा रणनीतिक मोर्चा बनकर सामने आया है।

यहां से दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल समुद्री मार्ग से गुजरता है। ट्रंप के इन बयानों को अमेरिका-ईरान संबंधों और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। ट्रंप ने कहा, 'होर्मुज खुला है और ईरान चाहे या न चाहे, यह खुला ही रहेगा।' ट्रंप ने कहा कि अमेरिका तथाकथित 'ईरानी नाकाबंदी' को फिर से लागू कर रहा है, जिसके तहत केवल ईरान के जहाजों या उसके ग्राहकों के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होगी। उन्होंने दावा किया कि अन्य सभी देशों को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग का स्वतंत्र और निष्पक्ष उपयोग करने की अनुमति होगी।

**ईरान ने कहा- होर्मुज पर किसी भी तरह का अमेरिकी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं**

**अमेरिका का सहयोग करने वाला देश युद्ध में माना जाएगा शामिल**

### ईरान पर टाल-मटोल करने का आरोप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया कि एक दिन पहले ईरान के प्रतिनिधियों के साथ करीब 11 घंटे तक बैठक चली थी और सभी मुद्दों पर सहमति बन गई थी। हालांकि, उनके अनुसार बैठक खत्म होने के बाद ईरानी पक्ष ने दोबारा संपर्क कर कहा कि समझौते में कुछ बदलाव करने होंगे। ट्रंप ने कहा कि पिछले 47 वर्षों से ईरान इसी तरह लोगों को टालता रहा है और यह मुद्दा बहुत पहले ही सुलझ जाना चाहिए था।



### ईरान भी अड़ा- आवाजाही का देंगे कड़ा जवाब

ईरान की शीर्ष संयुक्त सैन्य कमान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन में किसी भी तरह का अमेरिकी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करेगा। सैन्य कमान ने कहा कि इस रणनीतिक समुद्री मार्ग पर ईरान की अनुमति के बिना अमेरिका की किसी भी आवाजाही का कड़ा जवाब दिया जाएगा। ईरान ने क्षेत्र के देशों को भी चेतावनी दी है कि यदि किसी देश ने इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ सहयोग किया, तो उसे ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल माना जाएगा। ईरानी सैन्य नेतृत्व ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और प्रबंधन से जुड़े किसी भी एकतरफा कदम का मजबूती से विरोध किया जाएगा।

### युद्ध में रूस की एंट्री? पुतिन ने ईरान को दिया टीयू-214पीयू विमान

तेहरान। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरान युद्ध में रूस की एंट्री हो गई है। ईरान-अमेरिका के बढ़ते तनाव के बीच रूस ने अपने प्रलयकारी विमान को तेहरान भेज दिया है। रूस ने ईरान को अपना सबसे सुरक्षित एयरबोर्न कमांड एयरक्राफ्ट भेज दिया है। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर एलीट टीयू-214पीयू विमान तेहरान पहुंचा है। मॉस्को-तेहरान के बीच इस तैनाती को क्रेमलिन द्वारा ईरान को मजबूत समर्थन का संकेत माना जा रहा है। टीयू-214पीश्श्यू की यह तैनाती ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं।

# गोहत्या पर लगा प्रतिबंध हटा सुप्रीम कोर्ट ने पलटा फैसला

**कहा- इसमें सुधार की जरूरत**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस विवादित फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें तमिलनाडु सरकार को बकरीद या किसी भी अन्य दिन गाय और बछड़े के वध को रोकने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने इस पूर्ण प्रतिबंध के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया है। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को बकरीद की पूर्व संध्या पर या किसी अन्य दिन राज्य में किसी भी गाय या बछड़े का वध न सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के फैसले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि हाईकोर्ट के इस आदेश में सुधार की आवश्यकता है, जिसके बाद कोर्ट ने फैसले के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए प्रतिपक्षियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### सरकार का तर्क

तमिलनाडु सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के पूर्ण प्रतिबंध वाले फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए मजबूती से अपना पक्ष रखा। राज्य सरकार का मुख्य तर्क था कि हाईकोर्ट द्वारा लगाया गया ये पूर्ण प्रतिबंध 'तमिलनाडु पशु संरक्षण अधिनियम, 1958' के मूल कानूनी प्रावधानों के पूरी तरह खिलाफ है।

### कुर्बानी रोकने कहा था मद्रास हाईकोर्ट ने

मद्रास हाईकोर्ट ने 27 मई को ( बकरीद से एक दिन पहले) तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य में बकरीद या किसी अन्य दिन गाय और बछड़ों की कुर्बानी न हो। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायण की बेंच ने कहा था, संविधान सभा की बहस में कहा गया था कि गाय भारत में पूजनीय मानी जाती है।

### शर्तों के साथ पशु वध अनुमति

तमिलनाडु सरकार के अनुसार, वर्ष 1958 का ये प्रासंगिक अधिनियम राज्य में कुछ विशिष्ट शर्तों के तहत पशु वध की कानूनी अनुमति देता है। इस कानून के तहत यदि जानवर की उम्र 10 साल से अधिक हो चुकी हो या वह प्रजनन और कृषि कार्य के लिए पूरी तरह अयोग्य हो, तो आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद वध किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इन दलीलों को सुनने के बाद आदेश को स्थगित कर दिया। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

**भरी सभा में रो पड़े नरोत्तम**

# एक-एक गांव-दरवाजे जाऊंगा भाई आशुतोष को जिताऊंगा

एजेंसी ▶▶| दतिया

मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दौर में भावुक क्षण देखने को मिले। दतिया के कद्दावर नेता और पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बीजेपी उम्मीदवार आशुतोष तिवारी के नामांकन के बाद आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए अचानक रो पड़े। मंच पर आंसू पोंछते हुए नरोत्तम मिश्रा ने जनता और कार्यकर्ताओं के सामने हाथ जोड़े और दतिया की जनता को अपना 'मालिक' बताते हुए आशुतोष तिवारी को प्रचंड बहुमत से जिताने की भावुक अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए नरोत्तम मिश्रा बेहद भावुक हो गए और उनके आंसू निकल आए। खुद को संभालते हुए उन्होंने कहा, 'दतिया के मालिकों, मैं आपके एक-एक दरवाजे पर जाऊंगा, अपना शीश नवाऊंगा और एक-एक गांव के अंदर जाकर आशुतोष को जिताऊंगा। बीजेपी का एक-एक कार्यकर्ता आशुतोष भैया के लिए अपने प्राण झोंक देगा। कोई भी विपक्षी दल या नेता इस भ्रम और मुगालते में न रहे कि चुनाव में हमारा कार्यकर्ता घर बैठेगा। हम सब 16 तारीख से यहीं दतिया में डेरा जमाएंगे और मिलकर इतिहास रचेंगे।'



### 'भाई और अभिभावक' का दिखा अनूठा संगम


नामांकन के लिए रवाना होने से पहले एयरपोर्ट से बाहर आते समय नरोत्तम मिश्रा और आशुतोष तिवारी एक-दूसरे का हाथ मजबूती से थामे हुए दिखाई दिए। नरोत्तम मिश्रा ने खुले मंच से घोषणा की कि आशुतोष उनके छोटे भाई की तरह हैं, वहीं भावुक होते हुए आशुतोष तिवारी ने कहा कि नरोत्तम मिश्रा उनके राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में अभिभावक की भूमिका में हैं।

### उम्मीदवारों ने दाखिल किए परचे

आज बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के उम्मीदवारों ने अपने-अपने पर्चे दाखिल किए हैं, लेकिन बीजेपी के इस हाई-प्रोफाइल शक्ति प्रदर्शन और नरोत्तम मिश्रा के भावुक दांव ने उपचुनाव के मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। दतिया में 30 को वोटिंग और 3 अगस्त को मतगणना होगी।

### बांग्लादेश में बारिश बाढ़ से 51 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में लगातार हो रही भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, 10 लाख से अधिक लोग इस आपदा से प्रभावित हुए हैं, जबकि हजारों परिवारों को अपने घर छोड़कर राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश के कारण देश के कई हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। सबसे अधिक नुकसान कॉक्स बाजार जिले में हुआ है, जहां अब तक 28 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह इलाका दुनिया के सबसे बड़े रोहिंग्या शरणार्थी शिविर का भी केंद्र है। राजधानी ढाका में भी हालात गंभीर हैं। कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे यातायात बाधित हो गया है।



**वांगचुक के लिए पुलिस से बोले दीपके**

# 'वो मर जाएंगे तभी तसल्ली मिलेगी, जीना हराम कर रखा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नेतृत्व में हो रहा विरोध प्रदर्शन सोमवार को 24वें दिन में प्रवेश कर गया। वहीं सोनम वांगचुक 16 दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। इसी बीच, सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने एक वीडियो शेयर किया है और इसमें वह पुलिस अधिकारी के सामने हाथ जोड़ते हुए नजर आ रहे है।

अभिजीत दीपके इस वीडियो में पुलिस अधिकारी से कहते हुए नजर आ रहे हैं, 'सर मैं आपके सामने हाथ जोड़ रहा हूं, उस इंसान को धूप लग रही है, वो इंसान बहुत ही मुश्किल में है। आप लोग इतनी दिक्कत क्यों खड़ी कर रहे हो। क्यों आपने जीना हराम कर रखा है।' इस दौरान पुलिस अधिकारी ने दीपके से कहा कि तिरपाल हटाकर दिखाएं कि धूप कहां पर आ रही है। इस पर दीपके ने तेज आवाज में कहा, 'सर मैं आपके सामने हाथ जोड़ रहा हूं, जब वो मर जाएंगे तो आपको तसल्ली मिलेगी। उनको धूप लग रही है तभी तो हमने तिरपाल लगाई है। जब धूप नहीं थी तो हमने यह नहीं लगाई थी।'




### तीन सप्ताह से जारी है प्रदर्शन

दिल्ली के जंतर-मंतर पर तीन सप्ताह से जारी विरोध प्रदर्शन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ दास ने भारतीय नागरिकों को एक ओपन लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने अपनी सार्वजनिक अपील को तेज करते हुए परेशानियों के प्रति चुप्पी और उदासीनता को सामान्य बनाए जाने पर अपनी व्यथा व्यक्त की है।

### इन नेताओं ने जताई चिंता

केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा, पूर्व वित मंत्री और मौजूदा विधायक के एन बालगोपाल ने प्रदर्शन वाली जगह का दौरा किया और परीक्षा में गड़बड़ियों पर चिंता जताई। सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज भी प्रदर्शन वाली जगह पर गए और छात्रों की मांगों का समर्थन किया, जबकि आप विधायक संजीव झा ने आंदोलन के प्रति एकजुटता दिखाई।

**ट्रेंड में 'इमोशनल वैल्यू' खरीदने का अनोखा कारोबार**

# दूसरों को 'खुशी' बेचकर कमाई कर रहे चीन के युवा

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन के रियल एस्टेट संकट और आर्थिक सुस्ती के बीच वहां के युवाओं में भविष्य को लेकर अनिश्चितता और मानसिक तनाव काफी बढ़ गया है। घटती सैलरी और रिकॉर्ड तोड़ युवा बेरोजगारी के इस दौर में, चीन की युवा आबादी अब भौतिक चीजों पर पैसा खर्च करने के बजाय मानसिक सुकून और खुशी देने वाले अनुभवों को तरजीह दे रही है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक हालिया खोजी रिपोर्ट के अनुसार, चीन में इस समय 'इमोशनल वैल्यू' खरीदने का एक अनोखा और बड़ा बाजार खड़ा हो चुका है, जो इस समय करीब 400 अरब डॉलर का हो चुका है। चीन के युवा इस मानसिक तनाव को एक बिजनेस मॉडल में बदल रहे हैं और दूसरों को 'खुशी' बेचकर खुद मोटी कमाई कर रहे हैं।

### इमोशनल वैल्यू का यह बिजनेस क्या है

चीनी सोशल मीडिया और विज्ञापनों में इन दिनों यह शब्द हर तरफ छाया हुआ है। कंपनियां अकेलेपन को दूर करने वाले एआई पेट्स से लेकर अनजानी खुशियां देने वाले 'ब्लाइंड बॉक्स' तक, सब कुछ इसी 'इमोशनल वैल्यू' के नाम पर बेच रही हैं। यहां तक कि कुछ स्थानीय सरकारों ने भी अपनी वार्षिक आर्थिक रिपोर्टों में इस उभरते हुए बाजार का जिक्र किया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि साल 2029 तक यह मार्केट 70 प्रतिशत की दर से और बड़ा हो जाएगा।



400 अरब डॉलर का हो चुका है यह मार्केट

### 'फुल इमोशनल एक्सपीरियंस'

30 साल के ए लांग कई अलग-अलग नौकरियां बदलने के बाद अब मध्य चीन के एक थीम पार्क में काल्पनिक किरदारों की पोशाक पहनने वाले कलाकार के रूप में काम कर रहे हैं। यह थीम पार्क अपने विज्ञापन में दावा करता है कि उनके गुड-लुकिंग कलाकार पर्यटकों को मात्र 15 डॉलर (लगभग 1,250 रुपये) में 'फुल इमोशनल एक्सपीरियंस' देते हैं।

### गले लगाने की सेवा

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वांग हुआई नामक शख्स महिलाओं को गले लगाने की 'सेवा' प्रदान करता है। उसके पास बैनर होता है जिस पर लिखा होता है, '5 मिनट की हग- 50 युआन, यानी लगभग 600 रुपये।' वांग का कहना है कि उसका मकसद सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि लोगों को भावनात्मक सहारा देना है।

### गाइड कम 'थेरेपिस्ट' ज्यादा

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में ऐसे युवाओं की कहानी साझा की, जो इस क्रेज का सीधा फायदा उठा रहे हैं। पूर्वी चीन में 20 साल के कॉलेज छात्र लू झाओयू लोगों को देश के सबसे प्रसिद्ध पहाड़ों में से एक, 'माउंट ताई' की चढ़ाई कराने में मदद करते हैं। वे अपने क्लाइंट्स को सिर्फ रास्ता नहीं दिखाते, बल्कि रास्ते में रुकने पर ताजे फल देते हैं, जब ग्राहक पूरी तरह थक जाते हैं, तो उन्हें पीठ पर उठाकर भी चलते हैं। इस 6 घंटे की कठिन यात्रा के लिए ग्राहक उन्हें लगभग 100 डॉलर (करीब 8,300 रुपये) देते हैं। कई बार लू को महसूस होता है कि वह गाइड कम और एक 'थेरेपिस्ट' ज्यादा हैं।

**गुजरात में फैला चांदीपुरा वायरस**

# 1 महीने में 12 बच्चों की मौत, 3 की रिपोर्ट पॉजिटिव

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात में संक्रमण से एक महीने में अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित थे। अन्य 9 बच्चों की मौत भी इसी वायरस से होने की आशंका है। हालांकि, इनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। संक्रमण के मामले गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली और पंचमहल जिलों में सामने आए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने इस स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि इस घातक वायरस के संक्रमण के कारण अब तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 2 बच्चों की मौत गोधरा और राजस्थान के एक बच्चे की मौत हिम्मतनगर में हुई। प्रभावित क्षेत्रों में रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### 9 अन्य बच्चों की मौत

हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में चांदीपुरा के संदिग्ध लक्षणों वाले बच्चों की कुल 6 मौतें दर्ज की गई हैं। जबकि तीन बच्चों की मौत गोधरा के सिविल अस्पताल में हुई। इनमें दो बच्चों की मौत दो दिन पहने यानी कि 11 जुलाई को हुई। इन दोनों बच्चों में एक बच्चे की उम्र 1 साल और दूसरे की उम्र दो साल थी।

### 19 मरीजों की जांच में 9 पॉजीटिव

अब तक 27 संदिग्ध मरीजों के नमूने गांधीनगर भेजे गए हैं, जिनमें से 19 की जांच हो चुकी है। इनमें से 7 पॉजिटिव पाए गए हैं। पॉजिटिव पाए गए 7 मरीजों में से 3 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 4 बच्चों का इलाज चल रहा है।

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष अमावस्या | वर्ष : 24, अंक : 353 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



यास्तिका लॉर्ड्स में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला

**यास्तिका भाटिया**
**बल्लेबाजी**

| | |
|---|---|
| 113 | रन |
| 158 | गेंद |
| 14 | चौके |
| 00 | छक्के |

### यास्तिका ने रचा इतिहास

*यास्तिका भाटिया ने दूसरी पारी में शानदार 113 रन बनाए। वह महिला टेस्ट के तीसरी या चौथी पारी में शतक लगाने वाली पहली भारतीय बल्लेबाज बन गईं। इसके अलावा वह महिला टेस्ट में विकेटकीपर के रूप में शतक लगाने वाली भारत की दूसरी खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले 1995 में अंजू जैन ने इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया था। यास्तिका लॉर्ड्स में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी बन गईं।*

# भारत की बेटियों ने पुरुषों को पछाड़ते हुए लॉर्ड्स में दर्ज की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸| लॉर्ड्स

**मैच में लगी रिकॉर्ड की झड़ी**

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर महिला टेस्ट इतिहास के पहले मुकाबले को 270 रन से जीता है। लॉर्ड्स में रनों के हिसाब से ये भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत है। भारतीय पुरुष टीम भी कभी इस ऐतिहासिक मैदान पर इतनी बड़ी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। इस जीत के साथ भारत की बेटियों ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किए हैं। बता दें कि भारतीय पुरुष और महिला टीम ने लॉर्ड्स में सिर्फ चार टेस्ट मैच जीते हैं। पहली जीत महान ▸▸|शेष पेज 7 पर

### मंधाना ने खेला 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच

*यह मुकाबला स्मृति मंधाना के करियर का 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। उनसे पहले सिर्फ मिताली राज और हरमनप्रीत कौर ही 300 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि 30 वर्ष की उम्र पूरी होने से पहले 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली स्मृति दुनिया की सबसे युवा महिला क्रिकेटर भी बन गईं।*



### क्रांति ने लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड में दर्ज कराया नाम

*तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने पहली पारी में 37 रन देकर पांच विकेट लिए। वह महिला टेस्ट में पांच विकेट लेने वाली भारत की सिर्फ पांचवीं तेज गेंदबाज बनीं। पूरे मैच में उन्होंने सात विकेट लेकर 91 रन दिए, जो किसी भारतीय तेज गेंदबाज का तीसरा सर्वश्रेष्ठ मैच प्रदर्शन है।*



**क्रांति गौड़**
**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| 05 | विकेट |
| 17 | ओवर |
| 07 | मेडन |
| 37 | रन |

**लॉर्ड्स में भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत (पुरुष और महिला)**


| जीत का अंतर | कप्तान | प्रतिद्वंद्वी | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 270 रन | हरमनप्रीत कौर | इंग्लैंड (महिला) | 2026 |
| 151 रन | विराट कोहली | इंग्लैंड (पुरुष) | 2021 |
| 95 रन | एमएस धोनी | इंग्लैंड (पुरुष) | 2014 |
| 5 विकेट | कपिल देव | इंग्लैंड (पुरुष) | 1986 |

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

## खबर संक्षेप

### जम्मू कश्मीर के बारामूला में 3.6 तीव्रता का भूकंप




**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार देर रात रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। भूकंप देर रात दो बजे आया। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अभी तक भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो को मारी टक्कर, तीन की मौत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना में पत्थरों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने श्रद्धालुओं को लेकर जा रहे एक ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे उसपर सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले के माता बसैया थाना क्षेत्र में पारासर की तिबारियां के पास हुए इस हादसे में घायल हुए लोगों में से तीन की हालत गंभीर है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### परिवार ने आत्महत्या की पिता और बेटी की मौत



**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले के कुन्नमकुलम के निकट पझांजी में सोमवार को कथित तौर पर एक साथ आत्महत्या करने की घटना में एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। मरने वालों की पहचान सिबी (50) और उसकी बेटी अलीना (18) के तौर पर हुयी है। उन्होंने बताया कि सिबी की पत्नी बीना (45) और उसके बेटे आदित्यन (17) की स्थिति गंभीर है और उनका उपचार किया जा रहा है।

### साइबर ठग गिरोह के 13 सदस्य गिरफ्तार

**बहराइच।** बहराइच जिले में लोगों को ऋण दिलाने का झांसा देकर उनके बैंक खातों और बैंकिंग साधनों पर नियंत्रण हासिल करने तथा साइबर ठगी से अर्जित धन के लेन-देन में उन खातों का इस्तेमाल करने वाले गिरोह के 13 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिछले चार दिनों के दौरान साइबर अपराध के चार मामले दर्ज किए गए हैं और अलग-अलग कार्रवाई कर कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी बहराइच जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

मानसून की गतिविधियां कमजोर, पर बन रहे नए सिस्टम से झमाझम

# उत्तराखंड से लेकर बंगाल-ओडिशा तक बारिश का अलर्ट, राजस्थान में चलेगी धूल भरी आंधी

*देश के कई हिस्सों में मानसून की गतिविधियां अभी कमजोर हैं, लेकिन उत्तराखंड, हिमाचल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान में धूल भरी तेज आंधी चलने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार उत्तराखंड में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी है। बताया जा रहा है कि बादलों का कारवां बंगाल की खाड़ी पहुंचते ही झमाझम बारिश होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों में पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल और बिहार में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 4-5 दिन बाद बारिश होने की संभावना है। हालांकि, अगले 5-6 दिनों में उत्तर-पश्चिम, पश्चिम मध्य और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में कमजोर मानसून और कम बारिश का अनुमान है। उत्तराखंड में आईएमडी ने भारी से बहुत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में बीते दिन भी बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से 126 सड़कें बंद हैं, जिसमें दो नेशनल हाईवे भी शामिल हैं। यमुनोत्री राजमार्ग पर भी यातायात प्रभावित है. स्याना चट्टी में भूस्खलन के कारण ऋषिकेश-यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर यातायात ठप हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर दर्ज किया जा रहा है।

- लोगों को जल्द मिल सकती है उमस भरी गर्मी से राहत

**बंगाल की खाड़ी से प्रशांत महासागर तक 7 से 10 किमी बादलों का कारवां**



### दिल्ली में बढ़ी उमस-गर्मी

दिल्ली में गर्मी का असर बना रहा और न्यूनतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.8 डिग्री अधिक है।

### हिमाचल में मध्यम बारिश

हिमाचल प्रदेश में भी लगातार हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों में मंडी जिले के जोगिंदरनगर में सबसे ज्यादा 60 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### ओडिशा में चार दिन बारिश का अलर्ट

ओडिशा में अगले चार दिन तक कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। बालासोर, भद्रक, केंद्रापड़ा, सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़, संबलपुर, केवझर, मयूरभंज, कालाहांडी, कंधमाल और रायगड़ा जिलों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस मॉनसून सीजन में ओडिशा में अब तक 348.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 8% ज्यादा है।

### राजस्थान में रहेगा सूखा

मौसम विभाग के अपने पूर्वानुमान ने बताया कि अगले 5-6 दिनों में पूर्वी राजस्थान में सूखा रहेगा। हालांकि, 13 से 15 जुलाई के बीच शेखावाटी, जयपुर और भरतपुर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि पश्चिमी राजस्थान में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी तेज हवाएं चलने और धूल भरी आंधी आने की चेतावनी है।

### पश्चिम बंगाल में भारी बारिश

पश्चिम बंगाल में बीते दिन अच्छी बारिश दर्ज की गई है। कोचबिहार जिले के पुंडिबारी में सबसे ज्यादा 89 मिमी बारिश हुई। 14 जुलाई तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बांकुरा, बर्दवान, नदिया, मुर्शिदाबाद आदि में भारी बारिश की संभावना है।



मानसून की देरी का असर

### खरीफ फसलों की बुआई का रकबा घटा

कमजोर मानसून के कारण मौजूदा सत्र में अब तक धान जैसी खरीफ फसलों की बुआई का रकबा 16 प्रतिशत घटकर 531.25 लाख हेक्टेयर रह गया है। कृषि मंत्रालय ने बताया खरीफ (गर्मी) की फसलों की बुआई आम तौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ होती है। हालांकि, इस साल अल-नीनो के असर से कमजोर मानसून के कारण बुआई में देरी हुई है। मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 10 जुलाई तक कुल खरीफ फसलों की बुआई 531.25 लाख हेक्टेयर में की गई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 632.69 लाख हेक्टेयर था। धान की बुआई का रकबा 8.63 प्रतिशत घटकर 114.69 लाख हेक्टेयर रह गया, जबकि एक साल पहले यह 125.53 लाख हेक्टेयर था।

छात्रा ने किया नकल का स्टिंग

# हाईकोर्ट ने पूछा- दोषियों पर क्या हुई कार्रवाई

- शिक्षा विभाग ने तीन महीने में कर्मचारियों पर विभागीय जांच पूरी करने की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

**खास खबर**

महासमुंद जिले के भंवरपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान हुए नकल कांड और एक छात्रा द्वारा किए गए साहसी स्टिंग ऑपरेशन को अदालत ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। मीडिया में प्रकाशित खबरों और छात्रा की बहादुरी पर गौर करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार किया है। न्यायालय ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर इस पूरे प्रकरण पर शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से पूछा है कि मीडिया में जिन शिक्षकों के नाम नकल कराने में संलिप्त पाए गए हैं, उन पर अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है। शिक्षा विभाग की ओर से ▸▸|शेष पेज 7 पर

### दबाव, धमकियां और प्रशासनिक उदासीनता

रिपोर्ट के अनुसार, जब नीता ने इस अनैतिक कार्य का विरोध किया, तो केंद्र अधीक्षक और स्कूल के प्रिंसिपल ने उसे सुरक्षा देने के बजाय फटकार लगाई। उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और यहाँ तक कि अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान उसकी डेस्क पर पहले से लिखकर उसे झूठे केस में फंसाने की साजिश भी रची गई। इस भारी दबाव के कारण छात्रा बीमार पड़ गई, लेकिन उसने हार नहीं मानी। जिला स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर उसने रायपुर स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) के कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# सीबीआई की टीम पहुंची नौगई तिहरे हत्याकांड की जांच शुरू

- एडीशनल एसपी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम करेगी जांच
- घटनास्थल, सोनहत थाने समेत कई जगहों की गहन जांच पड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बैकुण्ठपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

कोरिया जिले के बहुचर्चित नौगई तिहरे हत्याकांड की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले ली है। सोमवार को सीबीआई की छह सदस्यीय टीम एडीशनल एसपी के नेतृत्व में कोरिया पहुंची और सोनहत विकासखंड के ग्राम नौगई में घटनास्थल का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर हर पहलुओं पर जांच शुरू की। टीम के पहुंचने से पीड़ित परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में निष्पक्ष जांच और न्याय की उम्मीद बढ़ गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने बीते 30 जून को सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी और करीब पखवाड़े ▸▸|शेष पेज 7 पर

### क्या है मामला

बीते 16 जून की रात कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इस घटना में फॉर्च्यूनर वाहन के अंदर जिंदा जलने से भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं नागेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह की मौत इलाज के दौरान हुई थी। अब तक मामले में कोरिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जिला जेल दाखिल करा दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, मन्नू त्रिपाठी, निशांत त्रिपाठी पिता सत्य कुमार त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी पिता राममिलन त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी पिता महेंद्र त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी पिता अंजनी त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी पिता मनोज त्रिपाठी सहित अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी शामिल हैं।

### विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद सीबीआई टीम सोनहत मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप पहुंची, जहां आवश्यक पूछताछ और निरीक्षण किया गया। इसके बाद टीम सोनहत थाना पहुंची, जहां घटना में आग से जली जब्त गाड़ी का बारीकी से परीक्षण किया गया। जांच अधिकारियों ने वाहन के प्रत्येक पहलू का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

जांच के बाद कार्रवाई

# बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी केस में चेयरमैन का पीए अरेस्ट



**देहरादून।** उत्तराखंड के विख्यात बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे और दान में वित्तीय अनियमितता के आरोप में निलंबित श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के कर्मचारी प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया गया है। चमोली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने बताया कि नौटियाल को रविवार रात चमोली पुलिस ने उनके देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित घर से गिरफ्तार किया।

### साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी

घटनास्थल का निरीक्षण, वादी और गवाहों के बयानों और दो जुलाई को गणनाकक्ष के सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में मिले साक्ष्यों के आधार पर नौटियाल को गिरफ्तार किया गया।



# कोटा में पटरी से उतरे मालगाड़ी के तीन डिब्बे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

करगीरोड कोटा में कटनी से बिलासपुर आ रही खाली मालगाड़ी के तीन वैगन के पहिए बेपटरी हो गए, जिसके कारण डाउन और मीडिल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन घंटो प्रभावित हुआ। इस तरह की घटना बिलासपुर डिवीजन में दूसरी बार हुई है, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दिया है। एक दिन पहले ▸▸|शेष पेज 7 पर

**तीन दिन में दूसरी घटना**

धुआं निकला और जोरदार विस्फोट

# थाईलैंड के पब में लगी आग, 27 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸| बैंकाक



थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में सोमवार तड़के एक पब में भयंकर आग लग गयी, जिससे इस घटना में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि इस हादसे में 27 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुये हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### दर्दनाक घटनाएं

थाईलैंड में इससे पहले भी इस तरह की दर्दनाक घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2022 में देश के पूर्वी हिस्से में स्थित एक म्यूजिक पब में लगी आग में 14 लोगों की मौत हो गई थी। इससे भी एक दशक से अधिक पहले एक जनवरी 2009 को थाईलैंड की राजधानी में नए साल के जश्न के दौरान सांटिका नाइटक्लब में लगी आग में 66 लोगों की मौत हो गई थी, 200 से अधिक लोग घायल हुए थे।

कोर्ट ने पूछा- लड़के और लड़की के भागने को कैसे रोक सकता है?

# झूठे पॉक्सो केस चिंताजनक, बच्चे कानूनी हथियार नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कई बार आपसी विवादों में खासकर वैवाहिक मामलों में यह देखने में आया है कि वकील विपक्षी पक्ष को कानूनी पचड़े में फंसाने के लिए कई बड़ा आरोप लगा देते है। इस तरह के मामलों में बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए गए पॉक्सो कानून के दुरुपयोग एक बड़ा उदाहरण है। ऐसे मामलों में इसके दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सवाल किया कि 'राज्य प्रेम संबंध में बंधे लड़के और लड़की के भागने को कैसे रोक सकता है?' शीर्ष अदालत ने आपसी सहमति से बने यौन संबंधों वाले किशोरों के ▸▸|शेष पेज 7 पर

### किसी विशेष मामले की चर्चा

वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान ने पीठ से कहा कि इस मामले की शुरुआत एक नाबालिग लड़की के 25 साल के युवक के साथ भागने से हुई थी। उन्होंने कहा कि कोर्ट द्वारा नियुक्त एक समिति ने उस युवती से बातचीत की थी, जिसके बाद उस व्यक्तिगत मामले को मोटे तौर पर बंद कर दिया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ से पॉक्सो मामलों में सिस्टम की विफलता को लेकर एक सख्त रिपोर्ट दाखिल की थी। उन्होंने यह भी कहा कि पॉक्सो कानून के तहत नाबालिगों को पुनर्वास के कुछ उपाय पाने का अधिकार है। शीर्ष अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता से पूछा कि क्या यह भागने का मामला था या अपहरण का।



### समस्या और वकालत

सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि पीड़ित लड़की अपने पति के साथ रह रही है और खुश है। बड़ा मुद्दा किशोरों की भलाई और बच्चों की सुरक्षा के उपाय अपनाना है। साथ ही, युवाओं को जागरूक करने की जरूरत पर भी जोर दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई को होगी। पीठ ने कहा कि किशोरों के बीच ऐसे शारीरिक संबंध 2012 में सहमति की उम्र 16 से बढ़ाकर 18 साल किए जाने से पहले भी होते थे।

### सुप्रीम कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

- इससे न केवल निर्दोष लोगों को परेशानी होती है, बल्कि वास्तविक पीड़ितों के मामलों की गंभीरता भी प्रभावित होती है।
- न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें पति और उसके परिवार के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, दुष्कर्म और अन्य आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज 10 से अधिक मामलों को चुनौती दी गई थी।

खबर संक्षेप

## प्राथमिक स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा, दूसरी कक्षा के दो मासूम घायल



**बेमेतरा।** शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही का एक गंभीर मामला सोमवार को थानखम्हरिया क्षेत्र के ग्राम ग्वारा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में सामने आया। कक्षा दूसरी में पढ़ाई चल रही थी कि अचानक भवन की छत का प्लास्टर भरभराकर बच्चों के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में दो छात्र घायल हो गए, जिनमें एक छात्र के सिर में गंभीर चोट आने पर उसे सीटी स्कैन के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा रेफर करना पड़ा। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई, जबकि अभिभावकों और ग्रामीणों में शिक्षा विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, हादसे में प्रवेश निषाद (पिता चंद्रशेखर निषाद) तथा पारस यादव (पिता सुरेश यादव, उम्र लगभग 8 वर्ष) घायल हुए हैं। प्लास्टर गिरने से प्रवेश निषाद के सिर और कंधे में गंभीर चोट आई, जबकि पारस यादव के हाथ और पैर में चोट लगी। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षक और ग्रामीण तत्काल बच्चों की मदद के लिए दौड़े।

## पूर्व सीएम मोतीलाल की पत्नी शांति वोरा का निधन

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर निवासी शांति वोरा (91) का सोमवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा 14 जुलाई को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल स्व. मोतीलाल वोरा की पत्नी तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण वोरा की मां थीं।



# मृत्यु के बाद मिट जाएगा गबन का कलंक, विभागीय जांच भी तुरंत हो जाएगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी सेवा करने वाले सेवकों पर अगर गबन का आरोप लगा हो और इसी दौरान उनकी मृत्यु हो जाए तो अनुशासनात्मक कार्रवाई तुरंत समाप्त मानी जाएगी। इसी तरह यदि किसी कर्मी के विरुद्ध विभागीय जांच (डीई) चल रही, तो उसका खात्मा भी कर्मी की मौत के साथ हो जाएगा। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

खास खबर

## सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश, जीवित रहते दंडादेश हुआ तो होगी रिकवरी

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय सेवकों के विरुद्ध लंबित अनुशासनात्मक कार्रवाई और विभागीय जांच से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि किसी शासकीय सेवक की विभागीय जांच या अनुशासनात्मक कार्रवाई के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो उसके विरुद्ध चल रही समस्त अनुशासनात्मक कार्रवाई तत्काल समाप्त मानी जाएगी।



### 12 साल पहले जारी हुए आदेश का दिया हवाला

13 जुलाई 2026 को जारी आदेश में वर्ष 2012 के पूर्ववर्ती परिपत्र का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया है कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी सेवारत अथवा सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की विभागीय जांच लंबित रहने के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो उसके विरुद्ध चल रही अनुशासनात्मक कार्रवाई या विभागीय जांच आगे नहीं चलाई जाएगी।

### सभी विभागों को सख्ती से पालन के दिए निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल, संभागायुक्तों, विभागाध्यक्षों, जिला कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि ऐसे मामलों में पूरे राज्य में एकरूपता के साथ निर्णय लिए जा सकें।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सरकारी धन के गबन, वित्तीय हानि अथवा शासकीय राशि की वसूली जैसे मामलों में भी यदि संबंधित कर्मचारी की विभागीय जांच के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई समाप्त मानी जाएगी। हालांकि, यदि कर्मचारी के जीवित रहते हुए नियमों के अनुसार धनराशि की वसूली अथवा दंडादेश पहले ही पारित किया जा चुका है, तो ऐसी स्थिति में उसके देय स्वत्वों (देयकों) से नियमानुसार वसूली की जाएगी।

## सोमवार को तीन बच्चियां पहुंचीं अस्पताल, इलाज के बाद डिस्चार्ज

# आत्मानंद स्कूल में तीन दिन में 11 छात्राएं हुईं बेहोश, बदलता है व्यवहार, डॉक्टर भी हैरान

**जिले के खम्हरिया गांव स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पिछले तीन दिन से चौंकाने वाली घटनाएं घट रहीं हैं। यहां की छात्राएं लगातार डरकर बेहोश हो रही हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन अभी तक कारण का पता नहीं चल पाया है। स्कूल से पता चला है कि अचानक छात्राओं का व्यवहार असामान्य हो जाता है और फिर वो बेहोश जा रही हैं। सोमवार को फिर से तीन बच्चियां बेहोश हो गईं। अस्पताल में उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। अब तक कुल 11 छात्राएं बेहोश हो चुकी हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खम्हरिया की प्रिंसिपल सुनीता दीवान ने बताया कि स्कूल में छात्राओं के अजीब व्यवहार और एक एक कर बेहोश होने की घटनओं का सिलसिला 9 जुलाई को शुरू हुआ। सबसे पहले एक 5वीं क्लास की एक छात्रा गेम्स पीरियड में स्कूल के मैदान पसीने से तरबतर होते हुए सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की और फिर घबराते हुए बेहोश होकर गिर पड़ी। उसे सीने में भी दर्द हो रहा था। इसे देख 4 छाक्षाएं और उसी की तरह एब्नार्मल व्यवहार कर बैचीन से बेहोश हो गईं। स्कूल प्रबंधन ने इसकी सूचना पालकों को दी। सभी पालक बच्चों को अपने घर ले गए। इसके दूसरे दिन 11 जुलाई को फिर 9वीं व 10वीं की 3 छात्राएं जोर से चिल्लाते हुए सहम कर गिर गईं। अर्धबेहोशी में उन्हें स्कूल प्रबंधन से शंकराचार्य मेडिकल कालेज अस्पताल जुनवानी में भर्ती कराया। तीनों को करीब तीन घंटे बाद स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद सोमवार 13 जुलाई को फिर 3 छात्राएं घबराते हुए चिल्ला कर गिर पड़ीं। उन्हें देखकर बाकी बच्चे डरकर भागने लगे। चेहरे पर पानी आदि छिड़कने के बाद उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से कुछ देर बाद सामान्य होने पर छुट्टी दे गई।

अलग खबर

### आठ सदस्यीय टीम पहुंची स्कूल

घटना की जानकारी प्राचार्य ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। डीईओ अरविंद मिश्रा व एडीआईएस अमित घोष 8 सदस्यीय टीम के साथ स्कूल पहुंचे और प्रिंसिपल से पूरी जानकारी ले बच्चों का हौसला बंधाया। ग्रामीण इस घटना की अंधविश्वास से जुड़ी बातों पर चर्चा करने लगे। वहीं शिक्षाधिकारियों ने इसे मनोवैज्ञानिक कारण बताते हुए छात्राओं का संबल बंधाया। प्राचार्य ने बताया की सभी बच्चियां स्वस्थ हैं।

### पसीने से हो रहीं लथपथ, घबराकर बेहोश हो रहीं



### कारण का नहीं चल रहा पता

अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचा था। बच्चियों से बात किया और उनका हाल जाना। वो कुछ बता नहीं पा रही हैं। अस्पताल ले जाते तक वो ठीक हो जाती हैं। डॉक्टर भी उनका स्वास्थ्य ठीक होना बताकर कुछ देर बात डिस्चार्ज कर दे रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है इसका कारण नहीं पता चल पा रहा है।

- **अरविंद मिश्रा**, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग




## बिना काम के भुगतान, सीएमओ इंजीनियर और लेखापाल निलंबित

**खैरागढ़।** नाली और सीसी रोड निर्माण में अनियमितता को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग ने बड़ी कारवाई करते तत्कालीन सीएमओ, लेखापाल और उप अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग अटैच कर दिया है। संयुक्त संचालक की ओर से जारी निलंबन आदेश में तीनों को अधोसरंचना मद से स्वीकृत राशि से बरेठपारा में नई नाली निर्माण काम में बिना माप पुस्तिका में प्रविष्टि दर्ज किए अनियमित भुगतान करने और बरेठपारा में ही सीसी रोड निर्माण का काम पूरा होए बिना निर्माण एजेंसी को भुगतान करने के मामले मे प्रारंभिक जांच में अवचार का दोषी पाए जाने के चलते कार्रवाई की गई है। उक्त मद से काम के दौरान वार्ड क्रमांक चार में राजेंद्र सिंह गहरवार के घर के बाजू में सीसी रोड के लिए एक लाख की स्वीकृति, साथ ठेकेदार को जून 26 में कार्यादेश जारी किया गया, लेकिन राजेंद्र सिंह के घर बाजू बनने वाली सीसी रोड बिना परिषद की जानकारी या विभाग के सक्षम अधिकारी से स्थल परिवर्तन की अनुमति लिए बिना जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बाजू से उचित मूल्य की राशन दुकान तक बन गया और ठेकेदार को मूल्यांकन सत्यापन बाद भुगतान भी हो गया, लेकिन बरेठपारा वार्ड में नपा के कतिपय लोगों की इस मामले में दशा-दिशा बदल गई और अपने ही पार्टी के वार्ड पार्षद के दिए संतुष्टि प्रमाणपत्र को दरकिनार कर दिया।

- शिकायत आवेदन सौंपकर की थी जांच की मांग

### प्रारंभिक जांच में पाया था दोषी

गौरतलब है कि नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने बरेठपारा वार्ड में बिना सीसी रोड बनाए ठेकेदार को भुगतान करने के मामले में नगरीय प्रशासन विभाग को शिकायत आवेदन सौंपकर जांच की मांग की थी। आवेदन मिलते ही विभाग का अमला दूसरे दिन ही वार्ड में पहुंच गया, जहां वार्ड पार्षद सहित अन्य लोगों का बयान लेकर लौट गया था। लगभग तीन महीने चली लंबी जांच प्रक्रिया के बाद विभाग ने तत्कालीन सीएमओ अविनाश देवांगन, लेखपाल नीरज सिंह और उप अभियंता मुजफ्फर हुसैन को प्रारंभिक जांच में अवचार का दोषी पाते तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

## पुलिस भर्ती में फिजिकल टेस्ट के पहले हुईं प्रेग्नेंट, दोबारा परीक्षा के लिए महिला अभ्यर्थियों ने दायर की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में प्रेग्नेंसी के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नहीं हो सकीं महिला अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अपने पूर्व के आदेश को वापस लेते हुए कहा है कि लंबी भर्ती प्रक्रिया के दौरान गर्भवती हो जाने वाली महिला अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट स्थगित करने का अधिकार है या नहीं, इस महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न पर पहले कभी निर्णय नहीं हुआ था। इसलिए इसे पहले के फैसले से तय मानकर याचिका खारिज करना रिकॉर्ड पर स्पष्ट त्रुटि थी। जस्टिस एके प्रसाद ने याचिका स्वीकार करते हुए 16 जनवरी 2026 को पारित आदेश को वापस ले लिया और रोशनी केरकेट्टा सहित सभी संबंधित याचिकाओं को मूल क्रमांक पर बहाल कर मेरिट के आधार पर सुनवाई के लिए संबंधित बेंच के समक्ष भेजने का निर्देश दिया है।



वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद कई महिला अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा पीपीटी से पहले गर्भवती हो गई। उनका कहना था कि भर्ती प्रक्रिया में असामान्य देरी के कारण वे गर्भवती हुईं, इसलिए उन्हें छह माह बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा देने का अवसर दिया जाए। हाईकोर्ट ने 16 जनवरी 2026 को यह कहते हुए उनकी याचिकाएं खारिज कर दी थी कि यह मुद्दा पहले ही एक अन्य मामले में तय हो चुका है। इसके बाद रोशनी केरकेट्टा ने रिव्यू पिटिशन दायर की थी।

### रिव्यू पिटीशन पर कोर्ट ने की टिप्पणी

याचिका की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि जिस पुराने फैसले को आधार बनाकर याचिका खारिज की गई थी, उसमें गर्भावस्था के कारण फिजिकल टेस्ट स्थगित करने के प्रश्न पर कोई स्पष्ट निर्णय ही नहीं दिया गया था। केवल किसी पक्ष की दलील का उल्लेख कर देना, उस मुद्दे पर फैसला माना नहीं जा सकता। कोर्ट ने कहा कि कोई निर्णय केवल उसी बात का नजीर होता है, जिस पर वास्तव में फैसला दिया गया हो। जिस मुद्दे पर विचार ही नहीं हुआ, उसे पहले से तय विवाद नहीं माना जा सकता।

## विभागीय जांच के बगैर शासकीय कर्मचारी को बर्खास्त करना गलत : हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट ने बालोद जिले के जनपद पंचायत डोंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ द्वारा एक नियमित सहायक शिक्षक पंचायत को बिना विभागीय जांच के सीधे नौकरी से हटाने के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने माना कि नियमित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते समय प्रक्रियात्मक नियमों का उल्लंघन किया गया था। बालोद जिले के नगर पंचायत अर्जुन्दा तहसील गुंडरदेही निवासी तस्लीम बानो को 09 जून 2005 को शासकीय प्राथमिक शाला शिकारीटोला में सहायक शिक्षक पंचायत शिक्षाकर्मी वर्ग तीन के पद पर नियुक्त किया गया था।

## दो बाइक में सीधी भिड़ंत, अधेड़ की मौत

**गंडई पंडरिया।** गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब दुकान रोड पर हेमंत देवांगन निवासी वार्ड 13 टिकरीपारा गत 5 जुलाई को रात करीब 9 बजे अपनी मोटर साइकिल से गंडई आये थे। अग्रवाल भवन के सामने सिद्धार्थ तिवारी की बाइक से सीधी टक्कर हो गई। हेमंत की जिला अस्पताल कवर्धा में मौत हो गई।


HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, कैनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...

**मुंबई।** जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि रिलीज होगी। इसी बीच उन्हें मुंबई के बांद्रा में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। पैपराजी भाईजान की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए मौके पर नजर आए। एक वायरल वीडियो में सलमान खान काउबॉय हैट लुक में दिखाई दिए, जो उन पर खूब जंच रहा था। वायरल वीडियो में सलमान ने यूनीक काउबॉय हैट पहनी थी साथ ही उनके गले में एक पेंडेंट भी था, उस पर तीन नग लगे थे। यह पेंडेंट उनके लुक को और भी खास बना रहा था। सलमान खान 'मातृभूमि' नाम की एक देशभक्ति से भरी फिल्म कर रहे हैं।

लाइफ Style



# जैस्मिन

## लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने जमकर तबाही मचाई थी। इसके सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के गानों को भी काफी पसंद किया गया है।

इन गानों को सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने भी अपनी आवाज दी है, जो फिलहाल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिल्ली में उन्होंने अपने मंगेतर शेखर चौधरी से फैंस को रुबरु कराया है? 'धुरंधर' के साथ-साथ जैस्मीन सैंडलस की लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा हो गया था। वो आज के वक्त की मशहूर और चर्चित सिंगर्स में से एक बन चुकी हैं। सिंगर ने हाल ही में दिल्ली में एक लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्होंने फैंस को हैरान क दिया। स्टेज पर उन्होंने शेखर चौधरी को अपने फैंस से मिलवाया। स्टेज पर दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक रही। बीच कॉन्सर्ट में शेखर ने स्टेज पर एंट्री ली. जैस्मीन ने दौड़कर शेखर को गले लगा लिया और ऐलान किया कि शेखर के साथ उनकी सगाई हो चुकी है। जैस्मीन ने कहा, 'तू आ ही गया चौधरी साहब स्टेज ते, दिस इज माई मैन, एवरीबडी.' वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा, 'ये वही इंसान हैं जिन्होंने मुझे रिंग पहनाई है, ये मेरे हैं।' शेखर चौधरी को लाइमलाइट से दूर रहना पसंद हैं। तभी तो सगाई के बाद लोगों को पता लग पाया है कि जैस्मीन और शेखर रिलेशनशिप मे हैं। बता दें कि जहां जैस्मीन म्यूजिक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वहीं शेखर का इस फील्ड से कोई रिश्ता नहीं है।

## हॉलीवुड मसाला




# 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** जुरासिक पार्क फ्रैंचाइजी में डॉ. एलन ग्रांट का किरदार निभाने वाले न्यूजीलैंड के एक्टर सैम नील का सोमवार को निधन हो गया। वो 78 साल के थे। पांच दशकों से ज्यादा लंबे कॅरियर में नील ने 150 से ज्यादा फिल्मों और शो में काम किया। उनकी फिल्मों की लिस्ट में डेड काम, द हंट फॉर रेड अक्टूबर, द जंगल बुक, इन द माउथ ऑफ मैडनेस, इवेंट होराइजन, बाइसेंटेनियल मैन, द डिश, पीटर रैबिट और ताइका वाइटीटी की हंट फॉर द वाइल्डरपीपल शामिल हैं।



# माइकल ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'माइकल'24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब फिल्म ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है। 'माइकल'ने दुनियाभर में 1 बिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़) की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली बायोपिक फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने विदेशों में 629.8 मिलियन डॉलर (5,996.28 करोड़) और घरेलू बॉक्स ऑफिस (अमेरिका) में 371.8 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 1.001 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह फिल्म अप्रैल में रिलीज हुई थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।



# हेमा की बायोपिक के लिए दीपिका पहली पसंद

**नई दिल्ली।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की जिंदगी अगर कभी बड़े पर्दे पर उतरी, तो उनका किरदार कौन निभाएगा? ये सवाल सालों से फैंस के मन में घूम रहा था। अब खुद हेमा मालिनी ने इस सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है। 60 साल के फिल्मी सफर का जश्न मना रहीं हेमा मालिनी ने साफ कर दिया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो उसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा ने कहा कि अगर दीपिका चाहें तो वो उनका रोल कर सकती हैं। उन्होंने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि वो खूबसूरत हैं, टैलेंटेड हैं और इस किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकती हैं। हेमा और दीपिका का रिश्ता नया नहीं है। साल 2017 में जब हेमा मालिनी की बायोग्राफी लॉन्च हुई थी, तब भी उन्होंने दीपिका को ही इसके लिए चुना था।



# सात साल बाद गोविंदा का कमबैक...

**नई दिल्ली।** हीरो नंबर 1 गोविंदा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म रूपा में नजर आने वाले हैं। गोविंदा ने रूपा की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म में वो नई एक्ट्रेस रानी स्वर्णकार संग दिखेंगे. फिल्म को गोविंदा प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। गोविंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं तैयार हूं। अब आगे आप पूरी कास्ट को देख पाएंगे. मुझे ऐसा लगता है कि ये अलग तरह की फिल्म होगी खासकर यंगस्टर्स के लिए। बहुत ही उम्मीदों के साथ यंगस्टर्स शुरुआत करते हैं, लेकिन वो कभी-कभार भटक जाते हैं। माया का जो हिस्सा हम दिखा सकते हैं वो मैं अब इस फिल्म में दिखाने जा रहा हूं। यंगस्टर्स भीड़ में खोए हुए व्यक्ति की तरह न लगे।'

## टीवी मसाला



# आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर आया सामने, कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर दिखी कहानी

**नई दिल्ली।** हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय'का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैमब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता है। उनकी इसी इच्छा के कारण वे अपनी टीचर्स की टीम के साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं, लेकिन बिगड़ेल बच्चों की हरकतों की वजह से उसे कैमब्रिज का सपना अधूरा लगने लगता है। इस बीच उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, बच्चों की मस्ती और मनोरंजन से भरपूर एक सीरीज की झलक देखने को मिलती है। 'आदर्श बाल विद्यालया' सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। इस सीरीज के कुल 7 एपिसोड आएंगे। सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।

## बिग बॉस को टक्कर देने आया भोजपुरी बवाल

**नई दिल्ली।** जब भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सुपरस्टार एक ही टेबल पर साथ बैठते हैं, तो नतीजा सिर्फ़ एक मुलाकात नहीं, बल्कि 'बवाल' होता है। 2 अगस्त को होने वाले प्रीमियर से पहले, जियोहॉटस्टार और कलर्स ने 'भोजपुरी बवाल' की पहली झलक जारी की है, जो दर्शकों को आनेवाली बेबाक बातचीत, मस्ती, टकराव और जबरदस्त मनोरंजन की एक रोमांचक झलक दिखाती है। पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव पहली बार भारत की पहली प्रीमियम सेलिब्रिटी-फॉलो रियलिटी सीरीज में बेबाक अंदाज में नजर आएंगे. वीडियो की शुरुआत डिनर टेबल पर बैठे कलाकारों से होती है, जहां वे इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि शो को दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जाए. लेकिन कुछ ही पलों में बातचीत अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है।



## तीसरी बेगम से रक्तांचल 3 तक, मनोरंजन की होगी बारिश

*नई दिल्ली। यह वीक सिनेमा प्रेमियों के लिए काफी खास है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' इसी वीक सिनेमाघरों में सजेगी। इसके अलावा रहूं मैं तेरे रूबरू और महाप्रभु जगन्नाथ भी रिलीज होने वाली हैं। थिएटर्स से अलग ओटीटी पर भी कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज होंगी।*

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

### मर्डर 101

नाम से ही साफ है कि यह एक मर्डर मिस्ट्री है। अमेरिका के दशकों पुराने अनसुलझे मर्डर केस पर आधारित यह इन्वेस्टिगेशन सीरीज सिर्फ अपने तीन एपिसोड के साथ फिलहाल रिलीज हो रही है। इसमें एलेक्स कैंपबेल लीड रोल में हैं। 13 जुलाई से यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।

### राइड और डाई

यह एक एक्शन-कॉमेडी सीरीज है। दो दोस्तों की जिंदगी पर बनी यह सीरीज इस वीक रिलीज होगी। इसे 15 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा। इसमें हन्ना वाडिंगहैम और ऑक्टेविया स्पेंसर लीड रोल में हैं।




### तीसरी बेगम

यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। इसके लिए दर्शकों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा वेब्स पर यह मुफ्त में स्ट्रीम होगी। निर्माता, लेखक एवं निर्देशक के सी बोकाड़िया की यह फिल्म 18 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

### रक्तांचल सीजन 3

इस वीक 'रक्तांचल सीजन 3' भी आ रही है। यह एमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। रितम श्रीवास्तव निर्देशित सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। दर्शक बिना किसी सब्सक्रिप्शन के मुफ्त में इस सीरीज को एंजॉय कर सकते हैं। इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी इस वेब सीरीज का पहला सीजन साल 2020 में और दूसरा सीजन 2022 में आया था।

### डिजायर

इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में 'डिजायर' भी है। यह 17 जुलाई, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में लुडविका पालेटा और जोस मारिया याजपिक जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक स्विमिंग कोच के आने से गहरा और खतरनाक भावनात्मक मोड़ आता है।

### 23,000 लाइव्स

यह जर्मन ड्रामा फिल्म है। 23,000 लाइव्स। 23,000 लाइव्स 17 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



## चिंतन

# अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती बढ़ती महंगाई

देश में बढ़ती महंगाई एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है। जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार छठा महीना है, जब महंगाई में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनवरी 2025 के बाद पहली बार महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के मध्य लक्ष्य को पार कर गई है। यद्यपि यह अभी भी आरबीआई के 2 से 6 प्रतिशत के सहनशीलता दायरे में है, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई भविष्य के लिए गंभीर संकेत दे रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसका असर केवल आम आदमी की जेब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की आर्थिक विकास दर भी प्रभावित हो सकती है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण इस बार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। आलू, प्याज, टमाटर, अदरक जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं। इन वस्तुओं का सीधा संबंध आम परिवार की रसोई से है। जब भोजन महंगा होता है तो सबसे अधिक बोझ मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार की अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा होने से परिवहन, उद्योग और उत्पादन लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही पड़ता है। दूसरी ओर अल नीनो के प्रभाव और मानसून को लेकर बनी अनिश्चितता भी चिंता बढ़ा रही है। यदि वर्षा सामान्य से कम रहती है तो कृषि उत्पादन प्रभावित होगा और खाद्य महंगाई और तेज हो सकती है। महंगाई बढ़ने का एक बड़ा असर मौद्रिक नीति पर पड़ता है। यदि मूल्य वृद्धि लगातार बनी रहती है तो आरबीआई को रेपो रेट बढ़ाने का विकल्प अपनाना पड़ सकता है। रेपो रेट बढ़ने का मतलब है कि बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होगा और वे होम लोन, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण तथा उद्योगों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दरें बढ़ा देंगे। इससे निवेश और खपत दोनों प्रभावित होंगे। उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ सकता है और रोजगार सृजन की रफ्तार भी कम हो सकती है। अर्थात महंगाई पर नियंत्रण के लिए उठाया गया कदम आर्थिक विकास की गति को भी प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि आरबीआई के सामने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की कठिन चुनौती है। सरकार के लिए भी यह समय सतर्क रहने का है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना भी दीर्घकालिक समाधान का हिस्सा होना चाहिए। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर नियंत्रण संभव नहीं है; इसके लिए उत्पादन, आपूर्ति और बाजार प्रबंधन को समान रूप से मजबूत करना होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक परिस्थितियों से पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। इसलिए आर्थिक नीति को केवल वर्तमान महंगाई तक सीमित न रखकर भविष्य के संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को समान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। महंगाई का मुकाबला केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि प्रभावी नीतियों और मजबूत इच्छाशक्ति से किया जा सकता है। सरकार और आरबीआई के बीच बेहतर तालमेल, कृषि एवं ऊर्जा क्षेत्र में सुधार, मजबूत आपूर्ति व्यवस्था और बाजार की पारदर्शिता ही इस चुनौती का स्थायी समाधान है।



विदेश दौरे

अखिलेश आर्येन्दु

# पीएम की यात्रा ने साधे कई लक्ष्य

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्राओं पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह उनकी पिछली विदेश यात्राएं देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियों भरी रही। पिछले दस वर्षों में भारत की साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता बढ़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्रा पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह पिछली विदेश यात्राएं उनकी देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियां भरी रही। जिन क्षेत्रों में इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से सहमतियां, समझौते और शिक्षा-सुरक्षा संबंधी साझेदारी हुई, उनमें सैन्य निर्यात, ऊर्जा सुरक्षा, कृषि-डेयरी और व्यापार विस्तार की साझेदारी के लिहाज से बेहद सफल और ऐतिहासिक कह जाना चाहिए। इससे भारत को आने वाले दिनों में कई तरह के फायदे तो होंगे ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर बढ़ती चिंताओं को कम करना मुनासिब होगा। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया विदेशी दौरे की शुरुआत इंडोनेशिया से हुई। जकार्ता पहुंचने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का मोदी की आगवानी और स्वागत अत्यंत आत्मीयतापूर्ण था। इससे दुनियाभर में यह संदेश गया कि मोदी आज भी दुनिया के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं और नेतृत्व-कर्ताओं में पहले नंबर पर बरकरार हैं। जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता और 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें ब्रह्मोस मिसाइल सौदा बेहद महत्वपूर्ण था। इस महत्वपूर्ण सौदे से भारत के लिए तटीय रक्षा प्रणालियों को इंडोनेशिया को निर्यात करने का नया रास्ता खुल गया। इससे एक तीर से दो लक्ष्य साधे गए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए समुद्री सूचनाओं को साझा करने और सुरक्षा बढ़ाने पर दोनों देशों में सहमति बनी। इसके तहत दोनों देश सांझा सैन्य अभ्यास करेंगे।

दूसरी महत्वपूर्ण बात, ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात से भारत को रक्षा के क्षेत्र में आर्थिक फायदा होगा। इसके साथ ही, चीन के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत सबांग बंदरगाह के संयुक्त रणनीतिक विकास और समुद्री सुरक्षा पर बड़ा करार हुआ। दोनों देश एक सांस्कृतिक पटल से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच खनिज-स्टील सप्लाई चेन को मजबूत करने पर भी सहमति बनी। इसी के साथ रेयर मैगनेट (दुर्लभ खनिज) पर भी डील हुई। एक और खास समझौता शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में हुआ, जिसके तहत भारत का प्रसिद्ध भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (आईआईएम) इंडोनेशिया में नया कैंपस खोलने पर भी सहमति हुई। कुल 14 समझोतों से भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि एक दूसरे के प्रति सभी क्षेत्रों में विश्वासनीयता भी बढ़ी है। दोनों देशों के बीच मित्रता और विश्वासनीयता की दीवार कितनी मजबूत है और इंडोनेशिया की जनता और वहां की सरकार के नज़र में मोदी की छवि किस तरह की है, यह उन्हें मिले इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से जाहिर होता है। इंडोनेशिया-भारत मैत्री कोई नई नहीं है, लेकिन केंद्र में



मोदी सरकार के शासन के बाद दोनों देशों में एक नए दौर और युग की शुरुआत हुई है। मोदी को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान उनकी लोकप्रियता का तकाजा है कि जब भी वे विदेशी दौरे पर जाते हैं, तब उन्हें उस देश का सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इंडोनेशिया का मिला सर्वोच्च सम्मान इसी लोकप्रियता की अगली कड़ी का हिस्सा है। अब जब कि दुनिया के तमाम देशों में कई मुद्दों को लेकर तनातनी का माहौल है, ऐसे में मोदी की विदेश यात्राएं उनकी लोकप्रियता और उनकी दुनिया के देशों से उनकी मैत्री के वजह से भारत को संभावित संकटों से उबरने में मददगार साबित हो रहीं हैं। इंडोनेशिया से दोस्ती की नई इबारत लिखने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जकार्ता से चलकर 7 जुलाई को मेलबर्न आस्ट्रेलिया पहुंचे। आस्ट्रेलिया भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा, खनिज और परमाणु सहयोग को लेकर द्विपक्षीय समझौते हुए। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के मध्य शिखर वार्ता हुई। बाद में दोनों देशों के मध्य अनेक क्षेत्रों में समझौते हुए। जिनमें असैन्य नाभिकीय ऊर्जा पर करार, खनिजों की सुरक्षित सप्लाई चेन का निर्माण प्रमुख है। इन समझोतों के तहत अब आस्ट्रेलिया भारत को यूरेनियम की आबाध आपूर्ति करेगा, यह भारत के लिए नाभकीय ऊर्जा आपूर्ति के मामले में मील के पत्थर की तरह है। इसके तहत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को सुरक्षित और खुला रखने के लिए दोनों सेनाओं के बीच सैन्य अंतर-संचालनीयता और समुद्री खुफिया जानकारी साझा करने पर हस्ताक्षर किए गए। आस्ट्रेलिया सरकार ने पहली बार भारत से खेल समझौते पर करार किए हैं। यह भारत और आस्ट्रेलिया को और करीब आने में मददगार साबित हो सकता है। मोदी का हालिया न्यूजीलैंड दौरा सफल और सार्थक रहा। मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ वार्ता के बाद दोनों देशों के रिश्तों को सीधे रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेट किया गया। इस यात्रा के दौरान कुल 18 बड़े समझौते और नतीजे सामने आए। इससे भारत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वानीय मित्र देश के रूप में न्यूजीलैंड की तमाम अवसरों, क्षेत्रों और विषयों में मदद मिलेगी, इसमें कोई संदेह की बात नहीं।

महत्वपूर्ण यह नहीं है कि भारत-न्यूजीलैंड ने साथ-साथ कई क्षेत्रों में काम करने पर रजामंद हुए हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि न्यूजीलैंड ने खुलकर विज्ञान और खगोल के क्षेत्र में सहयोगी मित्र की तरह काम करने की इच्छा जताई है। इससे भारत की समुद्री सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित हो सकेंगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत का सामना करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ ये समझौते आने वाले वर्षों में मील के पत्थर भी साबित हो सकते हैं। इसी तरह इस समझौते से आर्थिक सहयोग मजबूत होंगे और सहयोग की नई संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। कृषि, पशुपालन और व्यापार के क्षेत्र में रोजगार और खादान को बढ़ावा मिलेगा। सांस्कृतिक संबंध नए सिरे से आगे बढ़ सकेंगे। आस्ट्रेलिया के जरिए यूरेनियम मिलने पर सहमति से भारत की शक्ति ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ अन्य क्षेत्रों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। इससे आने वाले वक्त में ऊर्जा की कमी से होने वाली तमाम रुकावटें दूर हो सकेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का जिस तरह से दौरे वाले तीनों देशों में स्वागत किया गया, वह भारत की बढ़ती विश्व में साख और समृद्धि का प्रतीक है। पिछले दस वर्षों में भारत की जो साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है, वह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व, सफल विदेश नीति, रणनीति और भारत की दुनिया भर के देशों से हुए बेहतर संबंध के परिणाम हैं। मोदी की तीन देशों की यात्रा से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि देश की समृद्धि, सुरक्षा, साख और बढ़ती ताकत मोदी के नेतृत्व में ही सुरक्षित है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## खेल

नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'



# टी-20 में भारतीय क्रिकेट का कठिन दौर

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 शृंखला में टीम इंडिया की एकतरफा हार ने भारतीय क्रिकेट जगत को झकझोर दिया। इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ मिली अप्रत्याशित पराजय ने भी यह संकेत दे दिया था कि दुनिया की नंबर एक टी-20 टीम कही जाने वाली भारत की चमक अब फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। क्रिकेट में हार-जीत सामान्य बात है, लेकिन लगातार दो विदेशी दौरों पर जिस तरह टीम का प्रदर्शन रहा, उसने केवल खिलाड़ियों की तकनीकी कमियों को ही नहीं, बल्कि चयन नीति, टीम प्रबंधन और तैयारी की कमजोरियों को भी उजागर कर दिया। यही कारण है कि आज हर क्रिकेट प्रेमी यह सवाल पूछ रहा है कि आखिर भारतीय टीम की इस गिरावट का वास्तविक कारण क्या है और इससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है। किसी भी खेल में हार केवल खिलाड़ियों की नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था की होती है। इसलिए केवल कप्तान श्रेयस अय्यर या मुख्य कोच गौतम गंभीर को निशाने पर लेना उचित नहीं होगा। श्रेयस अय्यर लंबे अंतराल के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे और उन्हें सीधे कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। ऐसे में उनसे तुरंत चमत्कार की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं था। इंग्लैंड के खिलाफ उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी कुछ अच्छी पारियां देखने को मिलीं, लेकिन टीम के सामूहिक प्रदर्शन की कमजोरी उन प्रयासों पर भारी पड़ गई। कप्तान तभी सफल हो सकता है जब उसके पास स्थिर टीम, स्पष्ट रणनीति और प्रबंधन का पूरा विश्वास हो। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इस हार का गंभीर आत्ममंथन करना चाहिए। आईपीएल समाप्त होने के तुरंत बाद खिलाड़ियों को विदेशी दौरे पर भेज दिया गया, जबकि इंग्लैंड और आयरलैंड जैसी परिस्थितियों में खेलने के लिए अलग तरह की तैयारी की आवश्यकता होती है। भारतीय सपाट पिचों और इंग्लैंड की स्विंग तथा उछाल वाली पिचों में जमीन-आसमान का अंतर है। खिलाड़ियों को वहां की परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास का पर्याप्त समय नहीं मिला। इसके साथ ही कई अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देने का निर्णय भी टीम के संतुलन पर भारी पड़ा। सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी पूरे दौरे में महसूस की गई। ऐसा प्रतीत हुआ कि विपक्षी टीमों को अपेक्षाकृत हल्के में लिया गया, जिसका परिणाम मैदान पर स्पष्ट दिखाई दिया। टीम इंडिया की सबसे बड़ी समस्या इस समय केवल तकनीकी नहीं, बल्कि मानसिक भी दिखाई देती है। वर्तमान टीम प्रबंधन लगातार खिलाड़ियों को अंदर-बाहर कर रहा है। एक-दो खराब पारियों के बाद खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है, जबकि कई बार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी अगले मैच में टीम से बाहर कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी खिलाड़ी के मन में यह डर स्वाभाविक रूप से बैठ जाता है कि यदि आज प्रदर्शन नहीं हुआ तो अगला अवसर शायद न मिले। यह भय खिलाड़ियों को स्वाभाविक खेल खेलने से रोकता है। क्रिकेट आत्मविश्वास का खेल है और जब खिलाड़ी हर गेंद पर अपने स्थान की चिंता करने लगे तो उसका प्रदर्शन प्रभावित होना तय है। संजू सैमसन का उदाहरण सबसे उपयुक्त माना जा सकता है। उन्होंने विश्व कप और आईपीएल दोनों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, फिर भी उन्हें लगातार अवसर नहीं मिले और कई बार बिना किसी स्पष्ट कारण के टीम से बाहर कर दिया गया। यदि कोई खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अपनी जगह सुरक्षित महसूस नहीं करता तो यह संदेश पूरी टीम में जाता है कि मेहनत और प्रदर्शन से अधिक चयन की अनिश्चितता हावी है। इससे युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। टीम प्रबंधन को यह समझना होगा कि स्थिरता किसी भी सफल टीम की सबसे बड़ी ताकत होती है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अन्य सफल टीमें खिलाड़ियों को लंबा अवसर देती हैं, जिससे वे खुलकर खेल पाते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम संयोजन पर भी नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया है। कुल मिलाकर हर असफलता अपने साथ एक सीख लेकर आती है। आयरलैंड और इंग्लैंड का यह दौरा भी भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण सबक है। अब आवश्यकता दोषारोपण की नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच की है। चयन में पारदर्शिता, खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर, स्पष्ट भूमिकाएं, विदेशी परिस्थितियों के अनुरूप तैयारी और अनुभवी तथा युवा खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण ही टीम इंडिया को फिर से विश्व क्रिकेट की शिखर टीम बना सकता है।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं



संकलित

दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है- फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें



संकलित

प्रेरणा

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गई। अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी। राजन! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है... मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूं। मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूंछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं। राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं? आखिरकार राजा ने मंत्री से पूछा- ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं? राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी! राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर ठगी से बचाव की समझ ही सबसे बड़ी सुरक्षा

देश में तेजी से बढ़ रही साइबर ठगी और फर्जी निवेश योजनाएं आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं। बेरोजगारी और जल्दी अमीर बनने की चाह का फायदा उठाकर ठग नए-नए तरीके अपनाते हैं। हाल ही में वाराणसी में साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया जिसने मल्टी लेवल मार्केटिंग और पिरामिड स्कीम के नाम पर एक हजार से अधिक युवाओं से करोड़ों रुपए की ठगी की। जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड के बैंक खातों में केवल सात महीनों के भीतर चार करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन हुआ। यह मामला बताता है कि साइबर ठगी अब केवल मोबाइल या इंटरनेट तक सीमित नहीं रही बल्कि संगठित नेटवर्क के रूप में युवाओं को अपना शिकार बना रही है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# नेपाल में कवि भानुभक्त की 213वीं जयंती मनाई गई

नेपाल ने 19वीं सदी के कवि भानुभक्त आचार्य की जयंती सोमवार को विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई। भानुभक्त ने वाल्मीकि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद किया था। भानुभक्त आचार्य को नेपाली भाषा के पहले कवि के रूप में व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। कवि की 213वीं जयंती के अवसर पर भानु प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर डोल कुमार आर्याल ने उन्हें नेपाली भाषा, साहित्य और संस्कृति का अग्रदूत बताया। आर्याल ने कहा कि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद करके उन्होंने नेपाल के लोगों को धर्म, दर्शन, नीति और विचारधारा से परिचित कराया। उन्होंने कहा, 'भानुभक्त ने हमें रामायण दी और इसके माध्यम से नेपाली साहित्य को एक ऐसा महाकाव्य मिला, जो आज भी पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है।' एक अन्य कार्यक्रम में विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा कि जहां राजा पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल के भू-भाग को एकजुट किया, वहीं भानुभक्त आचार्य ने भाषा और साहित्य के माध्यम से इसके लोगों को एक सूत्र में बांधा।



## ऑफ बीट


# ब्रह्मांड का केंद्र कहां है?

पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि 'सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएं एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे। इसी तरह, आप ब्रह्मांड में किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं और कभी भी उसका केन्द्र नहीं पा सकेंगे, क्योंकि गुब्बारे की सतह की तरह, इसका भी कोई केन्द्र नहीं है।



## ट्रेंड

### भारत को मजबूती दे रहे



जब चौतरफा विकास के साथ हर देशवासी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित होता है, तब राष्ट्र की प्रगति को भी नई गति मिलती है। इसी प्रेरक भावना के साथ हम भारत के सामर्थ्य को निरंतर मजबूती देने में जुटे हुए हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### राहुल ही चेहरा



पंजाब की जनता के मन में कोई भी किंतु और परंतु नहीं है। पंजाब का मतदाता लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी जी पर भरोसा कर रहा है। कांग्रेस पार्टी का पंजाब में एक ही चेहरा है, वो हैं राहुल गांधी। सभी कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने के लिए एकजुट हों। **-भूपेश बघेल,** कांग्रेस प्रभारी, पंजाब

### रथ यात्रा में भाग लेगी सरकार



कोलकाता में हर साल कई रथ यात्रा समारोह आयोजित किए जाते हैं। हमारी सरकार ने इस वर्ष की रथ यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्णय लिया है। सरकार ने 60 प्रतिष्ठित रथ यात्रा समितियों को पांच-पांच लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला किया है। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

### भाजपा का मॉडल बेनकाब



भाजपा का 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से डायरेक्ट वोट ट्रांसफर' का मॉडल पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। पार्टी चुनाव से पहले आर्थिक सहायता देकर मतदाताओं को लुभाती है और चुनाव जीतने के बाद इन योजनाओं को बंद कर देती है।" **-अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला - बीजापुर, छत्तीसगढ़, (आदिवासी विकास शाखा)

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::-**

निविदा क्र./आ.वि./निर्माण/ 2026-27/710 — बीजापुर, दिनांक 09/07/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित **आश्रम / छात्रावास भवन निर्माण सह विद्युतीकरण कार्यों** हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "c" श्रेणी एवं इससे उपर श्रेणी पात्र ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनॉक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | NIT क्र./ दि. | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 27/09.07.2026 | 195109 | आदिवासी बालक आश्रम कड़ेनार | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 2 | 28/09.07.2026 | 195110 | आदिवासी बालक आश्रम जारामरका | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 3 | 29/09.07.2026 | 195112 | आदिवासी बालक आश्रम कोमपल्ली | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 4 | 30/09.07.2026 | 195113 | आदिवासी बालक आश्रम अन्नापुर | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 5 | 31/09.07.2026 | 195114 | आदिवासी बालक आश्रम एडापल्ली | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 6 | 32/09.07.2026 | 195117 | आदिवासी बालक आश्रम दुड़ेपल्ली | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 7 | 33/09.07.2026 | 195118 | आदिवासी बालक आश्रम पोलेम | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 8 | 34/09.07.2026 | 195119 | आदिवासी बालक आश्रम पीलूर | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 9 | 35/09.07.2026 | 195120 | आदिवासी बालक आश्रम दारेली | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा अंतिम तिथि (**Bid due Date**) **29.07.2026** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (**Bid start Date**) **15.07.2026** से है। निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेवसाईट- **https://eproc.cgstate.gov.in** पर में देखे जा सकते है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास - बीजापुर**

G-262702042/6

## Chhattisgarh Rural Roads Development Agency
### VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

**E-Procurement Tender Notice**

**NIT No. 1151,1152, 1153/TC-T/CGRRDA/ 2026** — **Raipur Dated 13/07/2026**

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Construction & Maintenance Road & Bridge work (SCA Fund), Construction & Maintenance of Long Span Bridges PM-JANMAN, Construction & Maintenance of Long Span Bridges budget 2025-26, PMGSY Road Balance work, sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No | NIT No | Work Name | Amount (Rs. In Lakhs) | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1151 | Construction & Maintenance of Long Span Bridge (SCA Fund) | Total Cost 777.70 Lakhs (Excluding GST) (Const.Cost 758.53 Lakhs, Maint.Cost 18.97 lakhs) | Sukma | SOR PWD Bridge enforced from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CGRRDA & Approach road PMGSY SOR 22.02.2018 |
| 02 | 1152 | Construction & Maintenance of Long Span Bridges PM-JANMAN | Total Cost Rs 2105.37 Lakhs (Const. Cost 2054.02 Lakhs, Main Cost 51.35 lakhs.) (Excluding GST) | Balrmapur, Gariyaband, | SOR PWD Bridge enforced from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CGRRDA & Approach road PMGSY SOR 22.02.2018 |
| 03 | 1153 | Construction & Maintenance PMGSY Road Balance work | Total Cost Rs 853.29 Lakhs (Const. Cost 752.49 Lakhs, Main Cost 100.80 lakhs.) (Excluding GST) | Sukma | Percentage Rate of PMGSYSOR 22.02.2018 issued by CE,CGRRDA Raipur |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on Our website https://eproc.cgstate.gov.in from Ly 14.07.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

**Chief Engineer**
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency Civil Lines, Raipur (C.G.)**
**E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in**

S-48434/3

## संचालनालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी छ.ग.
### ब्लॉक-बी चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर
**फोन: 0771-243301, फैक्स- 0771-2433002**
**वेबसाइट - ttp://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi, ईमेल-dir.horti-cg@nic.in**

क्रं./उ./NHM/EOI/PBA/26-27/1672 — नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 10/07/2026

प्रदेश में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2026-27 अंतर्गत विभिन्न प्रकार की परियोजना आधारित गतिविधियों में अनुदान प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषकों/फर्मों/उद्यमियों से बिंदुवार प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं :-

* इच्छुक आवेदक अपना परियोजना प्रस्ताव (MIDH SURAKSHA) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना होगा।
* पोर्टल पर आवेदन करने के उपरांत आवेदक प्रस्ताव की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित जिला कार्यालय उप/सहायक संचालक उद्यान में दिनांक 11.08.2026 तक प्रस्तुत करावें।
* प्राप्त परियोजना प्रस्ताव एमआईडीएच के दिशा निर्देशों एवं पात्रता शर्तों के अनुसार होने का परीक्षण/मूल्यांकन तकनीकी समिति द्वारा किया जायेगा। प्रस्ताव उपयुक्त पाये जाने पर, विभाग को वर्ष 2026-27 हेतु स्वीकृत लक्ष्य उपलब्धता एवं वित्तीय प्रावधानों के आधार पर अनुदान देय होगा।

*प्राप्त प्रस्तावों की संख्या उपलब्ध लक्ष्य से अधिक होने पर प्राथमिकता के आधार पर "पहले आओ पहले पाओ" के तहत स्वीकृति हेतु प्रस्ताव सम्मिलित किया जायेगा।

**वित्तीय वर्ष 2026-27 के जिन गतिविधियों/घटकों को सहायता दी जानी है उनका विवरण निम्नानुसार है -**

| क्रं. | इकाई का नाम | इकाई लागत (लाख में) | अधिकतम अनुदान (लाख में) | लक्ष्य (संख्या में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | छोटी नर्सरी, (बहुवर्षीय फलदार ग्राफ्टेड पौधों का उत्पादन) | 20.00 | 10.00 | 1 |
| 2 | मशरूम उत्पादन इकाई | 30.00 | 12.00 | 1 |
| 3 | मशरूम स्पॉन यूनिट | 20.00 | 8.00 | 2 |
| 4 | फार्म गेट पैक हाऊस (9मी. X 6मी. प्रति यूनिट) | 25.00 | 12.50 | 30 |
| 5 | इंटीग्रेटेड पैक हाऊस (18मी. X 22मी. प्रति यूनिट) | 160.00 | 56.00 | 2 |
| 6 | सोलर पॉवर कोल्ड रूम (सामान्य क्षेत्र) | 20.00 | 7.00 | 2 |
| 7 | सोलर पॉवर कोल्ड रूम (अनुसूचित क्षेत्र) | 20.00 | 10.00 | 2 |
| 8 | कोल्ड स्टोरेज टाइप-1 (सामान्य क्षेत्र) | 600.00 | 210.00 | 2 |
| 9 | कोल्ड स्टोरेज टाइप-1 (अनुसूचित क्षेत्र) | 600.00 | 300.00 | 1 |
| 10 | टेक्नोलॉजी इंडक्शन/मॉडर्नाइजेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज-बंडल कंपोनेंट (सामान्य क्षेत्र) | 43.50 | 15.225 | 11 |
| 11 | टेक्नोलॉजी इंडक्शन/मॉडर्नाइजेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज-बंडल कंपोनेंट (अनुसूचित क्षेत्र) | 43.50 | 21.75 | 10 |
| 12 | प्राइमरी मोबाइल/मिनिमल प्रोसेसिंग यूनिट (अनुसूचित क्षेत्र) | 35..00 | 17.50 | 1 |

**टीप :-** * योजना की विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट- http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi के नोटिस बोर्ड एवं भारत सरकार के एमआईडीएच पोर्टल व गाईड लाइन से प्राप्त किया जा सकता है। * बिंदु क्रं. 4 से 12 तक के घटकों का प्रस्ताव NCCD Guideline अनुसार ही तैयार किया जाना है। जिसकी विभागीय वेबसाइट- https://nccd.gov.in/ से प्राप्त किया जा सकता है।

G-262702071/2 — **सही/- संचालक, उद्यान**

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल, कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)
**फोन/ फैक्स नं. 07815-250157**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में नीलाम दिनांक 20.07.2026 को रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ / जलाऊ चटटा / व्यापारिक बांस/आद्योगिक बांस का ई- ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई - ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / काष्ठागार कसनिया से प्राप्त की जा सकती है।

**विवरण**

| अ. क्र. | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी |
| | | घ.मी | नग | घ.मी | नग | घ.मी | नग |
| 1 | सागौन | 325.505 | 6643 | 34.000 | 200 | 359.505 | 6843 |
| 2 | साल | 5096.506 | 6940 | 1200.000 | 300 | 6296.506 | 7240 |
| 3 | बीजा | 351.006 | 358 | 80.000 | | 431.006 | 358 |
| 4 | तिंसा | 29.731 | 258 | 20.000 | 200 | 49.731 | 458 |
| 5 | शीशम | 0.000 | 0 | | | 0.000 | 0 |
| 6 | खम्हार | 1.489 | 32 | | | 1.489 | 32 |
| 7 | हल्दू | 17.901 | 29 | | | 17.901 | 29 |
| 8 | साजा | 193.247 | 1175 | 35.000 | 200 | 228.247 | 1375 |
| 9 | धावड़ा | 156.859 | 870 | 100.000 | | 256.859 | 870 |
| 10 | सलिहा | 34.867 | 0 | | | 34.867 | 0 |
| 11 | नीलगिरी | 1.591 | 130 | | | 1.591 | 130 |
| 12 | शीशु | 0.000 | 0 | | | 0.000 | 0 |
| 13 | अन्य | 608.749 | 2520 | 8.000 | | 616.749 | 2520 |
| 14 | तेन्दू | 13.918 | 17 | | | 13.918 | 17 |
| | **योग (काष्ठ)** | **6831.369** | **18972** | **1477.000** | **900** | **8308.369** | **19872** |
| 14 | सागौन जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 15 | सतकठा जलाऊ | 1458 | चट्टा | 912 | चट्टा | 2370 | चट्टा |
| 16 | कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 17 | नीलगिरी | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 18 | सलिहा जलाऊ | 88 | चट्टा | 0 | चट्टा | 88 | चट्टा |
| | योग (जलाऊ) | 1546 | चट्टा | 912 | चट्टा | 2458 | चट्टा |
| 19 | व्यापारिक बांस (नग) | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन |
| 20 | औद्योगिक बांस (बण्डल) | 348 | बण्डल | 0.00 | बण्डल | 348 | बण्डल |
| | | 2.899 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 2.899 | नो. टन |
| | **योग (बांस)** | **2.899** | **नो.टन** | **0.000** | **नो.टन** | **2.899** | **नो.टन** |

**वनमण्डलाधिकारी**
**कटघोरा वनमण्डल कटघोरा**

G-262702057/2

# तालाकुर्रा धान खरीदी केंद्र में 1.14 करोड़ की गड़बड़ी, 3 पर गबन का मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज >> कांकेर**

तालाकुर्रा धान उपार्जन केंद्र में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान कथित रूप से 1 करोड़ 14 लाख 47 हजार 308 रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आने के बाद मामला गंभीर हो गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मरकाटोला के प्रबंधक की शिकायत पर धान खरीदी प्रभारी, कंप्यूटर आपरेटर और चौकीदार पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत एवं गबन का प्रकरण दर्ज किया गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मरकाटोला के प्रबंधक संतोष राजपूत ने पुलिस को बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान तालाकुर्रा धान उपार्जन केंद्र में 41,223 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इसमें से 37,396.52 क्विंटल धान का परिवहन मिलरों एवं संग्रहण केंद्रों तक किया जा चुका है। सहकारी समिति के कर्मचारी छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 87 के तहत लोक सेवक की श्रेणी में आते हैं, इसलिए उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मचारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए समिति की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। समिति और उससे जुड़े किसानों के हितों की रक्षा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की माँग किया।




## कलेक्टर ने किया पटवारी को सस्पेंड

**राजनांदगांव।** कलेक्टर ने सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति से नगद राशि लेते हुए वीडियो वायरल होने के मामले में डोंगरगढ़ तहसील के पटवारी रामकुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़ ने अपने प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि पटवारी हल्का क्रमांक 29 गाजमर्रा एवं अतिरिक्त प्रभार पटवारी हल्का क्रमांक 28 अण्डी के पटवारी रामकुमार जांगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें वे एक व्यक्ति से नगद राशि लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रतिवेदन के अनुसार प्रथम दृष्टया यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, अकर्मण्यता, स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। साथ ही यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते तथा निष्पक्ष विभागीय जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत रामकुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर निर्धारित किया गया है।

## नहर तोड़ने पर विवाद महिला सहित 3 घायल

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीवी क्रमांक-10 कृष्णनगर में नहर तोड़ने से रोकने पर पड़ोसी किसानों ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि एक आरोपी ने पत्थर से हमला कर किसान का सिर फोड़ दिया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे और पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पीवी क्रमांक-10 कृष्णनगर निवासी 60 वर्षीय मुरारीलाल डागुर ने थाना पखांजुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 11 जुलाई की दोपहर लगभग 2 बजे पड़ोसी किसान दीपक राय और आकाश राय ट्रैक्टर की सहायता से खैरकट्टा डेम की नहर (केनाल) को तोड़कर अपने खेत में मिलाने का प्रयास कर रहे थे। मना करने पर मारपीट की। शिकायतकर्ता ने जब इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

**eProcurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**(द्वितीय-आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 195063 / निविदा सूचना क्र. 06 / व.ले.लि. / 2026-27
दिनांक. 10.07.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 27.07.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

**कार्य का नाम** – बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत लछनपुर व्यवर्तन योजना के जलद्वारों का पेंटिंग तथा सुधार/ मरम्मत कार्य, रिमोट कंट्रोल सिस्टम का उन्नयन कार्य तथा कार्यस्थल पर प्रकाश व्यवस्था कार्य।अनुमानित **लागत – रू. 125.24 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)**

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.07.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :1 .** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है।
3. निविदा पूर्व अर्हता के संबंध में निविदा प्रपत्र फार्म बी. के कंडिका 2.1.1 (स.क्र. 4 एवं 5) एवं एनेक्चर । (पूर्व अर्हता एवं फार्म बी. दस्तावेज ) में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. छोड़कर निविदा भरा जाना है।

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

G-262702061/5

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 128/194820 | उपसंभाग -1 के अन्तर्गत मंत्रालय उपखण्ड में व्ही.आई.पी. बंगलों में विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण कार्य एवं डिपॉजिट कार्य। | रू.25.00 लाख |
| 129/194821 | उपसंभाग क्र.-1 के अंतर्गत सर्किट हाउस उपखण्ड में जजेस कॉलोनी में विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण कार्य एवं डिपॉजिट कार्य | रू.25.00 लाख |
| 130/194822 | S/R, M.O.W. Work And Deposite Work at Circuit House Section, Under Sub-Division No.1 Raipur (C.G.) | रू.25.00 लाख |
| 134/194824 | उपसंभाग-1 के अन्तर्गत उपखण्ड क्र.-4 में शांति नगर बी.टी. आई. क्षेत्र में विशेष मरम्मत लघुमूल गौण कार्य एवं डिपॉजिट कार्य। | रू.25.00 लाख |
| 135/194825 | Water Proofing Treatment Works Under Maintenance Sub- Division Raipur (C.G.) | रू.15.00 लाख |
| 136/194826 | S/R, MOW, Deposit & other Work to Non-Residential Buildings Under Sub-Division Survey, Raipur (C.G.) | रू.15.00 लाख |
| 138/194969 | उपसंभाग-1 के अन्तर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग कार्य। | रू.15.00 लाख |
| 143/194970 | Balance Work Outer Boundry Wall Around Mahila Jail and Side of Phe office at Central Jail, Raipur.C.G. | रू.68.03 लाख |
| 137/194971 | Providing and Fixing 5th Km Stone, Ordinary Km Stone, 0.20 Km Stone, Boundary Stone & Median Maintenance of Various Roads Under Survey Sub Division Raipur | रु.20.00 लाख |
| 124/194998 | Construction of Office for Divisional Joint Director Agriculture at Labhandih Raipur in Chhattisgarh Under Construction Sub Division No.1, Atal Nagar Nava Raipur (C.G.) | रू.159.10 लाख |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.07.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग,**
**रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)**

G-262702087/5

## कार्यालय प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.)(राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, जनजातीय कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्त संस्था, भारत सरकार द्वारा संचालित)

Email-id- emrssannajashpur2005@gmail.com

**Office of the Principal, Eklavya Model Residential School, Sanna, Distt.- Jashpur (C.G.)(National Education Society for Tribal Students, An Autonomous Organization under Ministry of Tribal Affairs Govt. of India)**

Email-id- emrssannajashpur2005@gmail.com

क्रमाँक / 174 / EMRS / अ.शि. / 2026-27 — सन्ना, दिनाँक- 08.07.2026

**-:: विज्ञापन ::-**

कलेक्टर / अध्यक्ष जिलास्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला जशपुर अंतर्गत जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना, विकासखण्ड- बगीचा जिला- जशपुर (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये अस्थायी रूप से अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम सी.बी.एस.ई. पैटर्न पर शाला संचालन हेतु निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षक पी.जी.टी., टी.जी.टी. एवं गैर शैक्षणिक पद की व्यवस्था हेतु पात्र अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता के अंको तथा वाक-इन-इंटरव्यू (चल-साक्षात्कार) के अंको के आधार पर बनाई गई मेरिट सूची के आधार पर अतिथि शिक्षक लिया जाना है। आवेदन पत्र दिनांक-9/07/2026 से 20/07/2026 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना विकासखण्ड- बगीचा जिला-, जशपुर (छ.ग.) में पंजीकृत डाक से अथवा अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक फार्म जमा कर सकते हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना जिला-जशपुर (छ.ग.) में पी.जी.टी. रसायन - 01 पद , पी.जी.टी. अर्थशास्त्र - 01 पद, पी.जी.टी. इतिहास - 01 पद, पी.जी.टी. अंग्रेजी -01 पद, टी.जी.टी. कला - 01 पद, स्टॉफ नर्स - 01 पद के पद रिक्त है। साक्षात्कार दिनांक 23.07.2026 को पी.जी.टी. रसायन, पी.जी.टी. इतिहास, स्टॉफ नर्स एवं 25.07.2026 को पी.जी.टी. अर्थशास्त्र, पी.जी.टी. अंग्रेजी, टी.जी.टी. कला, विषय शिक्षक हेतु जिला पंचायत सभागार जशपुर, जिला - जशपुर में आयोजित किया जाएगा। विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिला जशपुर की वेबसाईट jashpur.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**प्राचार्य**
**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

G-262702086/1

## कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 295/न.पा.नि./ लोनिवि/26-27 — अम्बिकापुर दिनांक 13/07/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो (System Tender No. 195041, 195042 195050, 195052, 195054 & 195056) हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**

## कार्यालय प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुढरूडांड, जिला - जशपुर (छ.ग.) (राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, जनजातीय कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्त संस्था, भारत सरकार द्वारा संचालित)

Email-id- emrsddhd@gmail.com

**Office of the Principal, Eklavya Model Residential School. Dhudhrudand, Distt.- Jashpur (C.G.) (National Education Society for Tribal Students, An Autonomous Organization under Ministry of Tribal Affairs Govt. of India)**

Email-id-emrsddhd@gmail.com

क्रमांक/544/EMRS/2026-27 — दुढरूडांड़, दिनाँक 10.07.2026

**विज्ञापन**

कलेक्टर / अध्यक्ष, जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला- जशपुर (छ.ग.) अंतर्गत जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुढरूडांड, विकासखण्ड- कांसाबेल, जिला - जशपुर (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये अस्थायी रूप से अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम सी.बी.एस.ई. पैटर्न पर शाला संचालन हेतु निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षक पी.जी.टी., टी.जी.टी. एवं गैर शैक्षणिक पद की व्यवस्था हेतु पात्र अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता के अंकों तथा वाक-इन-इंटरव्यू (चल - साक्षात्कार) के अंकों के आधार पर बनाई गई मेरिट सूची के आधार पर अतिथि शिक्षक लिया जाना है। आवेदन पत्र दिनांक 09/07/2026 से 20/07/2026 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ढुढरुडांड, विकासखण्ड - कांसाबेल, जिला- जशपुर (छ.ग.) में पंजीकृत डाक से अथवा अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक फार्म जमा कर सकते हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ढुढरूडांड, जिला-जशपुर (छ.ग.) में पी.जी.टी. रसायन 01 पद, पी.जी.टी. अर्थशास्त्र 01 पद, पी. जी. टी. अंग्रेजी 01 पद, पी. जी. टी. इतिहास 01 पद, पी. जी. टी. भूगोल 01 पद, पी. जी. टी. राजनीति विज्ञान 01 पद, पी.जी.टी. जीव विज्ञान 01 पद, पी.जी.टी. कम्प्यूटर साइंस 01 पद, टी.जी.टी. गणित 01 पद, टी.जी.टी. सामाजिक विज्ञान 01 पद, टी.जी.टी. पी.ई.टी. (महिला) - 01 पद, टी.जी.टी. संगीत 01 पद, काउंसलर 01 पद, स्टॉफ नर्स (महिला) 01 पद के पद रिक्त है। वाक-इन-इंटरव्यू (चल - साक्षात्कार ) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.07.2026 को विषय पी.जी.टी. रसायन, पी. जी. टी. इतिहास, टी.जी.टी. PET, 24.07.2026 को पी.जी.टी. जीवविज्ञान, पी.जी.टी. राजनीति विज्ञान, पी.जी.टी. भूगोल, टी.जी.टी. गणित, टी.जी.टी. सामाजिक विज्ञान, टी.जी.टी. संगीत, और काउंसलर 25.07.2026 को पी.जी. टी. अर्थशास्त्र, पी.जी.टी. अंग्रेजी, पी.जी.टी. कम्प्यूटर साइंस शिक्षक का जिला पंचायत जशपुर के सभागार में प्रारंभ किया जाएगा। विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिला - जशपुर की वेबसाईट http://www.jashpur.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**प्राचार्य**

G-262702089/2

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई. टी.क्र./ सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 50/ 194816 | S/R, Mow & Deposite Work at Mekahara Section & Consumer Forum Under Construction Sub Division No-2, Raipur (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 50.00 लाख |
| 23/ 194817 | B.T. & Wmm Patch Repair Work in Various Roads Under Sub Division, Tilda-Neora (1) Tilda-Bhurshuda- Gujra- Silpatti-Mohda Road, (2) Kodwa-Janjgira-Nakti-Khapari-Bartori-Rajiya-Chhapora - Manpur - Tulshi - Sarphonga-Alda- Bhatbhera Road, (3) Chicholi-Raikheda-Sontara-Devgaon-Khauna Road (4) Kharora to Kathiya Road (5) Devgaon to Madhi Road (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 15.00 लाख |
| 74/ 194818 | Providing and Fixing 5th Km Stone, Ordinary Km Stone, 0.20 Km Stone, Boundary Stone & Median Maintenance of Various Roads Under Survey Sub Division Raipur (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 20.00 लाख |
| 14/ 194819 | Renovation of V.C. Room, Construction of New Boundry Wall and Strong Room, Dismantling of Old Krishi Office, Old Abhiyona office, Sahayak Pariyojana Office and Filling Work in Between Court and Collectorate Campus, Raipur (C.G.) (तृतीय आमंत्रण) | रु. 27.71 लाख |
| 70/ 194827 | Ordinary Maintenance Work For Building At Mekahara Section & Nursing College Section Under Const. Sub Division No-2, Raipur (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 50.00 लाख |
| 12/ 194957 | Construction Of One New Room And One Library Room At District Judge Bunglow B-5/7, At Raipur District Raipur (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 25.31 लाख |
| 127/ 194507 | Ordinary Maintenance Work of Vidhansabha Res. Campus and Speaker House Under Vidhan Sabha Sub Division, Raipur (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रु. 20.00 लाख |
| 126/ 194508 | Ordinary Maintenance of Various Residential and Non-Residential Building Under Sub Div. Tilda-Neora, Dist. Raipur (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रु. 15.00 लाख |
| 131/ 194509 | Ordinary Maintenance work in Various Govt. Building of Ayurvedic College, Science College & Heerapur Section, Raipur (प्रथम आमंत्रण) | रु. 20.00 लाख |
| 132/ 194823 | Ordinary Maintenance work in Various Govt. Building in Kabeer Nagar, RTO, Auditorium & Siliyari 1 & 2 Section, Raipur (प्रथम आमंत्रण) | रु. 20.00 लाख |
| 133/ 194972 | Special Repair Work of Various Road & Culvert Under P.W.D. Sub Division No. 02, Raipur (प्रथम आमंत्रण) | रु. 20.00 लाख |
| 140/ 194973 | White Washing, Colour Washing, Distempering & Painting Work at Police Line Section Under Maintenance Sub-Division Raipur (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रु. 20.00 लाख |
| 76/ 195045 | Construction of Barrack- "A & B" For Int At Old Phq Campus Distt.-Raipur Chhattisgarh (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 41.15 लाख |

एन.आई.टी. क्र. 50 सिस्टम टेन्डर नं. 194816, एन.आई.टी. क्र. 23 सिस्टम टेन्डर नं. 194817 एन.आई.टी. क्र. 74 सिस्टम टेन्डर नं. 194818, एन.आई.टी. क्र. 70 सिस्टम टेन्डर नं. 194827, एन.आई.टी. क्र. 12 सिस्टम टेन्डर नं. 194957 एवं एन.आई.टी. क्र. 76 सिस्टम टेन्डर नं. 195045 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.07.2026 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 14 सिस्टम टेन्डर नं. 194819 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.07.2026 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 127 सिस्टम टेन्डर नं. 194507, एन.आई.टी. क्र. 126 सिस्टम टेन्डर नं. 194508, एन.आई.टी. क्र. 131 सिस्टम टेन्डर नं. 194509, एन.आई.टी. क्र. 132 सिस्टम टेन्डर नं. 194823, एन.आई.टी. क्र. 133 सिस्टम टेन्डर नं. 194972 एवं एन.आई.टी. क्र. 140 सिस्टम टेन्डर नं. 194973 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.07.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग,**
**रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)**

G -262702078/3

फैक्ट चेक के जरिए मंत्रालय ने किया साफ, कहा- भ्रम में न पड़े जनता

# विदेश मंत्रालय का नहीं है 'एमईए भारत' नामक कोई भी सोशल मीडिया अकाउंट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

क्या सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर विदेश मंत्रालय के कई अकाउंट एक साथ एक्टिव हैं? जिनके जरिए आम जनता आवश्यकता पड़ने पर संपर्क कर जानकारी या किसी भी प्रकार की मदद हासिल कर सकती है। जवाब नहीं में मिलेगा वर्तमान में मंत्रालय का जो खाता मुख्य रूप से एक्स प्लेटफार्म पर एक्टिव है। उसे विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल द्वारा संचालित किया जाता है। सोशल मीडिया पर इसे रणधीर जायसवाल 'एमईए भारत' के नाम से जाना जाता है। यह जानकारी सोमवार को विदेश मंत्रालय ने फैक्ट चेक के माध्यम से स्पष्ट की है। जिसकी पीछे की वजह हालिया समय में मंत्रालय के संज्ञान में आया एक फर्जी एक्स अकाउंट है। जो 'एमईए भारत' (मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स) के नाम से ऑपरेट किया जा रहा है।




## सावधानी बरतने की सलाह

*मंत्रालय ने 'एमईए भारत' नामक इस अकाउंट का एक स्क्रीन शार्ट शेयर करते हुए एक्स पर एक पोस्ट की है। जिसमें बताया गया है कि उन्हें मिला यह एक्स अकाउंट पूरी तरह से फर्जी है और इसका मंत्रालय से कोई लेना देना नहीं है। यह एक प्रकार से मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट को कॉपी कर आम जनता को गुमराह कर रहा है। जिसे देखते हुए विदेश मंत्रालय आमजन को मामले में उचित सावधानी बरतने की सलाह देता है।*

## जन जागरुकता की कवायद का हिस्सा

*गौरतलब है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। जब मंत्रालय ने इस तरह से तथ्यों को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया है। बल्कि उसके द्वारा समय-समय पर ऐसे कई भ्रामक सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में आम जनता को जागरूक किया जाता है। आगामी समय में भी यह प्रक्रिया जस की तस बनी रहेगी।*

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से कहा

# 'विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करने के लिए एनआरआई तक पहुंचो, कुछ नया करो'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) तक अपनी पहुंच और अधिक मजबूत करने तथा उनकी जरूरतों के अनुरूप नवोन्मेषी जमा (डिपॉजिट) उत्पाद विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा संसाधनों को बढ़ाने और भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती प्रदान करने के लिए बैंकों को एनआरआई समुदाय के साथ सक्रिय संपर्क अभियान चलाना चाहिए। वित्त मंत्री नई दिल्ली में फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट



(बैंक) जमा तथा ओवरसीज फॉरेन करेंसी बॉरोइंग्स स्वैप पहल की प्रगति की समीक्षा के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों के प्रबंध निदेशकों (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं।

## जागरूकता और संपर्क कार्यक्रम तेज करें

*बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने बैंकों से कहा कि वे एनआरआई समुदाय के बीच जागरूकता और संपर्क कार्यक्रमों को और तेज करें, ताकि विदेशी मुद्रा जमा जुटाने की गति बनी रहे। उन्होंने इस दिशा में आकर्षक और नवाचार आधारित डिपॉजिट योजनाएं शुरू करने पर भी जोर दिया। बैठक में विभिन्न बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों के एमडी एवं सीईओ ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुरू की गई स्वैप सुविधा योजनाओं के तहत हुई प्रगति की जानकारी दी।*

## कारगिल विजय दिवस आज रक्षा मंत्री करेंगे आगाज

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस की 26 जुलाई को 27वीं वर्षगांठ है। लेकिन उससे पहले देश के सैन्य-सामरिक गलियारों में इसे लेकर मनाए जाने वाले जश्न की व्यापक रूपरेखा तैयार हो गई है। जिसके तहत मंगलवार (14 जुलाई) को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) पर एक बाइक रैली को हरी झंडी प्रदान कर इस बाबत आयोजित किए जाने वाले समारोह की औपचारिक रूप से शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस.राजा सुब्रमणि और सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ शामिल हो सकते हैं।

## 'नमस्ते दिवस' आज देशभर में कार्यक्रम

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय मंगलवार को तीसरे 'नमस्ते दिवस' का आयोजन करेगा। यह दिवस नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देशभर के स्वच्छता कर्मियों के योगदान का सम्मान करना और मैनुअल स्कैवेंजिंग को पूरी तरह समाप्त कर सुरक्षित एवं मशीनीकृत स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के अनुसार मुख्य समारोह कोलकाता के रवीन्द्र सदन में आयोजित किया जाएगा, जहां दिव्य कला मेला भी आयोजित हो रहा है।

भारत टेक्स 2026' आज से, 14 देशों की रहेगी भागीदारी

# 20 हजार से अधिक टेक्सटाइल उत्पाद का दिल्ली में लगेगा मेला

हरिभूमि ब्यूरोः नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र एवं परिधान आयोजन 'भारत टेक्स 2026' मंगलवार से नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में शुरू होगा। चार दिनों तक चलने वाला यह आयोजन वस्त्र, फैशन, टिकाऊ विकास (सस्टेनेबिलिटी), प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करेगा।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश-विदेश के वस्त्र निर्माता, निर्यातक, वैश्विक खरीदार, निवेशक, नीति-निर्माता, विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल, पारंपरिक शिल्पकार, स्टार्ट-अप और टेक्नोलॉजी प्रदाता एक ही मंच पर जुटेंगे। आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ावा देना और भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए नए अवसर सृजित करना है।




## आएंगे 7,000 से अधिक खरीदार

*नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के अध्यक्ष नरेन गोयनका ने बताया कि भारत टेक्स 2026 के तीसरे संस्करण में 7,000 से अधिक खरीदारों, 1.30 लाख से अधिक व्यापारिक आगंतुकों तथा बड़ी संख्या में प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रदर्शनी में 20,000 से अधिक टेक्सटाइल उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, पुर्तगाल, स्पेन, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल सहित कई देश शामिल हैं। इससे भारत के वस्त्र उद्योग को वैश्विक बाजारों से जोड़ने और निर्यात बढ़ाने के नए अवसर मिलेंगे।*

## निवेश आकर्षित करने में होगा मददगार

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '5एफ विजन' – फार्म टू फायर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन, फैशन टू फॉरेन से प्रेरित भारत टेक्स अब वैश्विक स्तर पर वस्त्र उद्योग का एक प्रमुख मंच बन चुका है। यह आयोजन व्यापार, निवेश, नवाचार, नीतिगत संवाद और रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ संपूर्ण टेक्सटाइल वैल्यू चेन को एक मंच पर लाने का कार्य कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत टेक्स 2026 भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में और अधिक मजबूत स्थान दिलाने, निर्यात बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने तथा 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

रेलवे को दिए कार्रवाई के आदेश

# कलकत्ता हाईकोर्ट बोला- टीटीई सब्जी की तरह खाली बर्थ बेचते हैं

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा कि कुछ ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई) ट्रेनों में खाली बर्थ को बाजार में सब्जियों की तरह बेचते हैं। कोर्ट ने देश के सभी रेलवे जोन के जनरल मैनेजरों को निर्देश दिया कि ऐसे दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अदालत ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें नशीला पदार्थ देकर लूट का शिकार बने एक यात्री की मौत हो गई थी। दरअसल, फरवरी 2009 में न्यू जलपाईगुड़ी से सियालदह जा रहे दो यात्रियों ने बिना रिजर्वेशन टिकट के साथ तीस्ता तोरसा एक्सप्रेस में सफर शुरू किया था। दोनों ने एक टीटीई को पैसे देकर खाली बर्थ हासिल की। बाद में दो अपराधियों ने उन्हें नशीला पदार्थ खिलाकर उनके कीमती सामान लूट लिए।



## हाईकोर्ट ने टीटीई को लेकर यह कहा

*जस्टिस राजशेखर मंथा और जस्टिस बिस्वरूप चौधरी की डिविजन बेंच ने कहा कि यह अदालत अपने इस फैसले की प्रति ईस्टर्न रेलवे और देश के सभी रेलवे जोन के जनरल मैनेजरों को भेजने के लिए बाध्य है, ताकि उन टीटीई के खिलाफ अधिकतम सजा सुनिश्चित की जा सके, जो ट्रेनों में खाली बर्थ को बाजार में सब्जियों की तरह बेचते हैं।' कोर्ट ने कहा कि ऐसे गैरजिम्मेदाराना व्यवहार के कारण एक यात्री की जान चली गई, जबकि वह मूल रूप से केवल चोरी का शिकार हुआ था।*

## इस तरह की घटनाओं पर कोर्ट चिंतित

*अदालत ने कहा कि इस तरह के कई मामले सामने ही नहीं आ पाते। छोटी चोरी के शिकार होने वाले यात्रियों को भी कई बार गंभीर चिकित्सकीय परिणाम भुगतने पड़ते हैं। ऐसे अपराधों की शुरुआत टीटीई के हाथों से होती है।*

## कोर्ट ने की टिप्पणी

*कोर्ट ने जांच और अभियोजन की प्रक्रिया में कई गंभीर कमियों की ओर भी ध्यान दिलाया। अदालत ने पुलिस की आलोचना करते हुए कहा कि जांच अधिकारियों को अधिक ईमानदारी, मेहनत और समर्पण के साथ जांच करनी चाहिए, ताकि भारतीय रेलवे में यात्रा करने वाले लोगों का जीवन और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।*

## आरोपियों की सजा

*इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने आलोक घोष और गोपाल मिस्त्री को दोषी ठहराते हुए हत्या की धारा 302 के तहत उम्रकैद और धारा 328 के तहत नशीला पदार्थ देकर नुकसान पहुंचाने के अपराध में सात वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके अलावा उन्हें चोरी और दूसरे यात्री की हत्या के प्रयास के मामले में भी दोषी ठहराया गया था।*

# नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे दर्जनभर युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अरब सागर में अपनी उपस्थिति मात्र से पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान के होश उड़ाने वाली भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता में आने वाले वर्षों में चार चांद लगने वाले हैं। जिसके बाद पाकिस्तान के साथ-साथ चीन भी भारत के खिलाफ कोई गुस्ताखी करने से पहले सौ बार सोचेगा। क्योंकि नौसेना के जंगी बेड़े में 16 युद्धपोत (स्टेल्थ फ्रिगेट, डिस्ट्रॉयर और अन्य जहाज) शामिल होंगे। रक्षा सूत्रों ने बताया कि देश की समुद्री सेना अपने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुल करीब 1 लाख करोड़ रुपए की भारी-भरकम निर्माण लागत के साथ तीन परियोजनाओं पर आगे बढ़ने की दिशा में ध्यान केंद्रित कर रही है। जिसमें प्रोजेक्ट 15सी, 17बी और 18ए मुख्य रूप से शामिल हैं।

## जल्द ही निपटेंगे 800 सबसे पुराने लंबित मामले

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत ने एक खास रोस्टर जारी किया है, जिसके तहत चार खास बेंचें सुप्रीम कोर्ट के सबसे पुराने सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई करेंगी। हाल के वर्षों में सुप्रीम कोर्ट की पहली व्यवस्थित डॉकेट-मैनेजमेंट प्रक्रिया के तहत, पुराने लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए लगभग 800 ऐसे मामलों की पहचान की गई है जिनका जल्द निपटारा किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल का मकसद न्याय व्यवस्था में जनता का भरोसा फिर से कायम करना है। इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पुराने मामलों पर लगातार ध्यान दिया जाए। सीजेआई ने कहा, 'न्यायपालिका की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सिर्फ मुकदमों का फैसला करना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसे समय में निपटाना है जिससे कानून के शासन में नागरिकों का भरोसा बना रहे।

## चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से ममता नाखुश

**हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली।** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर निशाना साधा। बनर्जी ने 'असली' तृणमूल कांग्रेस को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी को और समय नहीं देने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी आयोग की चुप्पी से बागी गुट को अनावश्यक राहत मिल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उनके गुट को जवाब दाखिल करने के लिए केवल ढाई कार्य दिवस मिले, जबकि ऋतब्रत बनर्जी के गुट को अतिरिक्त समय दिया गया। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई के बाद भी आयोग की चुप्पी यह संकेत देती है कि बागी गुट को और अवसर दिया जा रहा है। ममता गुट ने अपने जवाब में बागी गुट के दावे को पूरी तरह खारिज किया है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

### Appointment आवश्यकता

#### टीचर

**आवश्यकता है-** लेडी प्रिंसीपल, वाईस प्रिंसीपल एवं एकाउंट, मैथ्स, मैनेजमेंट इको, एसएसटी, इंग्लिश पढ़ाने हेतु, डांस, म्यूजीक, स्पोर्ट्स शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता हैं। **साक्षात्कार 15.07.2026 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855.** (आरो-097)

#### सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** बैंगल की दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल की आवश्यकता है। कंप्यूटर जानकर graduated वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क द बैंगल स्टूडियो शुभम 'केमार्ट के सामने संतोषी नगर रायपुर 93028-22500.** (आरो-280)

#### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है रायपुर शहर में बिजली फिटिंग करने के लिए अनुभवी इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है **शीघ्र संपर्क करें। नरेंद्र साहू ब्राह्मण पारा रायपुर मोबाइल :- 70241-77554, 81207-47449.** (आरो-885)

#### ऑफिस बॉय/प्यून

**आवश्यकता है-** ऑफिस बॉय प्यून जिसे साफ- सफाई, माल लोड अनलोड करना, किचन कार्य/चाय बनाना एवं वाहन 04 व्हीलर चलाना आता हो **संपर्क करें। संपर्क कर्ता मोबाइल :- 9301512896.** (आरो-884)

#### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** चायपत्ति में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है **संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों नं. - 74699-80000, 0771-4075490.** (आरो-883)

#### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समैन, सेल्सगर्ल, मिठाई कारीगर एवं भेल, सैंडविच, शेक कारीगर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं. रहने की सुविधा उपलब्ध। **संपर्कः पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपुर. मोबाइलः 9893397633.** (RO-16576)

#### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** उषा होम एप्लायन्सेस में सर्विस टेक्नीशियन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **सम्पर्क करें- न्यू राजेन्द्र नगर पवन विहार कॉलोनी रायपुर 9755960687.** (आरो-41402)

#### ऑफिस बॉय/डिजाइनर

**आवश्यकता है-** (1)ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस बॉय की जिसे कंप्यूटर की बेसिक जानकारी हो। वेतन योग्यतानुसार। (2) अनुभवी ग्राफिक डिजाइनर फूल टाईम चाहिए जो कोरल एवं फोटोशॉप में डिजाइनिंग का कार्य कर सके। वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित **संपर्क करें :- 93001-60001, 9171790977.** (आरो-897)

#### मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता वेतन -12000 + इंसेंटिव ऑफिस का **पता - शंकर नगर, चौपाटी हाउसिंग बोर्ड कॉम्पलेक्स, 414,415 चौथी मंजिल, रायपुर ( मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक ) 9098334681, 7869745488.** (आरो-meeth)

#### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** किताब दुकान में कार्य हेतु परमानेंट पार्ट/ फूल टाइम युवक युवतियों, लड़कों (8वीं, 12वीं, स्नातक) की आवश्यकता है। वेतन पांच अंको में योग्यतानुसार। **जैन बुक डिपो, सदर बाजार, रायपुर। 8109535868.** (RO-398)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। **पताः- रेमंड शोरूम के पीछे पंडरी रायपुर मों.:-89599-61875.** (आरो-888)

#### मैनेजर/पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** माना बस्ती स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प मे कार्य हेतु मैनेजर एव पम्प स्टाफ की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करेः- 9329798983, 7755098983.** (आरो-046)

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करे डागा **पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक स्टेशन रोड रायपुर मो. 8109135400, 9179380728.** (आरो-896)

#### ड्रायवर

**शीघ्र आवश्यकता-** स्कूल बस चालक/ मैजिक चालक- 5 पद, परिचालक - 5 पद, सुरक्षागार्ड- 05 पद, आया मदर -8 पद, **संपर्क करे- मो. नं. 7389358588, 7805015500, पता- 01, सुंदर नगर रायपुर** (आरो-ghos)

#### मैनेजर/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** (1) ट्रान्सपोर्ट मैनेजर (जो सभी गाड़ियों का पूर्ण मैनेजमेंट करे) (2) मेन्टेन्स सुपरवाइजर (जो ट्रकों के पूर्ण रखरखाव का अनुभवी हो) (3) ट्रक ड्राइवर (जो ट्रेलर 14 चक्का गाड़ियां चलाने का कम से कम 5वर्ष का अनुभव हो) **सम्पर्क करें- विशाल मोटर्स 7000470116, 7974174906.** (RO-41360)

#### होटलकर्मी

**आवश्यकता है-** होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर, कप्तान जानकार को प्राथमिकता। **संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव-प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590** (आरो नं.-311)

### Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.** (आरो न.-4157)

### Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** निशुल्क छत्तीसगढ़िया ज्योतिष- विचार, देखाइया "बईगा" चमत्कारी काली माई की शक्ति से आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, साब्बो समस्या के समाधान बर एक बेर जरूर मिलव **मों:- 8461886239.** (आरो- 886)

### Property प्रापर्टी

#### प्लाट

**बेचना है-** रायपुर - आई. ए. एस. कॉलोनी, धरमपुरा स्थित प्लॉट नंबर 194, 4454 वर्गफुट आवासीय फ्रीहोल्ड भूमि पूर्व एवं पश्चिम मुखी बेचना है। इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करें। 9301004560.** (आरो-887)

#### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हरिभूमि

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD — हरिभूमि — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
COLOUR 20% Extra Charge For Display
GST For All Ad
MATRIMONIAL CG+MP (Runing Matter) 500 /-1 Sunday, 900 /-2 Sunday, 1200/-3 Sunday; (Size 5x1 Box) 800 /-1 Sunday, 1200 /-2 Sunday, 1500/-3 Sunday

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

HEALTH CARE 10X1


| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com




नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Healthcare






## जैकेट के शेष

### छग में अब 15 सरकारी मेडिकल...

में सीटों की अनुमति के लिए भेजे गए आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया था। एनएमसी ने जो कमियां बताई थीं, उन्हें दूर करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से पुनः आवेदन किया गया, जिस पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्वीकृति प्राप्त हुई। **पांच निजी कालेजों में 900 सीट, एक कतार में :** राज्य में वर्तमान में पांच निजी मेडिकल कालेज है जहां एमबीबीएस की कुल 900 सीटें है। इन्हें मिलाकर राज्य में एमबीबीएस के सीटों की संख्या 3500 हो चुकी है। आने वाले दिनों में नवा रायपुर में एक अन्य निजी मेडिकल कालेज 100 सीटों के साथ खोलने की तैयारी है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मेडिकल कालेज होने के बाद स्वास्थ्य सेवा के संचालन में डाक्टरों की कमी होने का कारण समाप्त हो जाएगा। नए कालेजों में आने वाले दिनों में पीजी की सीटों का भी इजाफा होगा जिससे ज्यादा विशेषज्ञ डाक्टर बन सकेंगे।

### चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य...

छत्तीसगढ़ के आदिवासी वनांचल कुनकुरी (जशपुर) तक नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन सरकार विकास के अवसरों को प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन ला रही है। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के प्रति समस्त छत्तीसगढ़वासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताते हुए कहा है कि पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न सिर्फ स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

### छग विस में राम राम, चढ़ावा ...

में योगदान दिया है इसलिए यह मुद्दा चर्चा के लिए प्रासंगिक है। चरणदास महंत ने कहा, विधानसभा के सदन ने 2024 में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर आभार व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था और सदन में इस मामले पर चर्चा भी हुई थी।

### भूपेश बघेल ने लगाया...

इस पर कड़ी आपत्ति जताई। बहस के बाद दोनों पक्षों के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने भूपेश बघेल से पूछा कि आपने कितना पैसा दिया है? श्री बघेल ने चेक क्रमांक बताते हुए कहा, राम जन्मभूमि ट्रस्ट को एक लाख 21 हजार रुपए दिया है।

### बाल संप्रेक्षण गृह में चौकीदार की...

का आरोप है कि आरोपियों ने नरेंद्र कुमार खाण्डे के हाथ-पैर चादर से बांध दिए, उनके साथ बेरहमी से से उसके साथ मारपीट कर गला दबाया गया और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह समेत जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उसके बाद फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वायड की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाया। हत्या की सनसनीखेज वारदात से पुलिस प्रशासन में हड़कप मचा रहा। शाम तक आरोपी पकड़े नहीं गए थे।

घटना की सूचना मिलते ही सरकंडा थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। फरार चारों अपचारी बालकों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है।

### हरिभूमि-आईएनएच का संवाद ...

कार्यक्रम का आयोजन आगामी 19 जुलाई को शहर के रायपुर नाका स्थित एबीस ग्रीन होटल में दोपहर दो बजे से किया जाएगा। इस आयोजन में पांच राउंड में शहर सहित जिले के विकास को लेकर चर्चा की जाएगी। जिसमें जनप्रतिनिधि, पुलिस-प्रशासन, समाजसेवी, उद्योगपति, व्यापार सहित सभी क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। आयोजन में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक भोलाराम साहू, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व विधायक छन्नी साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन यादव, शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, उद्योगपति बहादुर अली, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी, शिक्षाविद नीरज बाजपेयी, उद्योगपति सुनील मुंदड़ा, उद्योगपति सुनील अग्रवाल, चिकित्सक डॉ. प्रकाश खुंटे, चेंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष कमलेश बैद, कैट अध्यक्ष राजू डागा शामिल होंगे। इसके साथ ही जिले के कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं एसपी अंकिता शर्मा से भी जिले को लेकर चर्चा की जाएगी।

## काशी, मथुरा और संभल विवाद : कहा- केस लड़कर फैसला चाहते हैं

# हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में राम मंदिर का मुद्दा सुलझने के बाद, मंदिरों से जुड़े तीन और बड़े विवाद चर्चा में हैं। इनमें सबसे चर्चित मंदिर-मस्जिद विवाद वाराणसी का ज्ञानवापी, मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद का विवाद शामिल हैं। हांलाकि इनकी गंभीरता देखते हुए सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने इन मामलों में सहमति आधारित समाधान तलाशने के उद्देश्य से पक्षकारों को मध्यस्थता यानी मेडिटेशन प्रक्रिया में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। लेकिन यह परवान नहीं चढ़ सका।

हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों ने इस पहल को अस्वीकार करते हुए मंशा जाहिर की है कि वे विवाद का समाधान केवल न्यायिक प्रक्रिया और कानूनी फैसले के माध्यम से चाहते हैं। ऐसे में अब सभी की निगाहें सुप्रीम कोर्ट की आगामी सुनवाई और उसके निर्णय पर टिक गई हैं।

### पक्षकारों ने क्यों ठुकराया



*देश में चल रहे तीन अन्य प्रमुख विवाद जिनमें वाराणसी का ज्ञानवापी, मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद का विवाद शामिल हैं, लगता है सुप्रीम कोर्ट की प्राथमिकता सूची में हैं। इन विवादों को जल्द सुलझाने की उम्मीद के साथ सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने 'समाधान समारोह 2026' के तहत सहमति आधारित विवाद निपटारे की पहल की थी। लेकिन ज्ञानवापी, मथुरा और संभल मामलों के प्रमुख पक्षकारों ने इस विकल्प को स्वीकार नहीं किया। दोनों पक्षों का कहना है कि इन विवादों में महत्वपूर्ण कानूनी और संवैधानिक प्रश्न जुड़े हैं, जिनका समाधान केवल अदालत के फैसले से ही संभव है। आपको बता दूं कि मध्यस्थता पूरी तरह स्वैच्छिक प्रक्रिया होती है और किसी भी पक्ष पर इसे स्वीकार करने का दबाव नहीं डाला जा सकता।*

### तीनों मंदिर विवादों का कानूनी आधार और वर्तमान स्थिति

*1 ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष का दावा है कि मस्जिद का निर्माण प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर के अवशेषों पर हुआ था, जबकि मुस्लिम पक्ष इन दावों का विरोध करता है और प्लेसेस ऑफ वर्कशिप एक्ट, 1991 का हवाला*

*2 मथुरा विवाद में हिंदू पक्ष शाही ईदगाह परिसर को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि का हिस्सा बताता है और 1968 के समझौते की वैधता पर प्रश्न उठाता है। दूसरी ओर, मस्जिद प्रबंधन इस समझौते और मौजूदा कानूनों के आधार पर अपना पक्ष रख रहा है।*

*3 संभल में हिंदू पक्ष के अनुसार प्राचीन 'हरिहर मंदिर' (श्री हरि मंदिर) को तोड़कर संभल की 'शाही जामा मस्जिद' बनाई गई थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद मुगल शासक बाबर द्वारा 16वीं शताब्दी में एक प्राचीन 'हरिहर मंदिर' (श्री हरि मंदिर) को तोड़कर बनाई गई थी। वहीं, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह मस्जिद हमेशा से इबादत की जगह रही है। संभल विवाद में याचिका के आधार पर अदालत द्वारा कराए गए सर्वे के बाद व्यापक तनाव और हिंसा हुई थी*

## पेज एक के शेष

### भारत की बेटियों ने पुरुषों को...

कप्तान कपिल देव की अगुवाई में 1986 में आई थी, जब भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद एमएस धोनी की कप्तानी में भारत 2014 में 95 रन से जीता तो विराट कोहली के नेतृत्व में 151 रन से 2021 में जीत दर्ज की। वहीं, अब भारत ने हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में 270 रनों के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की है, जो रनों के हिसाब से सबसे बड़ी है।

### हाईकोर्ट ने पूछा- दोषियों पर...

मामले में तीन महीने में विभागीय जांच पूरी कर कार्रवाई करने की बात कही गई है। मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर के पहसे सप्ताह में होगी। यह पूरा मामला बसना ब्लॉक के रोहिणी गांव की छात्रा नीता जगत के साहस से जुड़ा है। नीता, जो स्वयं सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा है, उसका परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद स्कूल, भंवरपुर में था। परीक्षा के दौरान जब उसने देखा कि शिक्षक स्वयं छात्रों को उत्तर लिखवा रहे हैं और मोबाइल का खुलेआम उपयोग हो रहा है, तो उसने चुप रहने के बजाय सबूत जुटाने का निर्णय लिया। नीता ने स्टिंग ऑपरेशन के जरिए नकल की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया। छात्रा का सवाल था कि अगर इस तरह नकल होगी, तो ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्र क्या करेंगे।

### सीबीआई की टीम पहुंची नौगई...

भर के अंदर ही 13 जुलाई को सुबह दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस से सीबीआई की टीम बैकुण्ठपुर रोड रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से टीम चरचा कॉलरी के पंचवटी अतिथि गृह में ठहरने के बाद कोरिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, जहां अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेने के पश्चात तीन वाहनों से घटना स्थल ग्राम नौगई के लिए रवाना हुई। सूत्रों के अनुसार सीबीआई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरजीत सच्चन के नेतृत्व में डीएसपी, 2 टीआई सहित 6 विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी जुटाई।

**सरकार ने दी थी मंजूरी:** कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में राज्य सरकार ने सीबीआई से जांच कराने की सहमति बीते 30 जून को दे दी थी। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने पीड़ित परिवार से चर्चा की थी, जिसके बाद सरकार की ओर से सीबीआई जांच की सहमति दे दी गई थी। विदित हो कि इस जघन्य हत्याकांड के बाद शुरूआत से ही परिजन सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे।

**सोनहत थाने में दर्ज है मामला:** कोरिया जिले के सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम नौगई में हुए तिहरे हत्याकांड मामले में अब तक कुल 12 आरोपी जेल दाखिल करा दिए गए हैं। मामले में प्रार्थी आदित्य सिंह पिता स्व. भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह निवासी महलपारा बैकुंठपुर की सूचना पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 66/2026 के तहत धारा 190, 191(2), 191(3), 109, 324, 103(1), 326(जी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### कोटा में पटरी से उतरे मालगाड़ी...

11 जुलाई को कटनी से बिलासपुर होकर जांजगीर-चांपा की ओर जाने वाली खाली मालगाड़ी के वैगन का पहिया चुचुहियापारा रेलवे यार्ड के पास पटरी से उतर गया था। हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन उतरे मालगाड़ी के पहिए को पटरी पर लाने के लिए 24 घंटे का समय लग गया। इस मामले की जांच कमेटी सोमवार को गठित की जानी थी, लेकिन जांच टीम गठित करने से पहले बिलासपुर रेल मंडल में मालगाड़ी डिरलमेंट की एक और घटना से जोन और डिवीजन स्तर पर हड़कंप मच गया। सोमवार की दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर अनूपपुर, पेण्ड्रारोड से बिलासपुर आ रही खाली मालगाड़ी के तीन वैगन करगीरोड कोटा के प्लेटफार्म नम्बर दो डाउन लाइन नम्बर तीन पर बेपटरी हो गए। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी के कोटा स्टेशन पहुंचने से पहले चालक ने देखा कि आगे लाइन पर एक जेसीबी मशीन की बकेट पड़ी हुई थी। इसे देखने के बाद लोको पायलट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाया, ताकि ट्रेन को रोका जा सके। बाकेट और ट्रेन की दूरी कम होने की वजह से इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद मालगाड़ी के सामने का हिस्सा टकरा गया। इसकी वजह से इंजन के पीछे लगा पहला, तीसरा और छठवें नम्बर का वैगन पटरी से उतर गया। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर रेल मंडल के अधिकारी और कर्मचारी के साथ एआरटी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अफसरों ने बेपटरी हुए वैगन को लाइन पर लाने का काम शुरु कराया। इस दौरान बिलासपुर से अनूपपुर के बीच अप और मीडिल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। वहीं प्रारंभिक जांच में रेल लाइन पर जेसीबी की बकेट पड़े होने की वजह से दुर्घटना की आशंका व्यक्त की जा रही है।

**अब दो घटना की जांच एक साथ:** रेल अफसरों के अनुसार शनिवार 11 जुलाई को चुचुहियापारा रेलवे यार्ड में मालगाड़ी के डिरलमेंट की जांच के लिए रविवार को दूसरे दिन छुट्टी होने की वजह से जांच टीम गठित नहीं हो सकी। इसके उपरांत 13 जुलाई को बिलासपुर डिवीजन के कोटा में दूसरी मालगाड़ी के वैगन के उतरने की घटना हो गई। इन दोनों घटनाओं की जांच एक साथ करने के लिए टीम का गठन किया जा रहा है।

### झूठे पॉक्सो केस चिंताजनक...

खिलाफ बच्चों को यौन उत्पीड़न से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रवाधनों पर चिंता जाहिर करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि 'जब किशोर लड़कियां अपने प्रेमी के साथ भाग जाती हैं, तो माता-पिता अक्सर अपनी तथाकथित 'इज्जत/प्रतिष्ठा' बचाने के लिए आपराधिक कानूनी कार्रवाई का सहारा लेते हैं।' जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि 'राज्य किसी लड़की और लड़के के भागने को कैसे रोक सकता है? उन्होंने यह भी कहा कि 15 से 18 साल की उम्र संवेदनशील होती है और यह नई चीजें आजमाने या अनुभव करने की उम्र है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या यह वाकई पॉक्सो का मामला बनता है?' सुप्रीम कोर्ट ने किशोरों की निजता के अधिकार से जुड़े एक स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की सुनवाई करने के दौरान यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2023 के एक विवादित फैसले के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया था, जिसमें किशोर लड़कियों से कहा गया था कि वे रिश्तों में पड़ने के बजाय अपनी यौन इच्छाओं पर 'काबू' रखें। बाद में, किशोरों की निजता के अधिकार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज होने और कई निर्देश जारी होने के बाद, 2024 में शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया था।

## कोरोना पर नया अपडेट

# तीन राज्यों में 10 एक्टिव केस अकेले आंध्र प्रदेश में 8 मामले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में कोरोना वायरस ने फिर दस्तक दी है, लेकिन अभी इसने खतरनाक रूप नहीं लिया है। फिलहाल देश के 3 राज्यों में ही कोरोना केस एक्टिव हैं और इनकी संख्या 10 है।

इनमें से 8 केस आंध्र प्रदेश में एक्टिव हैं। एक केस महाराष्ट्र के मुंबई में मिला है, क्योंकि बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू के बेटे जान कुमार सानू कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। वहीं उत्तर प्रदेश की बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के एक छात्र की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। लेकिन इन मामलों ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है।

### रैपिड रिस्पॉन्स टीमें तैनात



*कोरोना ने इस बार सबसे पहले आंध्र प्रदेश में दस्तक दी है। यहां के कडपा जिले में कोरोना संक्रमित 2 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं वर्तमान में 8 केस एक्टिव हैं, जिन्हें आइसोलेट कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कडपा में रैपिड रिस्पॉन्स टीमें तैनात कर दी हैं। इन टीमों ने कोरोना प्रभावित इलाकों में 40 लोगों के सैंपल लिए थे, जिनमें से 18 की रिपोर्ट नेगेटिव है। लेकिन 2 मरीजों की मौत होने से प्रदेश सरकार टेंशन में है और स्वास्थ्य विभाग को एहतियाति कदम उठाने का आदेश दिया है।*

### कुमार सानू के बेटे अस्पताल में भर्ती

*बता दें कि मशहूर बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू के बेटे और बिग बॉस शो के कंटेस्टेंट रहे जान कुमार सानू को कोरोना हुआ है। उन्होंने खुद वीडियो जारी करके कोरोना होने की जानकारी दी और बताया कि उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और वे इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। जान ने अस्पताल के अंदर का ही वीडियो जारी किया है।*


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं. - 35, पिन - 490006
Website:-risali.urbanecg.gov.in

क्रं./लो.क.वि./2026/790 रिसाली, दिनांक 10/07/2026

-:: निविदा सूचना ::-

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा फार्म का शुल्क डी.डी के रूप में आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली के नाम से एवं निविदा फार्म तथा अन्य दस्तावेज कार्यालय में स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 03.08.2026** सांय 5.30 बजे तक 2. निविदा प्रपत्र खोले जाने की **अंतिम तिथि 04.08.2026** को पूर्वान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) रू. |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 06 रूआबांधा सेक्टर गणेश मैदान में डोम शेड में टाईल्स एवं रेलिंग लगाने का कार्य। (भवन एस. ओ. आर 10.06.2026) | 2.51 |
| 2 | वार्ड क्रं. 09 डी.पी.एस रिसाली सेक्टर अंतर्गत ब्लॉक नं. 278 से 281 तक एवं ब्लॉक नं. 272 से 274 तक नाली निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) (भवन एस.ओ.आर 10.06.2026) | 4.23 |
| 3 | वार्ड क्रं. 27 मैत्री नगर रिसाली सेवन शूज के सामने भवन में संधारण कार्य। (भवन एस.ओ. आर 20.04.2026) | 1.27 |
| 4 | वार्ड क्रं. 28 शक्ति विहार रिसाली में केशवानी टाईल्स एवं जय दुर्गा टाईल्स के पास रोड चौड़ीकरण कार्य। (रोड एस.ओ.आर 15.06.2026) | 7.01 |

नियम एवं शर्तें तथा कार्यो का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम रिसाली



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co. Ltd.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Chief Engineer (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013
Website-www.cspc.co.in, E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267

No. 02-07/Tender/P-1961/459 Raipur, Dtd. 10.07.2026

NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)

Tenders are invited from experienced eligible bidders for following work on labour contract basis :-

| S. No. | Particulars of works | EMD (Rs.) | Last date/ time for submission of tender |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender for Job work for onsite testing of interface CTs (07 sets i.e. 21 Nos.) & PTs (07 sets i.e. 21 Nos.) of EHV dedicated consumers under EE (MRT) Dn. -I & II, CSPTCL, Raipur. | 30,000/- | 30/07/2026 14:00 Hrs. |

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Sub-Station)
CSPTCL: Raipur(C.G.)



**कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य आयुष सोसायटी राष्ट्रीय आयुष मिशन संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष)इन्द्रावती भवन तृतीय तल ब्लॉक-1 अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़**
दूरभाष क्रमांक 0771-4052949 ई-मेल cgnamoffice@gmail.com

क्रमांक/ 07/02/राआमि/I/513354/2026 नवा रायपुर दिनांक/10-07-2026

//विज्ञापन सूचना//

संचालनालय आयुष, राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों/राज्य स्तरीय आई०ई०सी० यूनिट हेतु स्वीकृत संविदा के आधार पर (एकमुश्त संविदा वेतन) डिस्टीट्कट प्रोग्राम मैनेजर-03 पद, मॉनिटरिंग एंड इवैल्युवेशन कन्सल्टेंट-01 पद, प्रोग्राम कंसल्टेंट-01 पद, IEC कंसलटेंट-01 पद, प्रोग्राम असिस्टेंट (IEC)- 01 पद की पूर्ति कार्यालय राज्य आयुष सोसायटी द्वारा निर्धारित अर्हता अनुरूप इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

अभ्यर्थी विज्ञापन संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तों का विवरण तथा ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in एवं http://ayush.cg.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 15-07-2026 से 30-07-2026 सायं 05:00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

सदस्य सचिव
कार्यकारी समिति
राज्य आयुष सोसायटी एवं
संचालक आयुष (छ.ग.)

S-48437/2



**पूर्व तट रेलवे**
निविदा सूचना सं. eT-Central-RGDA-04-2026, दिनांक: 06.07.2026

**कार्य का नाम :** रायगड़ा मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/लक्ष्मीपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन कोरापुट-रायगड़ा लाइन में कोरापुट जंक्शन-सिंगापुर रोड स्टेशन के बीच मानुआल द्वारा 29.308 ट्राक कि.मी.(पैचों में) लम्बाई के लिए एवं TRT द्वारा 21.592 ट्राक कि.मी.(पैचों में) लम्बाई के लिए 25T द्वारा एक्सल लदान हेतु स्पेशाल PSC स्लीपर के साथ 60 कि.ग्रा. PSC स्लीपर का थ्रू स्लीपर नवीकरण (पी)।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹13,00,87,008.66, EMD: ₹26,01,800.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय :** 28.07.2026 को 15.00 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक(इंजीनियरिंग)/रायगड़ा
PR-295/R/26-27



**Office of the Superintending Engineer,Chhattisgarh Rural Road Development AgencyProject Circle No 02 Kanker, District North Bastar kanker**

E-Procurement Tender Notice

NIT No. 211 / TS 3341/ CGRRDA /2026 kanker, Date 10-07-2026

Superintending Engineer, Project Circle No. 02 Kanker on behalf of Governor of Chhattisgarh invites 1st call percentage rate bids for Online Tenders in electronic tendering system for Construction of Road under District level sanctioned works in below mentioned district of the Project Circle - 02 Kanker, from the eligible contractors/Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below :-

| Sr. No. | Name of District/ Block | Name of Work | Amount | Rate Invited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 10 |
| 1 | Kanker/ Kanker | Construction of Road Under Special Central Assistance Fund of District Kanker | Approximate 1817.60 Lakh | 1st Call CGRRDA SOR 22.02.2018 |

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in on or after 16-07-2026 05:30 PM. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

(D.P. Bhuarya)
Superintending Engineer Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle No. 02 Kanker (C.G.) District - Kanker

S-48436/1


## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6286



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6285 का हल



## सूडोकु नवताल - 6296

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6295 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप




### ओएनजीसी ने दूसरे 'जियोथर्मल' कुएं की खुदाई पूरी की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने लद्दाख की पुगा घाटी में दूसरे भू-तापीय (जियोथर्मल) कुएं की खुदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इसके साथ ही भारत पहले प्रायोगिक जियोथर्मल बिजली संयंत्र की स्थापना की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ गया है। भू-तापीय ऊर्जा पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद प्राकृतिक ऊष्मा का उपयोग कर बिजली और तापीय ऊर्जा पैदा करती है।


### सीमेंस को मिला रेल्वे का 263 करोड़ का बड़ा ठेका




**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी सीमेंस लिमिटेड को उत्तराखंड की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) से 263 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस ठेके के तहत कंपनी 'ओवरहेड' रेल विद्युतीकरण प्रौद्योगिकी की आपूर्ति करेगी। कंपनी ने बताया कि परियोजना के तहत करीब 102.5 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर सुरंग, पुल, यार्ड और अन्य संबंधित ढांचों में बिजली आपूर्ति के लिए ओवरहेड कैटेनरी प्रणाली स्थापित की जाएगी।

### कीस्टोन रियल्टर्स में बिक्री बुकिंग 42 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की



अप्रैल-जून तिमाही में 42 प्रतिशत घटकर 617 करोड़ रुपये रह गई। कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड ने वित्त 2025-26 की समान तिमाही में मुख्य रूप से आवासीय संपत्तियों की 1,068 करोड़ रुपये की बिक्री की थी। मुंबई स्थित रियल एस्टेट कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अपने तिमाही कारोबारी प्रदर्शन की जानकारी साझा की है।

### रुपया 27 पैसे टूटकर 95.65 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को 27 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.65 (अस्थायी) पर रहा। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की



घोषणा के बाद रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच फिर से हुए ड्रोन तथा मिसाइल हमलों से तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं पैदा हुईं, जबकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मजबूत डॉलर के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा।

### इंडियन बैंक अपने डूबे कर्ज की करेगी वसूली तेज




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2026-27) में 5,500 करोड़ रुपये के डूबे कर्ज (एनपीए) की वसूली का लक्ष्य रखा है। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) बिनोद कुमार ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बैंक 1,885 करोड़ रुपये की वसूली कर चुका है। हमारा पूरे वित्त वर्ष में 4,500 से 5,500 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य है। वित्त वर्ष के अंत तक निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।'

# मेमोरी चिप के लिए साल 2027 होगा सबसे खराब, महंगे होंगे स्मार्टफोन, लैपटॉप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**दुनिया के सबसे बड़े मेमोरी चिप कंपनी एसके हाइनिक्स के प्रमुख ने चेताया**

अगर आप अगले साल नया स्मार्टफोन या लैपटॉप लेने का सोच रहे हैं, तो मेमोरी चिप बाजार से आई यह चेतावनी आपके बजट पर असर डाल सकती है। दुनिया की बड़ी मेमोरी चिप कंपनी एसके हाइनिक्स के कंपनी प्रमुख ने कहा है कि 2027 इस कारोबार के लिए बहुत खराब साल हो सकता है। उनके मुताबिक मेमोरी चिप की कमी इतनी बढ़ सकती है कि कंपनियों के पास बेचने के लिए पर्याप्त चिप नहीं बचेगी। इसका सीधा असर रैम, स्टोरेज, स्मार्टफोन, लैपटॉप, गेमिंग कंसोल, डेस्कटॉप कंप्यूटर, एआई पीसी और दूसरे स्मार्ट गैजेट की कीमतों पर पड़ सकता है।

### 2030 के बाद भी दबाव बना रह सकता है

2027 में मेमोरी चिप की बड़ी कमी का खतरा बताया गया है। रैम और स्टोरेज महंगे होने पर फोन और कंप्यूटर भी महंगे हो सकते हैं। एआई डेटा सेंटर और सुपर कंप्यूटर की बढ़ती मांग को बड़ी वजह बताया गया है। कंपनी प्रमुख के मुताबिक 2030 के बाद भी मांग और सप्लाई के बीच दबाव बना रह सकता है।



### एसके हाइनिक्स के प्रमुख ने कहा

एसके हाइनिक्स के कंपनी प्रमुख क्वाक नोह जुंग ने कहा कि 2027 मेमोरी चिप कारोबार के लिए सबसे खराब सालों में से एक हो सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चिप की कमी इतनी बढ़ सकती है कि बाजार में मांग तो होगी, लेकिन सामान कम होगा। फोन और कंप्यूटर में रैम और स्टोरेज मेमोरी चिप से ही बनते हैं।

### तकनीकी सामानों पर पड़ेगा असर

इस कमी का असर रोजमर्रा के कई तकनीकी सामान पर पड़ सकता है। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, गेमिंग कंसोल, डेस्कटॉप कंप्यूटर, एआई पीसी, डेटा सेंटर से जुड़े सिस्टम और दूसरे स्मार्ट गैजेट शामिल हैं। एसके हाइनिक्स कोई छोटी कंपनी नहीं है। मेमोरी चिप बनाने वाली दुनिया की तीन बड़ी कंपनियों में सैमसंग, एसके हाइनिक्स और माइक्रोन शामिल हैं।

### कमी की वजह एआई की मांग

कंपनी प्रमुख ने कहा कि इसकी सबसे बड़ी वजह एआई की तेज मांग है। दुनिया भर में एआई डेटा सेंटर और सुपर कंप्यूटर तेजी से बन रहे हैं, और इन्हें चलाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा मेमोरी चिप चाहिए। इससे चिप का बड़ा हिस्सा एआई सर्वर और डेटा सेंटर में जा सकता है, और आम ग्राहकों के लिए कम चिप बच सकती है।

### रैम और स्टोरेज होंगे महंगे

क्वाक नोह जुंग ने यह भी कहा कि अभी परेशानी का कोई आसान हल साफ नहीं दिख रहा है। उनके मुताबिक 2030 के बाद भी ग्राहकों की मांग इतनी ज्यादा रह सकती है कि कंपनियां उतनी सप्लाई नहीं कर पाएंगी। यानी यह दबाव आने वाले कई साल तक बना रह सकता है। फिलहाल इस खबर का सबसे बड़ा मतलब यही है कि मेमोरी चिप की कमी बढ़ी, तो रैम और स्टोरेज महंगे होंगे।

## जून माह में निर्यात बढ़कर 40.41 अरब डॉलर रहा

# देश का निर्यात जून में 15.5 प्रतिशत बढ़ा
# व्यापार घाटा पांच माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**कच्चे तेल के दाम में तेजी से व्यापार घाटा बढ़ा है**

देश का निर्यात जून महीने में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़कर 40.41 अरब डॉलर रहा। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया। मुख्य रूप से कच्चे तेल के दाम में तेजी से व्यापार घाटा बढ़ा है। कच्चे तेल का आयात आलोच्य महीने में 40 प्रतिशत बढ़कर 19.32 अरब डॉलर रहा। देश का कुल वस्तु आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 70.84 अरब डॉलर रहा। जून के पहले पखवाड़े में, तेल की कीमत लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल थी। अब यह 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। पिछले महीने कीमती धातुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी के आयात ने भी देश के आयात बिल को बढ़ाया।

> व्यापार घाटा बढ़कर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंचा

### इलेक्ट्रॉनिक्स आयात 58.77 प्रतिशत बढ़ा

आलोच्य महीने में इलेक्ट्रॉनिक्स आयात 58.77 प्रतिशत बढ़कर 13.4 अरब डॉलर, मशीनरी 30.9 प्रतिशत बढ़कर 5.8 अरब डॉलर और सोने का आयात सात प्रतिशत बढ़कर लगभग दो अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में निर्यात 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 19.89 प्रतिशत बढ़कर 216.18 अरब डॉलर हो गया।



### चीन को भारत से वस्तु निर्यात बढ़ा

चीन को भारत से वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 27.54 प्रतिशत बढ़कर 5.6 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 27.94 प्रतिशत बढ़कर 38.04 अरब डॉलर रहा। इसी तरह, पिछले महीने सिंगापुर को निर्यात सालाना आधार पर 48.91 प्रतिशत बढ़कर 1.44 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, निर्यात 101.16 प्रतिशत बढ़कर 6.51 अरब डॉलर पहुंच गया।

### भारत का इन देशों को निर्यात बढ़ा

भारत ने इस अवधि के दौरान संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, ब्रिटेन, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, श्रीलंका, इटली और वियतनाम को भी निर्यात में भी वृद्धि दर्ज की है। हालांकि, जून में सऊदी अरब और फ्रांस को निर्यात में गिरावट आई।

### सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर

वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर रहा जो पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में 7.49 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों के बारे में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, लौह अयस्क, हस्तशिल्प, मांस और डेयरी उत्पादों जैसे क्षेत्रों में भारत के निर्यात में अच्छी वृद्धि है।

### जून में सेवाओं का निर्यात 33.03 अरब डॉलर रहा

अमेरिका-ईरान संघर्ष के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों की आवाजाही को प्रभावित किया है। इस बीच, सरकारी अनुमानों के अनुसार, जून में सेवाओं का निर्यात 33.03 अरब डॉलर और आयात 17.92 अरब डॉलर रहा। भारत का अमेरिका को निर्यात जून में 1.21 प्रतिशत घटकर 8.17 अरब डॉलर रहा।

**कर्मचारियों की कुल संख्या घटकर 2,11,178 रह गई**

# एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों की संख्या 2025-26 में 3,343 घटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कर्मचारियों की कुल संख्या में 3,343 की कमी दर्ज की गई। कर्मचारियों की कमी ऐसे समय में हुई है, जब बैंक के बही-खाते में करीब 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की ताजा सालाना रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कर्मचारियों की कुल संख्या घटकर 2,11,178 रह गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 2,14,521 थी। इस दौरान कर्मचारियों के बैंक छोड़ने की दर 23.12 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2024-25 की समाप्ति के साथ बैंक में वरिष्ठ प्रबंधन कर्मचारियों की संख्या 247 से बढ़कर 262 हो गई, जबकि मध्यम स्तर के कर्मचारियों की संख्या 9,159 से बढ़कर 10,411 हो गई। दूसरी ओर, वित्त वर्ष 2024-25 में गैर-पर्यवेक्षी (नॉन-सुपरवाइजरी) कर्मचारियों की संख्या 1,70,950 थी, जो वित्त वर्ष 2025-26 के अंत में घटकर 1,62,797 रह गई। बैंक की कुल बही-खाता 31 मार्च, 2025 तक 11.6 प्रतिशत बढ़कर 43,64,886 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 39,10,199 करोड़ रुपये था। इसी अवधि में बैंक का कुल ऋण 12 प्रतिशत बढ़कर 29,37,166 करोड़ रुपये हो गया, जबकि कुल जमा राशि 14 प्रतिशत बढ़कर 31,05,251 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी।


> ■ कर्मियों की कमी ऐसे समय हुई जब लाभ में 12 फीसदी की वृद्धि हुई

### बैंक ग्राहक केंद्रित बैंक बनने की दिशा में अग्रसर

एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, "जैसे-जैसे हम प्रौद्योगिकी आधारित और ग्राहक-केंद्रित बैंक बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं, कर्मचारियों को भी उसी रफ्तार से आगे बढ़ना होगा...।"

**कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से निवेशक धारणा बदली**

# शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरा, स्थिर रुख के साथ बंद




एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव गहराने के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से सोमवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई लेकिन निचले स्तर पर खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने भू-राजनीतिक चिंताओं के असर को कुछ हद तक संतुलित किया, जिससे बाजार शुरुआती गिरावट से उबरने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 711.96 अंक टूटकर 76,857.43 अंक तक आ गया था। हालांकि, आईटी शेयरों में जबर्दस्त खरीदारी आने से यह गिरावट से उबरकर 219.9 अंक तक चढ़ गया, लेकिन अपनी बढ़त कायम नहीं रख सका। निफ्टी भी 4.10 अंक की हल्की बढ़त के साथ 24,211 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 5.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ में रही। इसके अलावा एचसीएल टेक 5.02 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 3.34 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.17 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.18 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 1.83 प्रतिशत चढ़े।

> ■ निचले स्तर पर खरीदारी आने से बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

### बेंट क्रूड बढ़कर 78 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे शेयर नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.57 प्रतिशत बढ़कर 77.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, "अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य की तनावपूर्ण स्थिति के कारण तेल की आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे कच्चे तेल के दाम बढ़े और निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।"

# वाहन क्षेत्र में जून तिमाही के दौरान हुए 20 बड़े सौदे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वाहन क्षेत्र में वर्ष 2026 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान हुए सौदों का कुल मूल्य 71.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले तीन साल का सबसे कम तिमाही लेनदेन है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ग्रांट थॉर्नटन भारत की नवीनतम 'ऑटोमोटिव डीलट्रैकर' रिपोर्ट में कहा गया है कि जून तिमाही के



दौरान वाहन क्षेत्र में कुल 20 सौदे हुए। हालांकि, सौदों की संख्या घटने के बावजूद सौदों का कुल मूल्य अपेक्षाकृत मजबूत बना रहा। तिमाही आधार पर कुल सौदा मूल्य में चार प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। इसका बड़ा हिस्सा मुख्य रूप से परिवहन मंचों, वाहन प्रौद्योगिकी एवं पुर्जा बाजार से जुड़े निवेश में केंद्रित रहा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साझेदार और वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र के प्रमुख साकेत मेहरा ने कहा, /"तिमाही के दौरान सौदों की संख्या में कमी आई, लेकिन निवेश उन कंपनियों पर केंद्रित रहा जो भविष्य के परिवहन परिदृश्य को आगे बढ़ा रही हैं।/"

### सबसे बड़ा सौदा केपीआईटी टेक्नोलॉजीज ने किया

इस तिमाही का सबसे बड़ा सौदा केपीआईटी टेक्नोलॉजीज द्वारा इजराइल की साइबर सुरक्षा कंपनी साइमोटिव टेक्नोलॉजीज का 12 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण रहा। पीई/वीसी निवेश में भी नरमी देखी गई और 13 सौदों के जरिये 34.1 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ।

# टाटा कैपिटल ने योगलोन्स में खरीदी बहुलांश हिस्सेदारी

**मुंबई।** टाटा कैपिटल ने केरल की कंपनी योगक्षेम लोन्स (योगलोन्स) में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही, टाटा समूह की इस वित्तीय सेवा कंपनी सोने के बदले कर्ज यानी स्वर्ण ऋण कारोबार में भी उतर गई है। कंपनी ने स्वर्ण ऋण कारोबार में उतरने का निर्णय अपने खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में विविधता लाने के मकसद से लिया है। नियामकीय मंजूरी मिलने पर यह सौदा पूर्ण रूप से नकद में होगा। इसके आधार पर योगलोन्स का मूल्यांकन 318 करोड़ रुपये तक आंका गया है। साथ ही, इसमें कंपनी की वृद्धि योजना को समर्थन देने के लिए लगभग 93 करोड़ रुपये का पूंजी डाली जाएगी। सौदा पूरा होने के बाद टाटा कैपिटल की योगलोन्स में जारी और चुकता शेयर पूंजी में 88.6 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। टाटा कैपिटल ने कहा कि योगलोन्स के प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक यू.आई. वीटिल अधिग्रहण के बाद भी कंपनी का नेतृत्व करते रहेंगे।

> ■ कंपनी स्वर्ण ऋण के कारोबार में उतरी

## बिजनेस साइट

# इंटरनेशनल फिजिक्स ओलम्पियाड में 5 में से 4 गोल्ड एलन छात्रों के नाम

**भारत 87 देशों में प्रथम**



Kanishk Jain (Classroom) | Riddhesh Bendale (Classroom) | Rishit Garg (Classroom) | Svarit Joshi (Classroom)

**कोटा।** कोलंबिया के बुकारामांगा में 4 से 12 जुलाई तक आयोजित 56वें इंटरनेशनल फिजिक्स ओलम्पियाड (आईपीएचओ-2026) में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए सभी पांच गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इनमें से चार गोल्ड मेडल एलन करियर इंस्टीट्यूट, कोटा के विद्यार्थियों ने जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 87 देशों के बीच प्रथम स्थान हासिल किया। एलन के स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों में कनिष्क जैन, रिद्धेश बेंडाले, ऋषित गर्ग और स्वरित जोशी शामिल हैं। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान के छात्र लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न ऑफलाइन ओलम्पियाड्स में एलन के विद्यार्थी अब तक 188 पदक जीत चुके हैं, जिनमें 90 स्वर्ण पदक शामिल हैं। इंटरनेशनल फिजिक्स ओलम्पियाड के लिए चयन प्रक्रिया चार चरणों में संपन्न होती है। राष्ट्रीय स्तर की प्रारंभिक परीक्षाओं से लेकर ओरिएंटेशन-कम-सेलेक्शन कैंप तक की कठिन प्रक्रिया के बाद भारतीय टीम का गठन किया गया, जिसमें पांच में से चार छात्र एलन के थे। अंतिम चरण में 87 देशों के 381 प्रतिभागियों के बीच इन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक हासिल किए। जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-8 प्राप्त कर एमआईटी के लिए चयनित कनिष्क जैन ने सफलता का श्रेय एलन के अकादमिक मार्गदर्शन को दिया। वहीं रिद्धेश बेंडाले, ऋषित गर्ग और स्वरित जोशी ने कहा कि संस्थान में मिली सुदृढ़ तैयारी और समय पर मिला सही मार्गदर्शन इस उपलब्धि की सबसे बड़ी आधारशिला रहा।

**शेयर बाजार में निवेश और नौकरी बदलने के नियमों में किया परिवर्तन**

# सेबी के कर्मचारियों पर सख्त हुई निगरानी, नियमों में किया बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**हितों के टकराव से संबंधित एक व्यापक रूपरेखा जारी की गई**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने कर्मचारियों के लिए आचार संहिता और सेवा नियमों को और अधिक कड़ा कर दिया है। नियामक ने 'सेबी (कर्मचारी सेवा) (संशोधन) विनियम, 2026' को अधिसूचित करते हुए हितों के टकराव को रोकने, निवेश की पारदर्शिता बढ़ाने और नौकरी छोड़ने के बाद की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए हैं।

नए नियमों के तहत सेबी ने 'परिवार' और 'आश्रित' के दायरे को और व्यापक कर दिया है। अब इसमें गोद लिए गए बच्चों, सौतेले बच्चों और उन सभी व्यक्तियों को शामिल किया गया है जो आर्थिक रूप से कर्मचारी पर निर्भर हैं। इस विस्तार के साथ ही निवेश और डिस्क्लोजर से जुड़े नियमों का दायरा भी बढ़ गया है।

### इस्तीफे के बाद दो साल का 'कूलिंग-ऑफ पीरियड'

सेबी ने इस्तीफा देने या रिटायर होने वाले कर्मचारियों के लिए दो साल की अनिवार्य 'कूलिंग-ऑफ' अवधि तय की है। इस दौरान पूर्व कर्मचारी किसी भी व्यक्ति या संस्था की ओर से सेबी के समक्ष किसी भी मामले में पैरवी नहीं कर सकेंगे। यह प्रतिबंध जांच, सुनवाई, सेटलमेंट और मंजूरी जैसे संवेदनशील मामलों पर लागू होगा। साथ ही, यदि कोई कर्मचारी नई नौकरी के लिए बातचीत शुरू करता है, तो उसे एक महीने के भीतर इसकी सूचना सेबी को देना अनिवार्य होगा।




### उपहार लेने के नियमों में बदलाव

उपहारों के संदर्भ में नियमों को थोड़ा लचीला करते हुए रिपोर्टिंग सीमा बढ़ा दी गई है। अब कर्मचारियों को 50,000 रुपए तक के उपहारों की रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं होगी, जो पहले मात्र 10,000 रुपए थी। इसके साथ ही, नियामक ने यह भी स्पष्ट किया है कि किन सामाजिक अवसरों पर और किस प्रकार के पारंपरिक उपहारों को नियमों के तहत स्वीकार किया जा सकता है।

### शेयर बाजार में निवेश पर सख्त प्रतिबंध

सेबी ने अपने कर्मचारियों के निजी निवेश नियमों को काफी सख्त कर दिया है। अब कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य अपने कार्यकाल के दौरान शेयर, इक्विटी में परिवर्तनीय प्रतिभूतियों और डेरिवेटिव्स में कोई भी नया निवेश नहीं कर सकेंगे। हालांकि, म्यूचुअल फंड और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट्स) जैसे विनियमित साधनों में निवेश की अनुमति जारी रहेगी, लेकिन इनका हिस्सा कुल पोर्टफोलियो के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। जीवनसाथी को मिलने वाले ईएसओपी और विवेकाधीन पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं को इसमें कुछ छूट दी गई है।

# चार दिग्गज टीमें, चार सुपरस्टार, सेमीफाइनल में होगा हाई-वोल्टेज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

फ्रांस जब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में स्पेन का सामना करेगा तो दिग्गज खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे और युवा स्ट्राइकर लामिन यामल के बीच रोचक जंग देखने को मिल सकती है। इसी तरह से अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में दो अनुभवी खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और हैरी केन आमने-सामने होंगे।


इस बार के सेमीफाइनल मैच कुछ मामलों में अनूठे हैं। चार पूर्व चैंपियन और दुनिया की चार शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें अंतिम चार में पहुंची है। सर्वाधिक गोल करने वाले छह खिलाड़ियों में से पांच मैदान पर दिखाई देंगे। एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी (मेस्सी) आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा फुटबॉल की सबसे कड़वी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक भी सेमीफाइनल में देखने को मिलेगी।

### आज फ्रांस और स्पेन और कल इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना में भिड़ंत

फ्रांस मंगलवार को टेक्सास के अर्लिंगटन में स्पेन से भिड़ेगा और इंग्लैंड बुधवार को अटलांटा में अर्जेंटीना का सामना करेगा। ऐसा 1990 के बाद से पहली बार हुआ है कि विश्व कप के अंतिम चार में सभी टीमें पूर्व चैंपियन हों। अगर फ्रांस और अर्जेंटीना दोनों ही फाइनल में पहुंचते हैं, तो इस साल 2022 के फाइनल की पुनरावृत्ति भी हो सकती है।







### फ्रांस बनाम स्पेन

फ्रांस और स्पेन किसी बड़ी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में फिर से आमने-सामने होंगे। यह दोनों टीम दो साल पहले यूरोपीय चैंपियनशिप में एक दूसरे से भिड़ी थीं। स्पेन ने उस मैच में 2-1 से जीत हासिल की थी। उस मैच में यामल ने गोल किया था, जो तब 16 वर्ष के थे। स्पेन ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर यूरो कप का खिताब अपने नाम किया। फ्रांस को मौजूदा विश्व कप की सबसे प्रभावशाली टीम माना जा रहा है, जिसकी अग्रिम पंक्ति में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। सबकी निगाह हालांकि एमबाप्पे पर टिकी रहेगी, जिन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक गोल किए हैं। स्पेन को टूर्नामेंट में आने से पहले यामल और साथी विंगर निको विलियम्स की चोटों से जूझना पड़ा। स्पेन को पिछले दो दौर में पुर्तगाल और बेल्जियम को हराने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो के अंतिम क्षणों में किए गए गोल पर निर्भर रहना पड़ा। विश्व कप या यूरो कप में ये दोनों देश कई बार आमने-सामने आ चुके हैं।

### इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना

अर्जेंटीना और इंग्लैंड की प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। इस प्रतिद्वंद्विता में फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुए संघर्ष से जुड़ा तनाव भी शामिल हैं। विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच कई बार तनाव के क्षण आए हैं। विश्व कप 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ तनावपूर्ण क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया था। विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल ने अर्जेंटीना को क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाने में मदद की, जिसके चलते अर्जेंटीना ने ट्रॉफी जीती। मेस्सी पर सबकी नजर रहेगी, जो संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे हैं। यह विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ उनका पहला मैच होगा। अगर मेस्सी अर्जेंटीना को खिताब दिला देते हैं, तो वह अपने देश के लिए दो विश्व कप जीतकर महान माराडोना को पीछे छोड़ देंगे। इससे अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दो बार चैंपियन बनने वाला पहला देश भी बन जाएगा।

महिला टेस्ट क्रिकेट में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हराया

# हरमन स्क्वॉड ने लॉर्ड्स में रचा इतिहास इंग्लिश टीम को घर में दी करारी शिकस्त




**ऑफ स्पिनर स्नेह राणा के 4 विकेट की बदौलत भारत ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए पहले महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे और अंतिम दिन इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया।**

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत को एकमात्र टेस्ट के अंतिम दिन जीत के लिए 4 विकेट की दरकार थी और स्नेह (42 रन पर 4 विकेट) की अगुआई में मेहमान टीम ने इंग्लैंड को 62.5 ओवर में 186 रन पर समेटकर मुकाबला अपने नाम किया। सयाली सतघरे (24 रन पर 2 विकेट), दीप्ति शर्मा (36 रन पर 2 विकेट) और क्रांति गौड़ (54 रन पर 2 विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऐमी जोन्स 80 गेंद में 54 रन बनाकर इंग्लैंड की ओर से शीर्ष स्कोरर रही जबकि अंतिम बल्लेबाज के दौरान पर आउट होने वाली सोफी एकलेस्टोन ने 50 रन की पारी खेली।



### भारतीय गेंदबाज रहीं हावी

इंग्लैंड ने अंतिम दिन की शुरुआत 6 विकेट पर 130 रन से आगे खेलते हुए की और 90 मिनट से अधिक बल्लेबाजी की लेकिन आखिरकार भारतीय गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। भारत ने मेजबान टीम के सामने 457 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। ऐमी अंतिम दिन आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रहीं। उन्हें स्नेह ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। क्रांति की गेंद पर दो जीवनदान पाने वाली एकलेस्टोन ने इजी वोंग (33 गेंद में एक रन) के साथ मिलकर भारत के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सकीं। दीप्ति ने वोंग और लॉरेन बेल (00) को बोल्ड करके भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

### रेड बॉल क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा

रेड-बॉल क्रिकेट में भारत का दबदबा कायम है। जीत का यह पल पिछले कुछ दिनों में भारत के शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पिछले 11 टेस्ट मैचों में टीम ने सात जीत हासिल की हैं, तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और सिर्फ एक में हार मिली है। इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का यह 11वां टेस्ट मैच था। वह इंग्लैंड में इस फॉर्मेट में अब भी अजेय है।

### यास्तिका और क्रांति का नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज

भारत के लिए इस मैच में यास्तिका भाटिया ने शतक लगाया और क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लेकर अपना नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज करवाया। दोनों महिला क्रिकेट में यहां ऑनर बोर्ड पर नाम दर्ज करवाने वाली पहली महिला क्रिकेटर्स हैं। मैच में यास्तिका भाटिया दूसरी पारी में 113 रन बनाकर स्टार बनीं, स्मृति मंधाना 153 रन (83,70) बनाकर इस मैच की टॉप स्कोरर रहीं।

### तेंदुलकर और जय शाह रहे स्टेडियम में मौजूद



दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय टीम को महान सचिन तेंदुलकर से प्रेरणादायक बातें सुनने को मिलीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह भी तेंदुलकर के साथ स्टैंड से मैच देख रहे थे और बाद में उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। यह इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ियों टैमी ब्यूमोंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट का विदाई मैच भी था।

क्रिकेट

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए गिल नामित



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के साथ बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसाद्देक हुसैन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जून महीने के 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज के दौरान जबरदस्त फॉर्म में थे और उन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में टीम की अगुवाई की।

इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने महीने की शुरुआत न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी से जीत के दौरान शानदार 126 रन बनाकर की थी, जो उनके टेस्ट करियर की 11वीं सेंचुरी थी। गिल ने अपनी शानदार फॉर्म को वनडे सीरीज में भी जारी रखा, जहां उन्होंने सिर्फ दो पारियों में 238 रन बनाए। धर्मशाला में खेले गए पहले वनडे में नाबाद 84 रन बनाने के बाद, गिल ने लखनऊ में 154 रन जड़े थे।

### बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन की शानदार वापसी

दूसरी तरफ, बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन ने चार साल के अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार वापसी की। इस ऑलराउंडर को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बांग्लादेश की ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। हुसैन ने पहले मैच में नाबाद 86 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल किए थे। वह सीरीज में 157 रनों के साथ अपनी टीम के टॉप स्कोरर रहे। वहीं, स्मिथ को इंग्लैंड में यादगार 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत दिलाने के लिए न्यूजीलैंड के कमजोर पेस बॉलिंग अटैक की अगुवाई करने का इनाम मिला। स्मिथ ने सीरीज में सर्वाधिक 16 विकेट लिए। इस दौरान लॉर्ड्स में 70 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए थे।

## खबर संक्षेप

### भारत के खिलाफ इंग्लैंड टीम घोषित, आर्चर की वापसी

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच मंगलवार को वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाना है, जिससे पहले इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी है। बैटिंग ऑलराउंडर जैकब बेथेल, बेन डकेट के साथ ओपनिंग करेंगे। जोफ्रा आर्चर नवंबर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में लौटे हैं। वह जोश टोंग के साथ तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। एजबेस्टन में सीरीज के पहले मैच के बाद, भारत और इंग्लैंड की टीमें 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच खेलेंगी। इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवनः जैकब बेथेल, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), सैम करन, विल जैक्स, जोफ्रा आर्चर, लियाम डॉसन, जोश टंग और आदिल राशिद।

### 14 अगस्त से यूपीटी20 रैना ब्रांड एंबेसडर

**कानपुर।** कानपुर और लखनऊ में होने वाले यूपी टी20 लीग का चौथा सत्र 14 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें कुल 34 मैच खेले जाएंगे। आयोजकों ने घोषणा की कि 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 13 दिन दो-दो मैच खेले जाएंगे। लीग में छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इसके लिए मिनी नीलामी 24 जुलाई को आगरा में की जाएगी। टूर्नामेंट का पहला चरण लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद के मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना यूपीटी20 लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रहेंगे।



## आज से जापान ओपन, सात्विक-चिराग पर नजरें

एजेंसी ▶▶| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी चोट से उबरने के बाद मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाले जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की अगुवाई करेगी। पिछले महीने सात्विक की कंधे की चोट के बढ़ जाने के बाद यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से हट गई थी। सात्विक और चिराग अब सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के बाद वहीं से शुरुआत करने के लिए तैयार होंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से होगा।



### भारत का दारोमदार लक्ष्य, सिंधू और आयुष शेट्टी पर

एकल में भारत का दारोमदार एक बार फिर लक्ष्य सेन, पीवी सिंधू और आयुष शेट्टी पर टिका होगा। इस साल की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य जापान के कोकी वातानाबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। आयुष को अपने पहले मुकाबले में थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन कुनलावत विटिडसर्न के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### सिंधू, मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी

सिंधू महिला एकल में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी, जबकि उन्नति हुडा अपने पहले मैच में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन का सामना करेंगी। हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन पुरुष युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन का सामना करेंगे। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो तथा रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी इस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगी।

## एक युग का हुआ अंत, 18 साल बाद सुपर किंग्स से अलग हुए फ्लेमिंग

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद लंबे समय से टीम के मुख्य कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग से अलग होने का फैसला किया है। फ्लेमिंग पहली बार 2008 में आईपीएल के उद्घाटन सत्र में एक खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए थे। वह 2009 से टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे थे।

### सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब : फ्लेमिंग



फ्लेमिंग ने कहा, 'खेल जगत में 18 साल लंबा समय होता है। मैं इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया मेरा समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे महत्वपूर्ण दौर रहा है। इस बीच हमने जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है।' उन्होंने कहा, 'हमने साथ मिलकर अविस्मरणीय जीत का जश्न मनाया, मुश्किल पलों का सामना किया और ऐसी यादें बनाईं, जिन्हें मैं ताउम्र संजोकर रखूंगा। सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी और मैं आने वाले वर्षों में भी टीम का हौसला बढ़ाता रहूंगा।' सीएसके ने कहा कि फ्लेमिंग और टीम प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया।फ्लेमिंग के कोच रहते हुए चेन्नई ने पांच बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस बीच उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ यादगार साझेदारी बनाई। इस दौरान सीएसके ने दो बार चैंपियंस लीग टी20 टूर्नामेंट भी जीता। उसने रिकॉर्ड 12 बार आईपीएल प्लेऑफ में प्रवेश किया और 10 बार फाइनल में जगह बनाई।

### आज से इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज, बर्मिंघम में दोपहर 3.30 बजे पहला वनडे

# मायूसी के बाद वनडे में रोहित-कोहली पर टिकी करोड़ों उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

*दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में न केवल खुद के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा, बल्कि टी20 में लगातार हार से आहत भारतीय टीम के मनोबल को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कोहली, रोहित और जसप्रीत बुमराह उस प्रारुप में खेलने के लिए वापसी कर रहे हैं जिसमें द्विपक्षीय मैचों का महत्व और चमक टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते खोती जा रही है।लेकिन 39 वर्षीय रोहित और जल्द ही 38 वर्ष के होने वाले कोहली में अब भी जोश और जुनून बरकरार है। वह अब भी वनडे की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल है और उनका लक्ष्य अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना है।*



### भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की चौकड़ी

कप्तान शुभमन गिल की वापसी और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की एक शानदार चौकड़ी है, जो किसी भी मैच का रुख पलट सकती है। अगर श्रेयस अय्यर को भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो बल्लेबाजी इकाई को लेकर ज्यादा चिंता की कोई बात नहीं होनी चाहिए।

### बुमराह की वापसी से मिलेगी मजबूती

गेंदबाजी इकाई के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जिसे बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। भारत के नए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड की पिचों पर अपनी लेंथ को लेकर बिल्कुल अलग चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अर्शदीप सिंह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में निश्चित रूप से टीम को एक नया आयाम देंगे, जबकि शिवम दुबे चौथे तेज गेंदबाज होंगे।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), बेन डकेट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जो रूट, जैकब बेथेल, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जेम्स कोल्स, सैम कुरेन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, जोस टंग, साकिब महमूद, आदिल राशिद।

**मैच शुरू होने का समयः दोपहर 3:30 बजे**




# 108 नारियल, 108 नींबू की माला और घूमता हुआ रहस्यमयी पत्थर

भारत के ग्रामीण अंचलों में आज भी ऐसी कई प्राचीन और अनूठी परंपराएं जीवित हैं, जो विज्ञान के इस दौर में भी लोगों के लिए गहरी आस्था का केंद्र हैं। ऐसा ही एक हैरान कर देने वाला नजारा आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में देखने को मिला.

**अमरावती।** जिले के उरावकोंडा कस्बे में स्थित ऐतिहासिक जम्मी अंकलम्मा मंदिर में मानसून की बेरुखी से परेशान किसानों और स्थानीय लोगों ने बारिश की कामना के लिए एक विशेष पूजा-अर्चना की। इस पारंपरिक अनुष्ठान में अविवाहित युवकों द्वारा निभाई गई एक बेहद अनोखी रस्म आकर्षण और कौतूहल का केंद्र बनी रही। फसलों को सूखने से बचाने और क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए उरावकोंडा में पीढ़ियों से चली आ रही एक अनोखी परंपरा का सहारा लिया गया. इस पारंपरिक अनुष्ठान के तहत गांव के सात अविवाहित (कुंवारे) युवकों ने बारिश लाने का कड़ा संकल्प लिया।

## बारिश के लिए यहां 7 कुंवारे लड़के करते हैं ये गजब का टोटका

### ऐसे सजी देवताओं की थाल

इन सातों युवकों ने पूरी निष्ठा के साथ पवित्र जल से भरे 108 पात्र (जल की बोतलें/कलश) उठाए। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित पवित्र शमी वृक्ष और नाग वृक्ष पर विधि-विधान से 108 बार जल अर्पित कर महाअभिषेक किया। वृक्षों और देवताओं के जल अभिषेक के बाद मंदिर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान किया गया, जिसमें 108 के अंक का विशेष महत्व देखा गया। अनुष्ठान के दौरान ज्वार (धान्य) के ढेरों पर एक बिल्कुल नया और पवित्र जलपात्र स्थापित किया गया। इस पात्र को हल्दी, केसर, कुमकुम और सुगंधित फूलों से बेहद खूबसूरती से सजाया गया और विशेष मंत्रोच्चार के साथ देवताओं की पूजा की गई.



### गोल-गोल घूमा युवक!

इस पूरी पूजा का सबसे मुख्य और रोंगटे खड़े कर देने वाला हिस्सा वह अनोखी रस्म थी, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए थे। पूजा संपन्न होने के बाद मंदिर के प्रांगण में ज्वार (अनाज) के दानों को एक बड़े घेरे में फैलाया गया। इसके बाद उस अनाज के बिल्कुल बीचों-बीच पत्थर का एक छोटा और गोल गट्टा (गोल पत्थर) रखा गया। बारिश की मन्नत मांगने वाला एक युवक जैसे ही उस ज्वार के ऊपर रखे गोल पत्थर पर बैठा, वह पत्थर और युवक अपने आप गोल-गोल घूमने लगे। युवक को बिना किसी बाहरी सहारे के पत्थर पर बैठकर तेजी से चक्र की तरह घूमते देख वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए।

### पत्थर घूमेगा, तो झमाझम बारिश होगी

इस चमत्कारी और अनोखी रस्म को लेकर स्थानीय लोगों और बुजुर्गों का विश्वास बेहद दृढ़ है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि यह पत्थर (गट्टा) रीति-रिवाज के अनुसार सुचारू रूप से गोल-गोल घूमता है, तो इसका मतलब है कि देवी जम्मी अंकलम्मा ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली है। लोक मान्यता है कि इस रस्म के सफल होने के बाद क्षेत्र में जल्द ही मूसलाधार और अच्छी बारिश होगी, जिससे खेतों में खड़ी फसलें लहलहा उठेंगी और किसानों के सारे संकट दूर हो जाएंगे।

## • रोचक खबरें

## यहां चाव से पी जाती है कीड़ों की वाइन तवे पर सेंक बनाई जाती है शराब!

**बीजिंग।** सोशल मीडिया पर चीन की एक अनोखी और हैरान करने वाली परंपरा वायरल हो रही है। यहां लोग मिट्टी खोदकर कीड़ों को निकालते हैं और उनसे खास तरह की वाइन बनाते हैं। यह देखकर कई लोगों के होश उड़ जाते हैं, लेकिन चीन के कुछ इलाकों में यह पारंपरिक और मेडिसिनल ड्रिंक मानी जाती है। स्थानीय लोग खेतों या जंगलों में मिट्टी खोदते हैं। खास तरह के लार्वा (कीड़े) मिट्टी के अंदर पाए जाते हैं। इन्हें स्ट्रॉ या छोटे औजारों की मदद से गड्ढों से बाहर निकाला जाता है।




फिर इनकी सफाई की जाती है, सुखाया जाता है और पाउडर बनाया जाता है। इस पाउडर को गर्म पानी, चावल की शराब या अन्य अल्कोहल के साथ मिलाकर वाइन तैयार की जाती है। कभी-कभी इन्हें तवे पर हल्का सेंककर भी इस्तेमाल किया जाता है। चाइनीज ट्रेडिशनल मेडिसिन में कीड़ों और लार्वा का इस्तेमाल सदियों से होता रहा है। इन्हें शरीर की ऊर्जा बढ़ाने, इम्यूनिटी मजबूत करने और कुछ बीमारियों के इलाज के लिए फायदेमंद माना जाता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यह वाइन थकान दूर करती है, खून को शुद्ध करती है और स्वास्थ्य लाभ देती है। जब यह वीडियो वायरल हुई तो दुनिया भर के लोग हैरान रह गए। कुछ लोग इसे घिनौना बता रहे हैं तो कुछ लोग सांस्कृतिक विविधता की बात कर रहे हैं। चीन में यह कोई नई चीज नहीं है। कई क्षेत्रों में कीड़े, सांप और अन्य जीवों से बनी चीजें खाई और पी जाती हैं। चीन की खाद्य संस्कृति बेहद विविध है। वहां 'कुछ भी खाया जा सकता है अगर वह पौष्टिक हो' जैसी सोच प्रचलित है। कीड़ों की वाइन भी उसी का हिस्सा है। यह सस्ती और लोकल उपलब्ध सामग्री से बनाई जाती है।

## ये है दुनिया का सबसे स्मार्ट शिकारी जाल लेकर करता है शिकार

**नई दिल्ली।** प्रकृति ने हर जीव को जीवित रहने के लिए खास हथियार दिए हैं। कुछ तेज दांत, कुछ तेज नाखून तो कुछ बुद्धिमानी के साथ पैदा हुए हैं। लेकिन, पेलिकन इन सबसे अलग है। इसे दुनिया के सबसे स्मार्ट शिकारियों में से एक माना जाता है। इसका हथियार है उसकी विशाल चोंच के नीचे मौजूद लचीली थैली जिसे गुलार पाउच कहा जाता है। यह थैली एक बार में 11 लीटर तक पानी भर सकती है। पेलिकन मुख्य रूप से मछली खाने वाला पक्षी है। शिकार के समय यह पानी के ऊपर उड़ता है या सतह पर तैरता है। फिर अचानक गोता लगाकर चोंच खोल देता है। विशाल थैली पानी और मछलियों को एक साथ निगल लेती है। इसके बाद पेलिकन सिर को ऊपर उठाकर अतिरिक्त पानी बाहर निकाल देता है और मछलियों को निगल जाता है। यह प्रक्रिया इतनी तेज और सटीक होती है कि मछली के लिए बच निकलना लगभग नामुमकिन हो जाता है। कई प्रजातियों के पेलिकन टीम में शिकार करते हैं। वे पानी में एक घेरा बनाकर मछलियों को एक जगह इकट्ठा करते हैं और फिर सामूहिक रूप से हमला बोलते हैं। यह टीमवर्क उन्हें और भी खतरनाक बनाता है। पेलिकन की थैली सिर्फ शिकार का साधन नहीं है। गर्म मौसम में यह पंखे की तरह काम करती है। पक्षी थैली को हिलाकर हवा का प्रवाह बढ़ाता है जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। वैज्ञानिक इसे 'नेचर का पर्सनल एयर कंडीशनर' भी कहते हैं। पेलिकन की अन्य खासियत है उसका बड़ा आकार. कुछ प्रजातियों का वजन 10-12 किलोग्राम तक हो सकता है।









## क्लाइमेट चेंज

# मैदानी इलाकों से ज्यादा तप रहे हैं ऊंचे पहाड़, मंडराया बड़ा खतरा!

**'तेज बुखार' से तप रहा है हिमालय**

**नई दिल्ली।** क्लाइमेट चेंज यानी जलवायु परिवर्तन के कारण हमारा हिमालय बहुत तेजी से गर्म हो रहा है। एक नई और चौंकाने वाली स्टडी के अनुसार, बीते दो दशकों में जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में तापमान लगभग 1C तक बढ़ गया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ऊंचे पहाड़ी इलाकों में गर्मी सबसे तेजी से बढ़ रही है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर यह ट्रेंड इसी तरह जारी रहा, तो ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघलेंगे. इससे नदियों का बहाव प्रभावित होगा और हिमालय से निकलने वाली नदियों पर निर्भर रहने वाले करोड़ों लोगों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।



### ऊंचे पहाड़ क्यों हो रहे हैं ज्यादा गर्म?

साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में पब्लिश हुई एक स्टडी में 1980 से 2024 के बीच के मौसम और वायुमंडल के आंकड़ों का बारीकी से एनालिसिस किया गया। आईआईटी खड़गपुर के कोरल डिपार्टमेंट के रिसर्चर्स ने पाया कि जम्मू जैसे मैदानी इलाकों के मुकाबले भद्रवाह, पहलगाम और गुलमर्ग जैसे पहाड़ी शहर बहुत तेजी से गर्म हो रहे है।

### रातें हो रही हैं गर्म, पिघल रही है बर्फ

पहाड़ी इलाकों में हर 10 साल में औसत तापमान 0.3C तक बढ़ रहा है। वहीं, मानसून से ठीक पहले रातों का तापमान 0.6C प्रति दशक की रफ्तार से बढ़ रहा है। रातों का गर्म होना सबसे ज्यादा खतरनाक है, इसके पीछे कारण है कि रात में ठंड न होने के कारण बर्फ और ग्लेशियर को जमने का समय नहीं मिल पा रहा है।

### करोड़ों लोगों पर पानी का संकट!

हिमालय को एशिया का वाटर टावर भी कहते हैं, क्योंकि यह उत्तर भारत और आसपास के देशों की कई बड़ी नदियों का सोर्स है। इस तेजी से बढ़ती गर्मी की वजह से-
ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ेंगे और मौसमी बर्फ कम होगी।
अचानक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ेगा।
आने वाले समय में पानी की भयंकर किल्लत हो सकती है।
वैज्ञानिकों का कहना है कि हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र दुनिया के औसत तापमान के मुकाबले कहीं ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से अपील की है कि पहाड़ों पर रहने वाले लोगों को इस संकट से बचाने के लिए तुरंत कड़े कदम उठाए जाएं।

## मौत के बाद भी मुर्दों को नहीं है सुकून, बार-बार खोदी जाती है कब्र



**एंटानानारिवो।** मौत के बाद भी अगर मुर्दों को सुकून ना मिले और हर कुछ सालों में उनकी कब्र खोदी जाए तो? यह कल्पना भारत जैसे देश में सुनकर रोंगटे खड़े हो सकते हैं, लेकिन मेडागास्कर में यह एक प्यारी और सम्मानजनक परंपरा है। यहां के लोग मौत को अंत नहीं, बल्कि जीवन चक्र का एक पड़ाव मानते हैं। मेडागास्कर की सबसे अनोखी परंपरा है फामादिहाना जिसका मतलब होता है हड्डियों को घुमाना या टर्निंग ऑफ द बोंस। इस रिवाज में परिवार के सदस्य साल में एक निश्चित समय पर अपने दिवंगत परिजनों की कब्र खोदते हैं। हड्डियों को निकालकर नए रेशमी कपड़े में लपेटते हैं, घर ले आते हैं। वहां पूरे परिवार के साथ पार्टी, नाच-गाना, संगीत और भोज का आयोजन होता है। मान्यता है कि इससे पूर्वज खुश होते हैं और परिवार को आशीर्वाद देते हैं। इसके बाद हड्डियों को फिर से कब्र में सम्मानपूर्वक रख दिया जाता है। यह परंपरा आमतौर पर 5 से 7 साल में एक बार दोहराई जाती है। मेडागास्कर के मूल निवासी मानते हैं कि आत्मा शरीर छोड़ने के बाद भी परिवार के साथ जुड़ी रहती है। मौत के बाद व्यक्ति कहीं नहीं जाता, बल्कि पूर्वज बनकर परिवार की रक्षा करता है।

# मच्छरों के आतंक से परेशान ब्राजील ने आसमान से छुड़वाए लाखों नए मच्छर

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में डेंगू गंभीर संकट बन गया है। इस साल के शुरुआती दो महीनों में ही यहां 10 लाख से ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं, जो बीते साल के मुकाबले 200% से भी ज्यादा है। रियो डी जेनेरियो सहित ब्राजील के कई बड़े शहरों में हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर गई। अस्पतालों पर दवाब बढ़ गया. अब वैज्ञानिक इस बीमारी को हराने के लिए एक अनोखी बायो-टेक तकनीक की मदद ले रहे हैं। डेंगू के खतरे को रोकने के लिए ब्राजील के कई शहरों में लाखों की संख्या में जेनेटिकली मॉडिफाइड मच्छर हवा में छोड़े जा रहे हैं। पहली बार में यह आइडिया अजीब लग सकता है कि मच्छरों को खत्म करने के लिए और मच्छर क्यों छोड़े जा रहे हैं, लेकिन इसके पीछे का विज्ञान बहुत ही खास है।



इन विशेष मच्छरों को ऑक्सिटेक नाम की एक बायोटेक कंपनी ने लैब में तैयार किया है। लैब में सिर्फ मेल एडीज इजिप्टी मच्छरों को तैयार किया जाता है। इनके अंदर एक ऐसा मोडिफाइड जीन डाला गया है, जिससे पैदा होने वाली फीमेल संतानें वयस्क होने से पहले ही मर जाती है। चूंकि इंसानों को सिर्फ फीमेल मच्छर ही काटती हैं और डेंगू फैलाती हैं, इसलिए इस तकनीक से धीरे-धीरे डेंगू फैलाने वाले मच्छरों की आबादी खत्म हो जाती है। कंपनी के मुताबिक, जिन इलाकों में पहले इसका ट्रायल किया गया था, वहां मच्छरों की आबादी में 90% तक की भारी कमी देखी गई है।

# 30 सेकंड में 195 बार किस करके ब्राजील के इस डॉक्टर कपल ने बनाया अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के एक डॉक्टर कपल ने अपने प्यार को एक अनोखे मुकाम पर पहुंचाते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड) में अपना नाम दर्ज करा लिया है। 32 वर्षीय रेनाटो बायमा गैया और उनकी 33 वर्षीय गर्लफ्रेंड नायरा रोबर्टा रिबेरो डी मारिंस ने महज 30 सेकंड में एक-दूसरे को 195 बार किस (Kiss) करके एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। इस कपल ने यह खास उपलब्धि इंटरनेशनल किसिंग डे के मौके पर हासिल की है।




### हम दुनिया के सबसे बेहतरीन कपल हैं

रेनाटो और नायरा दोनों ही पेशे से डॉक्टर हैं और उन्होंने कोरोना महामारी के मुश्किल दौर में फ्रंटलाइन वर्कर के तौर पर लोगों की जान बचाई है। यह कपल पिछले डेढ़ साल से एक साथ है। एक साथ मिलकर इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने के पीछे उनका मानना है कि वे दुनिया के सबसे बेहतरीन कपल हैं। इसके जरिए रेनाटो अपनी गर्लफ्रेंड नायरा का नाम भी अपने साथ रिकॉर्ड बुक में हमेशा के लिए दर्ज कराना चाहते थे।

### सबसे ज्यादा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले ब्राजीलियाई नागरिक बने

रेनाटो के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराना कोई नई बात नहीं है। ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट रेनाटो खुद को जीत का आदी बताते हैं। वे इससे पहले सबसे तेजी से 10 किताबें सेट करके उन्हें गिराने (महज 6.68 सेकंड) और पैरों को सबसे ज्यादा घुमाने (210.66 डिग्री) का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं। इस नए टाइटल के साथ उन्हें लगता है कि वे सबसे ज्यादा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले ब्राजीलियाई नागरिक बन गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com